सूर्योदय : 6:00
सूर्यास्त : 5:47
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 24.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-127 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 14 अक्टूबर 2023
28 रबीउलअव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## सीएम योगी ने 219 प्रधानाचार्यों को नियुक्ति पत्र बांटे

# पारदर्शी तरीके से हो रही हैं भर्तियां

**मिशन रोजगार**

- जब तक नए शिक्षकों की न हो नियुक्ति, तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों की लें सेवाएं
- प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए चलाएं क्लासेज



> यह वही उत्तर प्रदेश है, जहां पिछली सरकारों में सुरक्षा में सेंध लगती थी। प्रदेश के नागरिक अपने आपको सुरक्षित नहीं महसूस कर पाते थे। अव्यवस्था और अराजकता का वातावरण होता था। दंगे और भ्रष्टाचार यहां की पहचान थे। निवेशक प्रदेश छोड़कर जा रहे थे। विगत छह वर्ष में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हमारी सरकार छह लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी देने में सफल रही है।

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब तक नए शिक्षकों की नियुक्ति न हो जाए तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों से ही सेवाएं ली जाएं। उन्हें एक फिक्स मानदेय दिया जाए।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में माध्यमिक शिक्षा के कॉलेज नकल के अड्डे बन गए थे, जिनमें ठेके पर नकल कराई जाती थी। पिछले छह वर्षों में इसमें सुधार हुआ है। गत वर्ष माध्यमिक शिक्षा परिषद के द्वारा संपन्न हुई हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा देश में एक नजीर बनी है। परिषद ने 15 दिन के अंदर 56 लाख विद्यार्थियों की नकलविहीन परीक्षा कराई और 15 दिन के अंदर ही परिणाम भी दे दिया। सीएम योगी ने शुक्रवार को लोकभवन में मिशन रोजगार के अंतर्गत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 219 प्रधानाचार्यों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य शिक्षण संस्थान की रीढ़ होते हैं। अगर प्रधानाचार्य अनुशासित रहकर कॉलेज में नई गतिविधियों और नवाचारों को बढ़ावा देते हैं तो उसके सार्थक परिणाम सामने आते हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानाचार्यों को विद्यालयों को रचनात्मक गतिविधियों का केंद्र बनाकर अभिभावकों से संवाद करना चाहिए। पारदर्शी तरीके से भर्तियां हो रही हैं। विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ देश-दुनिया और युवा कल्याण एवं महिला कल्याण से जुड़ी सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारी देनी चाहिए।

## यूपी विधानसभा व विधान परिषद में हुई नियुक्तियों की जांच पर लगी रोक

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा व विधान परिषद में हुई नियुक्तियों की सीबीआई जांच पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। यूपी विधान परिषद की स्पेशल अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला दिया है। आगे की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में होगी। गौरतलब है कि हाईकोर्ट के आदेश पर विधानसभा और विधान परिषद सचिवालय में हुई भर्तियों में फर्जीवाड़े की जांच सीबीआई कर रही थी। बता दें कि विधानसभा और विधान परिषद सचिवालय में हुई भर्तियों की जांच करने के लिए सीबीआई ने 22 सितंबर को प्रारंभिक जांच (पीई) दर्ज की थी। सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच ने चयनित अभ्यर्थियों के शैक्षणिक दस्तावेज, परीक्षा की ओएमआर शीट, परीक्षा कराने वाली एजेंसी के चयन की प्रक्रिया, शासनादेश, भर्तियों के लिए जारी किये गये विज्ञापन समेत कई बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी।

## महिलाओं को निरंतर कर रहा सशक्त : प्रदेश सरकार का मिशन शक्ति अभियानः चौथा चरण आज से शुरू

**अवधनामा ब्यूरो**




- नारी को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता

**लखनऊ।** महिलाओं को सशक्त बनाने के क्रम में प्रदेश सरकार का मिशन शक्ति महात्वाकांक्षी अभियान चौथे महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर रहा है। नारी को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता रही है। मिशन शक्ति महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए निश्चित ही एक अनूठा प्रयास है। प्रदेश सरकार नारी सशक्तिकरण के लिए प्रतिबध और प्रयासरत रही है।

अथक प्रयासों में प्रमुख के क्रम में महिला सम्बन्धी अपराधों की थानों में शक्ति मोबाइल का गठन किया गया है। महिला हेल्पडेस्क 1090 महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई। आधुनिक रिसेप्शन पर शिकायतकर्ता या पीड़ित को उससे सम्बन्धित सारी जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है। अब महिला हेल्पडेस्क पर शिकायत दर्ज होती है। महिला हेल्पलाइन 181 से महिला पुलिस बीट व महिला थानों के गठन से महिलाओं से संवाद स्थापित कर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने का कार्य किया जाता है।महिला कल्याण हेतु योजनाओं द्वारा महिलाओं को जागरूक किया जाता है। महिला साइबर सेल, साइबर पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत महिला साइबर सेल का गठन भी किया गया है। महिला साइबर सेल, इंटरनेट तथा अन्य सोशल मीडिया एप पर साइबर स्टॉकिंग एवं साइबर बुलिंग शिकायतों पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त मिशन शक्ति कक्ष प्रदेश के सभी ग्राम पंचायत भवनों में मिशन शक्ति कक्ष की स्थापना की गई है।

महिला अपराधों पर त्वरित कार्रवाई महिला एवं नाबालिगों के विरुद्ध अपराधों में अभियुक्तों को सजा दिलाई गयी। पॉक्सो अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू किया गया। महिला हेल्पलाइन 1090 सेवा में 99.55 प्रतिशत शिकायतों का त्वरित निस्तारण। प्रदेश में 3195 एंटी रोमियो स्क्वॉयड गठित किया गया।

# रामपुर कारतूस कांड में सभी दोषियों को कैद

- जुर्माना भी करना होगा अदा
- 13 साल बाद आया फैसला
- नक्सल जुड़ाव का लगा आरोप



**रामपुर।** रामपुर के चर्चित कारतूस कांड की 13 साल की सुनवाई और नौ गवाहों की गवाही के बाद आखिरकार 24 दोषियों को दस-दस साल की कैद और 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रताप सिंह मौर्य ने बताया कि सभी आरोपियों पर सजा समान रूप से चलेगी। सीआरपीएफ हवलदार विनोद कुमार और वीनेश कुमार को आर्म्स एक्ट में सात सात-साल की सजा और दस-दस हजार जुर्माने की सजा सुनाई गई है। इससे पहले कोर्ट ने बृहस्पतिवार को सभी आरोपियों को दोषी करार दे दिया था। इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। शुक्रवार दोपहर बाद सभी को जेल से कोर्ट में पेश किया गया। इसके बाद कोर्ट में सुनवाई के बाद उन्हें सजा सुनाई गई। उन पर सरकारी धन को नुकसान पहुंचाने, चोरी की संपत्ति को कब्जे में रखने, आपराधिक षड्यंत्र रचने के साथ ही आर्म्स एक्ट के तहत केस चला। एसटीएफ को दंतेवाड़ा में हुए नक्सली हमले में सीआरपीएफ के जवानों के शहीद होने के बाद खुफिया जानकारी मिली थी कि हमले में इस्तेमाल की गई कारतूस रामपुर से भेजी गई थी। सूचना के आधार पर एसटीएफ लखनऊ की टीम ने रामपुर में 29 अप्रैल 2010 को छापेमारी की थी।


## पीएम मोदी ने दिल्ली में 9वें जी-20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी-20) का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली में 9वें जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी20) का उद्घाटन किया। इसकी थीम 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद' रखी गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा- जी20 समिट, उस भारत-भूमि पर हो रही है, जो मदर ऑफ डेमोक्रेसी है। यह समिट एक प्रकार से दुनिया भर की संसदीय प्रथाओं का महाकुंभ है।

कार्यक्रम में 25 देशों के प्रिजाइडिंग ऑफिसर और जी 20 सदस्य देशों के 10 डिप्टी स्पीकर शामिल हुए। हालांकि, खालिस्तान विवाद के बीच कनाडा की स्पीकर रेमोंडे गैग्ने कार्यक्रम में नहीं आईं। प्रधानमंत्री ने कहा आतंकवाद को लेकर हम सभी को सख्ती बरतनी होगी। आतंकवाद की परिभाषा को लेकर आम सहमति ना बन पाना बहुत दुखद है। आज भी ह इसका इंतजार कर रहा है। दुनिया के इसी रवैया का फायदा मानवता के दुश्मन उठा रहे हैं। दुनिया भर के प्रतिनिधियों को सोचना होगा की आतंकवाद के खिलाफ हम कैसे काम कर सकते हैं। मोदी ने कहा करीब 20 साल पहले आतंकवादियों ने हमारी संसद को निशाना बनाया था। उस समय संसद का सत्र चल रहा था और आतंकवादियों की मंशा सांसदों को खत्म करने की थी। दुनिया को भी एहसास हो रहा है कि आतंकवाद दुनिया के लिए कितनी बड़ी चुनौती है। आतंकवाद जहां भी होता, किसी भी कारण, किसी भी रूप में होता वह मानवता के विरुद्ध होता है।

# संजय सिंह को कोर्ट से नहीं मिली राहत

- 14 दिन और बढ़ी संजय सिंह की न्यायिक हिरासत



**नई दिल्ली।** शराब घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप सांसद संजय सिंह को आज भी राहत नहीं मिली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने उनकी 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आज उनकी तीन दिन की ईडी हिरासत की अवधि समाप्त होने पर उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल के समक्ष पेश किया गया था। दोनों पक्षों को सुनने के बाद जज ने उन्हें 27 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को ही अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया था। हाई कोर्ट सिंह की याचिका पर शुक्रवार को ही सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया। उनके वकील ने मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव नरूला की खंडपीठ के समक्ष मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की बात कही थी। सिंह ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देते हुए कहा है कि वित्तीय जांच एजेंसी ने उन्हें गिरफ्तारी का आधार नहीं बताया है।

## ज्ञानवापी मस्जिद मामले में 16 को होगी सुनवाई

**वाराणसी।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को ज्ञानवापी मामले की सुनवाई हुई। इसमें मुस्लिम पक्ष ने कहा है कि प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट लागू होने के कारण ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर हिंदू पक्ष का दावा सुनवाई के लायक नहीं है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट कहता है कि किसी धार्मिक स्थल का स्वरूप बदला नहीं जा सकता है। ऐसे में ये देखना जरूरी होगा कि आजादी के वक्त यानी 15 अगस्त 1947 को ज्ञानवापी वाली जगह का क्या धार्मिक स्वरूप था। एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने कहा है, उस दिन जो धार्मिक स्वरूप होगा, उससे यह तय होगा कि क्या इस एक्ट के वजूद में रहने के बाद भी इस मामले को सुना जा सकता है या नहीं। इसके लिए सबूत लाने होंगे। सुप्रीम कोर्ट अब इस मामले में अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को करेगा।

**इजरायल-हमास युद्ध पर रूस ने तोड़ी चुप्पी**

# नागरिकों का हताहत होना बिल्कुल अस्वीकार्य होगा

- गाजा शहर की बिजली पानी व बुनियादी जरूरतों की आपूर्ति चुकी है बंद



**मॉस्को।** हमास के रॉकेट हमलों के बाद इस्राइल की ओर लगातार हमले जारी हैं। इस्राइली सेना हवाई हमलों के साथ ही गाजा शहर की घेराबंदी कर चुकी है और उसकी बिजली, पानी आदि बुनियादी जरूरतों की आपूर्ति बंद कर चुकी है। इस बीच, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि इस्राइल के जमीनी अभियान (ग्राउंड ऑपरेशन) से इतने ज्यादा लोग हताहत होंगे, जो बिल्कुल अस्वीकार्य होगा। पुतिन की ओर से यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब खुद उनका देश 24 फरवरी 2022 से यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ रहा है। उन्होंने यह बयान तब दिया है, जब इस्राइल की सेना ने गाजा शहर के 10 लाख से ज्यादा लोगों को चौबीस घंटे के भीतर उत्तरी क्षेत्र से दक्षिण में ट्रांसफर करने को कहा है। आतंकवादी संगठन हमास की ओर से सप्ताहांत में किए गए हमलों के जवाब में इस्राइली सेना ने टैंक इकट्ठा कर गाजा की घेराबंदी की है और अब इस बात की संभावना है कि वह जमीनी अभियान चलाएगा। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि आवासीय क्षेत्रों में भारी हथियारों के इस्तेमाल से सभी पक्षों के लिए गंभीर परिणाम हो सकते हैं।



## पुलिस ने शातिर ठगों को किया गिरफ्तार

**सीतापुर।** थाना पिसावां पुलिस टीम ने लखीमपुर खीरी के उचौलिया थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती निवासी आरिफ पुत्र तकदीर खां, रफीक पुत्र मौज अली को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि इन दोनों लोगों ने पिसावां थाना क्षेत्र के ग्राम हदीरा निवासी गोकरन पुत्र बिशेश्वर के बैंक खाते से धोखाधड़ी करके रुपए निकाल लिए थे।

पुलिस ने बताया कि गोकरन ने अज्ञात ठगों के खिलाफपिसावां थाने में केस दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच के दौरान दोनों ठगों का पता लगाया और उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि आरिफ व रफीक ने ही गोकरन के खाते से रुपए पार किए थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 80 हजार रुपये नगद, दो मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिवाकर प्रसाद मिश्र, पुलिसकर्मी अश्वनी ढाका, जितेन्द्र कुमार, अजय कुमार मौर्य शामिल हैं।

# डीएम-एसपी ने की जिला शान्ति समिति की बैठक



## नागरिकों से डीएम एसपी ने की अपील

डीएम व एसपी ने कहा कि जिले के अम्नो- अमान को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से संजीदा है। माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों से पूरी सख्ती के साथ निपटा जायेगा। डीएम व एसपी ने कहा कि उन्हें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि सभी के सहयोग से पूर्वकी भांति आगामी त्यौहार भी सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न होंगे। दुर्गा पूजा आयोजकों, राम लीला समितियों के पदाधिकारियों, जिले के संभ्रान्त नागरिकों से डीएम-एसपी ने अपील की। त्यौहारों के दौरान ऐसा आचरण रखें, जिससे किसी दूसरे व्यक्ति को कोई आपत्ति न हो। बैठक में एसडीएम श्रद्धा सिंह, नायब तहसीलदार सुनील कुमार, बड़ी संख्या में सभी संप्रदायों के धर्मगुरु मौजूद रहे।

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** खीरी में मां दुर्गा पूजा (नवरात्रि) तथा विजय दशमी (दशहरा) पर्व को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कलेक्ट्रेट में जिला शांति समिति की बैठक की, जिसमें बड़ी संख्या में सभी सम्प्रदाय के धर्मगुरु शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने सभी से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। अधिकारियों को व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने कहा कि खीरी अमन चैन के लिए मशहूर रहा है। इस परम्परा को कायम रखते हुए आगामी त्योहार भी सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं।उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इजरायल - फिलिस्तीन विवाद का जिक्र करते हुए भारत सरकार के विचारों के विपरीत किसी तरह की गतिविधि स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री जी एवं शासन के स्पष्ट निर्देश है। सोशल मीडिया हो अथवा धर्मस्थल कहीं से भी किसी भी प्रकार का उन्मादी बयान/वक्तव्य जारी न हों। यदि किसी के द्वारा ऐसा करने का प्रयास होगा, तो तत्परता के साथ उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। इसे प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराया जाए। डीएम ने कहा कि दुर्गा पूजा में डीजे, गीत-संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप ही हो। अभियान चलाकर धार्मिक स्थलों पर लगे लाउड स्पीकर की ध्वनि पूर्व की भांति मानक के अनुरुप निर्धारित कराई जाए।एसपी गणेश प्रसाद साहा ने अपील किया कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहारों को मनाए। शान्ति व्यवस्था के सम्बन्ध में यदि कहीं से कोई भी सूचना प्राप्त हो तो उसे तत्काल जिम्मेदार अधिकारियों के संज्ञान में अवश्य लाए।आतिशबाजी की दुकान अनुमन्य स्थान पर ही लगेगी, जहां अग्निशमन के सारे मानक पूरे हो।

## डीएम ने एमओ की अध्यक्षता में गठित की टीमें, करेगी मक्का गुणवत्ता का विश्लेषण

**लखीमपुर खीरी।** शासनादेश में दिये गये निर्देश के अनुपालन में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना के तहत मक्का क्रय केन्द्रों पर यदि कृषक के मक्का की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं है एवं कृषक संतुष्ट नहीं है तो यह तहसील स्तर पर कार्यरत क्षेत्रीय विपणन अधिकारी के यहाँ अपील कर सकता है। क्षेत्रीय विपणन अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति विलम्बतम 48 घण्टे में कृषक के सम्मुख विश्लेषण कर निर्णय लेगी। इस समिति में सम्बन्धित मण्डी सचिव के समिति/पेडर व सम्बन्धित केन्द्र प्रभारी, 02 स्वतन्त्र कृषक सदस्य होंगे।केन्द्र प्रभारी द्वारा किन्ही विशिष्ट परिस्थितियों में कृषकों द्वारा लाये गये मक्का को अस्वीकृत किये जाने पर रिजेक्शन रजिस्टर में मक्का विक्रेता का नाम व उसका पूरा पता, मोबाइल नम्बर, मक्का की मात्रा तथा अस्वीकृत करने का पर्याप्त एवं स्पष्ट कारण अंकित किया जायेगा। मांग किये जाने पर रिजेक्शन रजिस्टर सम्बन्धित किसानों, जन प्रतिनिधियों, निरीक्षणकर्ता अधिकारियों को दिखाया जायेगा।

# वायु प्रदूषण समस्या एवं समाधान विषय पर निबंध, पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला एन.सी.डी.सेल मुख्य चिकित्साधिकारी, लखीमपुर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में वायु प्रदूषण समस्या एवं समाधान विषय पर निबंध, पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन इपिडिनियोलाजिस्ट डॉ राकेश गुप्ता तथा एनएसएस प्रभारी प्रो. सुभाष चन्द्रा के निर्देशन में किया गया। पोस्टर, निबंध तथा भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागी छात्र / छात्राओं ने वायु। प्रदूषण से मानव जीवन एवं जीव-जन्तुओं के साथ-साथ वायु मण्डल में होने वाले दुस्प्रभावों के बारे में विमर्श कर इनको रोकने के विभिन्न उपायों के बारे में संदेश दिया। प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल में भाषण, पोस्टर एवं निबन्ध प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी कमश आस्था सिंह, साजिया खान तथा नेहा रस्तोगी को प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया तथा छात्र-छात्राओं को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने के लिये प्रेरित किया। उपरोक्त प्रतियोगिताओं में निर्णायक मण्डल के सदस्य के रूप में महाविद्यालय के असि प्रोफेसर मोहम्मद आमिर, दीपक कुमार बाजपेई, बृजेश शुक्ला, मानवेन्द्र यादव, सौरभ वर्मा, सतेन्द्र पाल सिंह, मोहम्मद नजीफ धर्म नारायण, विनयतोष गौतम रचित कुमार तथा विजय प्रताप सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसी कम में राष्ट्रीय सेवा योजना की टैगोर इकाई द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव÷ %मेरी मिट्टी, मेरा देश% अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा, मिट्टी एवं अक्षत संग्रहण व पंचप्रण प्रतिज्ञा %कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल एवं एनएसएस प्रभारी प्रो. सुभाष चन्द्रा, सांस्कृतिक समिति की संयोजक प्रो. नीलम त्रिवेदी, रोवर्स रेंजर्स प्रभारी प्रो. ज्योति पंत ने छात्र-छात्राओं के साथ मिट्टी एवं अक्षत संग्रहण कर पंचप्रण की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं बडी संख्या में छात्र / छात्राएं उपस्थित रहे।

# योग पर परिचर्चा आयोजित



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** डॉ भीमराव आंबेडकर पीजी कालेज मुरादनगर में %योग प्राण विद्या उपचार% विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पी. एन. प्रसाद पूर्व परीक्षा नियंत्रक एवं कुल सचिव छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर ने कहा कि योग से सारे रोग समाप्त करके स्वास्थ समाज का निर्माण हम कर सकते हैं। बी एम योगी योगाचार्य ने शरीर विज्ञान पर अपना सारगर्भित वक्तव्य दिया। अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य डॉ.कैलाश नाथ ने की। संचालन रमाकांत ने किया। उप प्राचार्य जितेंद्र सिंह,डॉ श्री प्रकाश, कौशल किशोर, मुकेश कुमार, विशाल बाजपेयी, प्रीतम जायसवाल, अखिलेश कुमार, के.के शुक्ला, रमेश कुमार सहित तमाम छात्र-छात्राएं व स्टाफ मौजूद रहा।

## रामलीला का शुभारंभ

**सीतापुर।** पिसावां के मडैया बाबा देव स्थान पर शुक्रवार को रामलीला मंचन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राम लीला कमेटी के अध्यक्ष विमल सिंह ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राम लीला मंचन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मडैया बाबा के मंदिर पर पहले दीपक व लालटेन की रोशनी से शुरुआत हुई थी। जिसमें मुख्य रूप से गांव के ही बुजुर्ग, युवक , युवक बच्चे राम लीला मंचन का कलाकारों के आधार पर पात्रों को पहले ही तय कर दिया जाता।

## धान खरीद प्रारंभ

सीतापुर। ग्रामीण क्षेत्र के किसानों की धान बिक्री के लिए राजकीय धान खरीद केंद्र खोले गए हैं। महोली के खाद एवं रसद विभाग के गोदाम में अभी तक 135 कुंतल 60 किलो धान की खरीद की गई है। यहां पर धान लेकर आए किसान सरदार जरनैल सिंह ने बताया कि करीब 70 कुंटल धान उनका तौला गया है। जिसका सामान्य रेट 2183 रुपया प्रति कुंतल है।

# छत्रपति महराज अग्रसेन की जयंती पर 14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** छत्रपति महाराज अग्रसेन जयंती अग्रवाल सभा धूमधाम से मनाएगी। इस मौके 14 अक्टूबर से लेकर 16 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए हैं। यह जानकारी प्रेसवार्ता के दौरान अग्रवाल सभा के महामंत्री आकाश अग्रवाल बजरंगी ने दी।

आकाश अग्रवाल बजरंगी ने बताया कि 14 अक्टूबर को सर्व समाज की तरफ से क्रिकेट मैच का आयोजन आरएमपी इंटर कॉलेज में किया जाएगा। दोपहर को तरण ताल में बैडमिंटन मैच आयोजित होगा। 15 अक्टूबर को अग्रसेन अतिथि भवन में ध्वजारोहण किया जाएगा। सुबह साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन महावीर उद्यान से किया जाएगा। दोपहर 12 बजे अग्रसेन अतिथि भवन से भव्य शोभायात्रा निकल जाएगी। सायं काल 5 बजे महाराज अग्रसेन जी की आरती की जाएगी। इसी दौरान ईश्वर तेरे रूप अनेक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें बच्चों द्वारा ईश्वर के स्वरूप झांकी होंगी। सायं 6 बजे बुजुर्गों का सम्मान किया जाएगा। 7 बजे लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन स्कूली बच्चों द्वारा किया जाएगा। साढ़े 7 बजे लोक नृत्य एकल का कार्यक्रम किया जाएगा। रात्रि 8:30 बजे बाबा की रसोई कार्यक्रम आयोजित होगा। 16 अक्टूबर को अग्रवाल महिला सभा के कार्यक्रम होंगे। जिसमे बांसुरी सजना, छतरी सजना, कान्हा की पगड़ी सजना कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सायंकाल महाराज अग्रसेन जी की आरती की जाएगी। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया है। मेधावी बच्चों का सम्मान किया जाएगा। रात्रि में 10 बजे भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। प्रेस वार्ता के दौरान अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय बंसल, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष अरविंद जिंदल आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल के साथ विभिन्न स्थानों पर किया गया पैदल गश्त



**लखीमपुर खीरी।** कानून व शांति-व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य एवं आगामी त्योहारों के दृष्टिगत तथा आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने हेतु पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली सदर क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर पैदल गश्त किया गया पुलिस अधीक्षक द्वारा सदर कोतवाली का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया एवं आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु कोतवाली सदर पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## खीरी में चार खरीद केंद्रों पर 500 मी.टन की होगी खरीद, लक्ष्य निर्धारित

**लखीमपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना के तहत आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग लखनऊ द्वारा जनपद खीरी का मक्का क्रय लक्ष्य 500 मी.टन निर्धारित है। यह जानकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दी। जनपद खीरी में विपणन शाखा के 04 स्वीकृत मक्का क्रय केन्द्रों के माध्यम से लखीमपुर मण्डी, गोला मण्डी, पलिया मण्डी, तिकुनिया मण्डी में 125 मी.टन प्रति मक्का क्रय केंद्र लक्ष्य नियत है। सम्बन्धित केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि आवंटित क्रय लक्ष्य की नियमानुसार शत्-प्रतिशत प्राप्ति करना सुनिश्चित करें।

## मक्का क्रय, भण्डारण के लिए डीएम ने एसडीएम को बनाया नोडल

**लखीमपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना के तहत क्रयनीति विषयक शासनादेश में दी व्यवस्था के अनुसार डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जनपद खीरी में कृषकों से मक्का क्रय एवं भण्डारण के निमित्त के लिए तहसील सदर, गोला, पलिया एवं निघासन के एसडीएम को उनकी तहसील परगना हेतु नोडल अधिकारी नामित किया। निर्देश दिए कि इस कार्य में सम्बन्धित तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी द्वारा समन्वय रखा जायेगा।

## अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं 01 लाख 05 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा

**लखीमपुर खीरी।** खीरी पुलिस एवं जिला शासकीय अधिवक्ता की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय ए.डी.जे./एफ0टी0सी0 द्वारा ÷वर्ष 2015 में थाना खीरी क्षेत्र में 7 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने÷ के अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं 01 लाख 05 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई खीरी पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी के क्रम में आज दिनांक 13.10.2023 को न्यायालय ए.डी.जे./एफ0टी0सी0 के द्वारा वर्ष 2015 में थाना खीरी क्षेत्र में 7 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने के अभियोग में एक अभियुक्त को दंडित किया गया है, जिनका विवरण निम्नवत् है थाना खीरी पर पंजीकृत *मु0अ0सं0 113/15 धारा 302/201/376 भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट से संबन्धित अभियुक्त महबूब पुत्र वसीर निवासी खत्री टोला कस्बा व थाना खीरी को आजीवन कारावास एवं 01 लाख 05 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

# उपभोक्ताओं के आ रहे दो-दो बिल, ग्रामीण परेशान, किससे करें शिकायत

*अवधनामा संवाददाता*

सीतापुर। पिसावां इलाके में बिजली विभाग एक-एक उपभोक्ता पर दो-दो कनेक्शन दिखा रहा है। वहीं दो-दो कनेक्शन के बिल भी भेज रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि तमाम शिकायतों के बावजूद भी बिजली विभाग ध्यान नहीं दे रहा है और ग्रामीणों का उत्पीड़न कर रहा है।

पिसावां निवासी विमलेश सिं, गुलाब सिंह, रामा सिंह, रामकुमार, कल्लू, भगवान दीन, राम सागर पाल , सतीश कश्यप, मलिखान सिंह, तारा देवी आदि ने बताया कि उनके घर में कनेक्शन तो एक है, लेकिन बिल दो-दो कनेक्शन के आ रहे हैं। यह समस्या केवल पिसावां में ही नहीं बल्कि क्षेत्र के नेवादा, बरम्हौली, चौकनिया बिचपरिया, विभरापुर आदि दर्जनों गांवों की हैं। जहां से सैकड़ों उपभोक्ता परेशान हैं। उपभोक्ताओं ने बताया कि इस बात की शिकायत बिजली विभाग के अधिकारियों से की है। लेकिन अभी तक बिजली विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। उल्टे बिजली विभाग के अधिकारी बता रहे हैं कि प्रत्येक घर में एक मीटर वाला कनेक्शन व दूसरा बिना मीटर वाला कनेक्शन है। दोनों कनेक्शन बताकर बिल भेजे जा रहे हैं। उपकेंद्र के अवर अभियंता सुनील कुमार कनौजिया ने बताया क्षेत्र के घरों मे ठेकेदार द्वारा वर्ष 2018 मे मीटर लगाये थे। जिन्होंने मीटर लगा कर दूसरा कनेक्शन कर दिया। बताया शिकायत करने वाले उपभोक्ताओं के सौ के लग भग कनेक्शन बंद किये गये है। उन्होंने बताया पुराने कनेक्शन का बिल जमा कराया जा रहा है। नये कनेक्शन की शिकायत मिलने पर बंद किया जा रहा है।

## नैमिषारण्य का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

सीतापुर। अमावस्या और नवरात्रि की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने संयुक्त रूप से नैमिषारण्य का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने ललिता देवी मंदिर में कुण्ड व परिसर की सफाई में लापरवाही बरतने पर सफाई नायक नितिन को चेतावनी दी। दो घंटे के अंदर सफाई न होने पर नौकरी से निलंबित करने को कहा। उन्होनें अधिशासी अधिकारी नगर पालिका और जिला पंचायती राज अधिकारी को संयुक्त रूप से सफाई करवाने के निर्देशित किया। उन्होनें दुकानदारों द्वारा नालियों में पन्नी और गंदगी के लिये फटकार लगाते हुये कहा कि अपनी दुकानों के सामने सफाई का विशेष ध्यान रखा जायें। उन्होनें बजबजाती नालियों की सफाई कराने के साथ ही दुकानों के सामने कूड़ादान रखने के निर्देश भी दिये। उन्होनें कहा कि जो दुकानदार सफाई न रखे और गंदगी फैलाये तो उस दुकानदार का चलान भी किया जाये। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी विद्युत को निर्देश दिये कि विद्युत के सभी पोलो को चेक करवा ले ताकि कोई अप्रिय घटना न हो पाये व प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाये। उन्होनें पुलिस अधिकारियों से अमावस्या व नवरात्रों में श्रद्धालुओं के आने-जाने वाले रास्ते व पार्किंग की भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि जो भी छोटी छोटी रोड है उनको भी ठीक करवा ली जाये। ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पडे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने ललिता देवी से चक्रतीर्थ तक पैदल रोड मार्च किया गया। उन्होंने चक्रतीर्थ पर पहुंचकर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व उपजिलाधिकारी को चक्रतीर्थ के मुख्य द्वार की साफ-सफाई और चक्रतीर्थ परिसर में अतिक्रमण को हटाने हेतु निर्देशित किया। चक्रतीर्थ कुण्ड के अंदर जाल डालकर लगातार सफाई करवाने को कहा। गोताखोर की तैनाती के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि मंदिर परिसर का ठेका ऐसे लोगो को दिया जाये जो माफिया न हो और व चक्रतीर्थ के परिसर को साफ भी रखे। उन्होने कडे शब्दों में कहा कि नैमिषारण्य मे माफियाओं के लिये कोई स्थान नहीं है।

# परिषदीय विद्यालयों का संयुक्त शिक्षा निदेशक ने किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** कसमंडा विकास खंड क्षेत्र में प्रभारी संयुक्त शिक्षा निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद डॉक्टर आशुतोष दुबे ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कसमंडा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में छात्राओं से शिक्षा संबंधित प्रश्नों का सवाल जवाब किया।

उन्होंने रसोई घर, आवास एवं अभिलेखों का बारीकी निरीक्षण किया। उसके बाद कंपोजिट विद्यालय सरैयां अकबरपुर में पहुंचकर कक्षा 8 की छात्रा शिवांकी एवं जानवी से गणित एवं विज्ञान के प्रश्नों को पूछा। जोड़ घटाना बोर्ड पर लगवाया। जो छात्र के द्वारा सही लगाया गया। साथ ही बीआरसी कसमंडा में भी अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्रभात मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी संतोष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## आईथिंक लॉजिस्टिक्स और इंडिया पोस्ट ने देश के हर कोने में ई-कॉमर्स डिलीवरीज को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी की

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आईथिंक लॉजिस्टिक्स, भारत के प्रमुख शिपिंग प्लेटफॉर्म्स में से एक और आधुनिक लॉजिस्टिक्स टेक्नोलॉजी के लिहाज से एक जानेमाने नाम, ने देश के प्रमुख पोस्टल नेटवर्क इंडिया पोस्ट के साथ साझेदारी की है। इस गठबंधन की मदद से टेक्नोलॉजी को शामिल किया जाएगा, जो लास्ट-माइल डिलीवरी के पूरे माहौल को नयापन देगी। इस रणनीतिक साझेदारी से भारत में डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर (डी2सी) स्टार्टअप्स और स्मॉल एण्ड मीडियम बिजनेसेस (एसएमबी) को बड़ा फायदा होगा। इस सहयोग के केन्द्र में डी2सी व्यवसायों को अपनी पहुँच शहरी केन्द्रों से आगे बढ़ाने के लिये मजबूत करने का साझा मिशन है। दूसरे और तीसरे दर्जे के शहरों में ई-कॉमर्स की पहुँच 2022 में शानदार तरीके से 21.4% और 41.5% रही है। मार्केटप्लेस की बड़ी कंपनियों, जैसे कि फ्लिपकार्ट, मिंत्रा और मीशो ने इन क्षेत्रों में मजबूती से पहुँच बनाई है, लेकिन स्वतंत्र ई-कॉमर्स ब्राण्ड्स अक्सर सीमित उपयोगिता की चुनौती का सामना करते हैं। आईथिंक लॉजिस्टिक्स की को-फाउंडर सुश्री ज़ैबा सारंग ने कहा, हम इंडिया पोस्ट के साथ इस बेहतरीन साझेदारी को लेकर वाकई उत्साहित हैं। हमारे बीच हुआ सहयोग आइडिया एवं इनोवेशन का संयोजन करने का प्रतीक है, जिसमें हम इंडिया पोस्ट की व्यापक पहुँच एवं टेक्नोलॉजी की शक्ति से डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर स्टार्टअप्स और स्मॉल एंड मीडियम बिजनेसेस को लॉजिस्टिक एक्सीलेंस के नये जमाने में बढ़ावा देंगे। इस गठजोड़ के साथ हम न सिर्फ भौगोलिक दूरियों को कम कर रहे हैं, बल्कि सभी आकार के बिजनेसेस को ई-कॉमर्स की पूरी क्षमता का फायदा उठाने के लिये मजबूत भी कर रहे हैं, जिससे कि उत्पादों का ग्राहकों तक पहुँचने का तरीका और ग्राहक अनुभव बदलेगा।

# राज्य पुरस्कृत शिक्षक शिवशरण सिंह प्रदेश के बने लीडर ट्रेनर स्काउट प्रतिनिधि



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** स्काउटिंग की हर विधा को सीखने में माहिर जिला स्काउट मास्टर को अब लीडर ट्रेनर स्काउट प्रतिनिधि बनाया गया। भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश के मुख्यायुक्त डॉक्टर प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने शिव शरण सिंह को प्रदेश के लीडर ट्रेनर स्काउट का प्रतिनिधि नामित किया है।

राज्य पुरस्कृत शिक्षक शिव शरण सिंह वर्तमान में लीडर ट्रेनर स्काउट के साथ जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट एवं जिला स्काउट मास्टर रायबरेली के पद के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। इन्हें लोग रक्तदानी महादानी के नाम से भी जानते हैं। अब तक 50 से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं। मुख्यायुक्त ने स्काउटिंग, शिक्षा व समाज सेवा के क्षेत्र में इनके सराहनीय योगदान को देखते हुए प्रदेश लीडर ट्रेनर स्काउट का प्रतिनिधि बनाया गया है। शिव शरण सिंह को प्रदेश लीडर ट्रेनर स्काउट प्रतिनिधि बनाए जाने पर जिला मुख्यायुक्त एवं जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, जिला उपाध्यक्ष एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह, स्काउट कमिश्नर रत्नेश कुमार श्रीवास्तव, गाइड कमिश्नर स्मिता मिश्रा, खण्ड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार कनौजिया, बृजलाल वर्मा, सुरेंद्र कुमार मौर्य, प्रियंका सिंह, रत्नामणि मिश्रा, स्काउट सचिव शत्रुघ्न सिंह, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार त्रिवेदी शिवेंद्र सिंह रूपेश कुमार, किरन शुक्ला, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के संरक्षक समर बहादुर सिंह, जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव, महामंत्री सियाराम सोनकर, शिव सागर पाल, शांति अकेला, साधना शर्मा, सुरेंद्र कुमार वर्मा, विक्रमादित्य सिंह, नीलम पटेल, लक्ष्मी सिंह सुनीता सिंह, सुरेश सिंह, प्रवेश कुमार, मनीष कुमार, विजय पाल सिंह, दीपक कुमार, उमा शंकर, लाल बहादुर यादव स्काउटिंग व शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने बधाई दी।

## जिलाधिकारी ने की कर करेत्तर के कार्यो की प्रगति समीक्षा

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कर करेत्तर के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में हुई। जिलाधिकारी ने परिवहन,आबकारी,सिंचाई, विद्युत,वन,व्यापार कर,खनन,स्टाम्प,नगर निकाय सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली के कार्यों की समीक्षा की तथा कम वसूली करने वाले विभागों को प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम,तहसीलदार व नायब तहसीलदार को निर्देश दिये कि वरासत व अन्य राजस्व के कार्यों सहित जन समस्याएं सुनकर मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि अपने क्षेत्रों में राजस्व कार्यो की प्रगति के लिए नियमित रुप से निरीक्षण कर कार्यवाही करें। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारी से कहा कि अवैध वाहनों एवं यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर चालान करने की भी कार्यवाही नियमानुसार की जाए। जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर विभाग को निर्देश दिया कि प्रवर्तन का कार्य बढ़ाये और नियमानुसार कर आदि की वसूली को सुनिश्चित कर लक्ष्य को प्राप्त करे। वन विभाग को निर्देश दिया कि वह कार्य में सुधार लाएं अन्यथा उनकी जगह पुलिस विभाग को कार्य में प्रगति लाने के लिए निर्देश दिया जाएगा। सिंचाई विभाग से नहरों के रख रखाव और क्षेत्र को दिए गए लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए।मंडी सचिवों को निर्देश दिया कि सीसीटीवी कैमरों को सही करा लिया जाए। साथ ही मंडी के प्रवेश और निकासी गेट को सुरक्षित करा लिया जाए। नगर पालिका से बोर्ड फण्ड की जानकारी ली। लालगंज ईओ की प्रगति ठीक ना होने पर उन्हें निर्देश दिया कि कार्य मे सुधार लाये।

## किसान नेता के विरुद्ध दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट के विरोध में भाकियू ने थाने को घेरा

**गौतमबुद्धनगर।** भारतीय किसान यूनियन ने किसान नेताओं के विरूद्ध दर्ज कराई गई स्नद्धक्रको बड़ी साजिश करार दिया है। इस FIR के विरोध में भाकियू ने नोएडा के सेक्टर-49 के थाने को घेर लिया है। यह पूरा मामला नोएडा शहर के प्रसिद्ध गांव बरौला में स्थित जमीन के एक टुकड़े से जुड़ा हुआ है। किसान नेताओं का आरोप है कि नोएडा कमिश्नरी की पुलिस साजिश करके किसान नेताओं को झूठे मामले में फंसाना चाहती है।

**नोएडा सेक्टर-49 का थाना घेरा**

भारतीय किसान यूनियन के झंडे व बैनर लेकर बड़ी संख्या में किसान नोएडा के सेक्टर-49 थाने पर पहुंच रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक हजारों किसानों ने नोएडा के सेक्टर-49 थाने का घेराव कर लिया था। घेराव का नेतृत्व किसान नेता पवन खटाना कर रहे हैं। पवन खटाना ने आरोप लगाया कि उनके नेतृत्व में चल रहे किसानों के आंदोलन से जिला प्रशासन व नोएडा कमिश्नरी की पुलिस घबरा गई है। उसी घबराहट के कारण उनके तथा उनके साथियों के खिलाफ फर्जी एफआईआरज़ दर्ज कराई गई है। उन्होंने कहा कि हम किसानों व मजदूरों की लड़ाई लड़ रहे हैं। हम जेल जाने के लिए तैयार हैं। प्रशासन अपनी जेल के दरवाजे खोल दे। हमें जेल जाने से डर नहीं लगता।

## गाज़ियाबाद में आवकारी विभाग की टीम ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाज़ियाबाद में आवकारी विभाग ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है आपको बता दे थाना अंकुर विहार क्षेत्र के इनाम विहार कॉलोनी स्थित एक गोदाम में चंडीगढ़ से तस्करी कर लाई गई। चार वाहनों सहित अवैध शराब को मेरठ प्रवर्तन आबकारी टीम और गाज़ियाबाद की टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देते हुए 167 पेटी बरामद की है जिसमें 39 पेटी अंग्रेजी मार्का 128 पेटी शराब बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ़्तार किया है।

# डीएम ने की मिशन शक्ति अभियान को लेकर अधिकारियों संग बैठक

अवधनामा संवाददाता



विशेष अभियान का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलाम्बन हेतु किया जा रहा

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने शारदीय नवरात्रि के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज-04 के सफल संचालन के उद्देश्य से संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि सभी अधिकारी आज शाम तक प्रत्येक दशा में कार्ययोजना तैयार कर उपयुक्त एन.आर.एल.एम. को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि विशेष अभियान का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलाम्बन हेतु किया जा रहा है, अभियान के अंतर्गत दि. 14 अक्टूबर को पुलिस लाइन से अहिल्याबाई होल्कर चौराहे से होते हुए वीरांगना अवंतीबाई चौक, ईसन नदी पुल, तहसील सदर, कोतवाली, क्रिश्चियन तिराहा होते हुए संता-बसंता चौराहा, बड़ा चौराहा, आगरा गेट पुलिस चौकी, मंडी होते हुए करहल चौराहा, भांवत चौराहा, राधा रमन रोड से कलेक्ट्रेट पर समाप्त होगी, रैली में चार पहिया, दुपहिया वाहनों से जन-जागरूकता हेतु महिला सशक्तिकरण रैली निकाली जाएगी, जिसमें 112 पी.आर.बी. वाहन तथा एंबुलेंस भी सम्मिलित रहेगी, 01 वाहन पब्लिक एड्रेस सिस्टम से युक्त होगा जिससे मिशन शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित गीत प्रसारित होंगे, 02 चार पहिया वाहनों एवं 10 दुपहिया वाहनों पर विभिन्न योजनाओं के पोस्टर, बैनर व मिशन शक्ति के प्रतीक चिन्ह प्रदर्शित रहेंगे, अन्य वाहनों पर मिशन शक्ति अभियान, निराश्रित महिला पेंशन योजना, जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, राज्य-केंद्र सरकार की महिला सशक्तिकरण रोजगार एवं सुरक्षा से संबंधित बैनर, पोस्टर रहेंगे। उन्होंने बताया की रैली में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, कुं. आर.सी. कन्या इंटर कॉलेज, गंगा सहाय कन्या इंटर कॉलेज की बालिकाओं के साथ नगर पालिका परिषद की कम से कम 100 महिला सफाई कर्मियों की सहभागिता सुनिश्चित कराई जाएगी। श्री सिंह ने बताया कि रैली के उपरांत मिशन शक्ति के विशेष अभियान का शुभारंभ मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा दि. 14 अक्टूबर को लोक भवन में प्रातः 11 बजे से किया जाएगा, उक्त शुभारंभ का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में होगा। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के दौरान जनपद के बेसिक, माध्यमिक शिक्षा के विद्यार्थियों को साथ जोड़ते हुए उनके द्वारा जागरूकता हेतु प्रभात फेरियां निकाली जाएगी, जन-जागरूकता अभियान के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम का प्रयोग किया जाएगा, मिशन शक्ति अभियान से जुड़े सभी विभागों द्वारा 14, 15 अक्टूबर को जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत, नगर निकाय वार्ड में सप्ताह में एक दिन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## सेवामित्र पोर्टल का संचालन किया गया

**मैनपुरी।** सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी विकास मिश्रा ने बताया कि सेवायोजन विभाग द्वारा सेवामित्र पोर्टल का संचालन किया जा रहा है, पोर्टल के माध्यम से जनपद के ऐसे नियोजक, दुकानदार जो जन सामान्य सेवायें, जैसे प्लम्बर, ब्यूटीशियन, टेलर्स, कारपेन्टर, ड्राइवर, टूर एण्ड टेऊवल्स, मोटर मैकेनिंक, इलैक्ट्रीशिन, फ्रिज, ए.सी. मैकेनिंक, आर.ओ. टेक्नीशियन, हेयर कटिंग एवं सैलून, मसाज आदि प्रकार की सेवायें उपलब्ध कराते है, वह संस्थान सेवायोजन विभाग द्वारा संचालित सेवामित्र पोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकते है, पंजीयन कराने के उपरान्त संस्थान द्वारा अपने यहाँ काम करने वाले कारीगरों को वह सेवामित्र के रूप में जोड़ सकते है, ऑनलाइन प्लेटफार्म होने के कारण कोई भी आम व्यक्ति अपनी आवश्यकता के अनुसार पोर्टल के माध्यम से उक्त सेवाओं का लाभ प्रतिस्पर्धात्मक कीमत में प्राप्त कर सकता है, अधिक जानकारी के लिए ट्रोल फ्री नं.- 155330 या जिला सेवायोजन कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

# भूकंप व इमारत ढहना आपदा में बचाव कार्य पर एनडीआरएफ टीम ने कराया मॉकड्रिल

अवधनामा ब्यूरो



आपदा से बचाव हेतु जानकारी देते मनोज कुमार



माक ड्रिल कराते एनडीआरएफ टीम

**कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकृत दिवस के अवसर पर एनडीआरएफ के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के मार्ग दर्शन और उपजिलाधिकारी सदर की देखरेख में सदर तहसील पडरौना के एक स्कूल कुशीनगर में भूकंप व इमारत ढहना, आगजनी का मेगा मॉक ड्रिल अभ्यास कराया गया।

आपदा में रीजनल रिस्पांस सेंटर (आरआरसी) गोरखपुर के उप कमांडेंट संतोष कुमार के नेतृत्व में एनडीआरएफ गोरखपुर टीम व लोकल पुलिस, होमगार्ड, फायर डिपार्टमेंट, वेटरनरी डिपार्टमेंट, चिकित्सा विभाग, आपदा मित्र, कुशीनगर जनपद स्तरीय अधिकारी की देखरेख में और स्कूल के लोगों के द्वारा किसी भी प्रकार की भूकंप व इमारत ढहने पर खोज, राहत व बचाव कार्य हेतु मॉक व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ संयुक्त अभ्यास किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य घायल व चोटिल व्यक्तियों को अमूल्य जीवन की रक्षा करना सभी रिस्पांस एजेंसी का रिस्पांस चेक करना वह सभी होल्डर के बीच में आपसी सामान्य स्थापित करना है तथा इस मेगा मॉक अभ्यास द्वारा खोज राहत व बचाव कार्य के संचालन में आने वाली कमियों की समीक्षा कर उन्हें दूर करना भी है। इस दौरान एसडीएम पडरौना, डॉ सुरेश पटरिया सीएमओ, बेसिक शिक्षा अधिकारी, अपर जिला सूचना अधिकारी राहुल कुमार, एनडीआरएफ के उप कमांडेंट संतोष कुमार, निरीक्षक गोपी गुप्ता, उप निरीक्षक जय प्रकाश कुमार, विद्यालय प्रबंधक, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अन्य रेस्क्यू मौजूद रहे।

# हम सिर्फ पीड़ित गरीब है और असहाय लोगो की मदद करते हैं: शलभ मणि

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** देवरिया के लोकप्रिय विधायक शलभ मणि ने जिस प्रकार फतेहपुर हत्याकांड में बचे दुबे परिवार के दो बच्चों के सर हाथ रखकर हर सम्भव मदद करने का संकल्प लिया है उसी क्रम में जमीनी विवाद में देवरिया के सच्चिदानंद चौहान भी जब भूमाफियाओं के द्वारा मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया जो जीवन व मौत से सघर्ष करते अंततः हार गए उनके घर भी पहुँच कर आज उनके मासूम बच्चे के अनाथ होने पर साथ खड़े रहने का विश्वास दिलाया।

उन्होंने कहाँ की परिवार दर परिवार न्याय के लिए दर दर भटकने पर मजबूर हो जाते हैं, और भूमाफिया सीना ताने प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर खुलेआम घूमते रहते हैं। आपको बताते चलें कि ये मासूम बच्चा स्व0 सच्चिदानंद चौहान का बेटा है जिन्हे पिछले दिनों जमीनी विवाद में भू माफियाओं द्वारा इस कदर गम्भीर रूप से घायल किया गया अस्पताल में भगवान कहे जाने वाले डॉक्टर भी प्रयास में विफल हो गए और मौत जीत गयी। अनाथ हुए इस मासूम के सर पर जो हांथ है, यह वहीं हांथ है जो पिछले दिनों देवेश दूबे के कन्धों पर दिखी, ये वहीं हांथ है जो असहाय दीपक मणि को एक कुख्यात भू माफिया और दबंग जिला पंचायत अध्यक्ष रहे के चंगुल से मुक्त कराया और दीपक मणि को न्याय दिलाया, यह वहीं हांथ है जो बासडिला के संजय सिंह के मासूम बच्चों को न्याय दिलाने के लिए मुखर हुआ और भू माफिया बुटवल यादव और राकेश यादव को जेल भेजवाया, यह वहीं हांथ है जो इशारु में हुए एक गरीब के निर्मम हत्या के विरुद्ध सबसे पहले उठी और उस परिवार को न्याय दिलाने का संकल्प लिया, ये वहीं हांथ है जो हर अन्याय के विरुद्ध सबसे पहले उठा है, और न्याय दिलाया है। जिसका नाम है, जिसका नाम अदब के साथ शलभ मणि के नाम से प्रसिद्ध है देवरिया के जनमानस में शलभ ने सुलभ का छाप छोड़ दिया है।देवरिया के लोकप्रिय विधायक शलभ मणि ने जो न्याय दिलाने का संकल्प लिया है उससे पीड़ित परिवारों को दर दर भटकना नही पड़ेगा। जब हमारे पत्रकार ने शलभ जी से यह जानने की कोशिश की की आप की छवि को दागदार करने की कोशिश में एक पार्टी लगी है तो उन्होंने कहा कि मैं पीड़ित का मदद करता हूँ करता रहूँगा।

## बाढ़ से उखड़ी सड़कों की गिट्टी लोगों को चुभ रही, स्कूल के सामने है शराब ठेका

अवधनामा संवाददाता

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** बाढ़ से कटी सड़के किसी तालाब से काम नहीं लगती। उखड़ी पड़ी सड़कों पर अभी तक शासन और प्रशासन द्वारा ठीक नहीं कराई जा रही हैं। स्कूली बच्चों और राहगीरों के पैरों में उखड़ी हुई गिट्टियां चुभ रही हैं कई गांव में अभी भी एंबुलेंस की सुविधा टूटी हुई सड़कों के कारण नहीं मिल पा रही। कस्बा अमृतपुर में मुख्य सड़क पर पानी भरा हुआ है। जिसके कारण ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो रहा है।

अमृतपुर विधानसभा होते हुए भी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। अमृतपुर में कोई भी रोडवेज बस स्टैंड नहीं है न ही एटीएम मशीन की कोई अच्छी सुविधा है। मुख्य सड़क पर ही सरकारी देसी व अंग्रेजी शराब तथा बियर का ठेका है जबकि ठीक उसके सामने विद्यालय बना हुआ है। विद्यालय के चारों ओर शराब की बोतल पड़ी रहतीं है। जिनका बच्चों पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। एक तरफ सरकार युवाओं को नए-नए रोजगार देने के उपाय बता रही है लगातार शिक्षा पर जोर देने के लिए प्रयास कर रही है। वहीं दूसरी तरफ विद्यालय के समीप शराब का ठेका है लेकिन उसे पर प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। कुछ समाजसेवियों नें बताया है कि विद्यालय के समीप शराब का ठेका होने के कारण बच्चों पर इसका दुष्प्रभाव पड़ता है।कुछ समाजसेवियों ने बताया है कि शाम को इस रास्ते से निकलना मुश्किल हो जाता है क्योंकि शाम को सभी शराबी लाइन में लगकर शराब खरीदते और वहीं पर खड़े होकर पीते है जिससे आपस में लड़ाई झगड़ा व गाली गलौज करते हैं। इस कारण बहू बेटियों का निकलना मुश्किल हो रहा है।सड़क पर भर रहे पानी के संबंध में ग्राम प्रधान सचिन देव तिवारी ने बताया है कि इस संबंध में तहसील समाधान दिवस पर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह को लिखित प्रार्थना पत्र भी दिया था। जिसकी जांच तो की गई लेकिन निस्तारण अभी तक नहीं किया गया।

## अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की तादात

अवधनामा संवाददाता





**अमेठी।** मौसम के बदलते तेवर के कारण इन दिनों अस्पतालों में मरीजों की तादाद बढ़ गई है। जुखाम बुखार के साथ आंखों से पीड़ित मरीज अस्पतालों में ज्यादा आ रहे हैं। नेत्र रोग कड़ी धूप के कारण या मौसम के प्रभाव के कारण लोगों में ज्यादा दिखाई दे रहा है। पिछले सप्ताह से मौसम में काफी बदलाव हो गया है दिन में तेज धूप हो रही है लेकिन सुबह शाम सर्दी का एहसास होने लगा है। परिणाम यह की लोग जुखाम और बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। पीड़ित लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं जिससे अस्पतालों में मरीजों की भीड़ उमड़ रही है बड़ी संख्या में ओपीडी हो रही है इसके अलावा प्राइवेट अस्पतालों और झोलाछाप डॉक्टरों के यहां भी मरीज काफी संख्या में पहुंच रहे हैं।

## जनता दर्शन में डीएम ने सुनीं फरियाद



**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** बुधवार को जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में जनता दर्शन प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगाकर आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना। फरियादियों को आश्वस्त किया कि समयबद्धता के साथ नियमानुसार शिकायतों का निस्तारण किया जायेगा। जनता दर्शन के दौरान 54 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना-पत्र में निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों को पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक ढंग से समय सीमा के अंतर्गत निस्तारण किया जाये। इस कार्य में किसी भी तरह की हीलाहवाली नहीं होनी चाहिए। यदि शिकायतकर्ता दोबारा यहां आता है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## एएनएम निलंबित, सीएमएस को लगाई फटकार

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** डीएम राजेश कुमार पांडेय ने गुरुवार की सुबह सवा नौ बजे जिला अस्पताल महिला का औचक निरीक्षण किया। एएनएम शकुंतला गैरहाजिर मिलीं। थोड़ी देर बाद आईं और बचाव में झूठ बोला। इस पर डीएम ने उन्हें निलंबित करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी डॉक्टर नियमित अपने कक्ष में बैठकर मरीजों का उपचार करें। इंजेक्शन कक्ष में फार्मासिस्ट अरशद की नाम पट्टिका न होने पर तत्काल नाम पट्टिका लगाने के निर्देश दिए। आयुष्मान कक्ष, टीकाकरण कक्ष, इंजेक्शन कक्ष, पैथालॉजी, चीफ फार्मासिस्ट कक्ष, एसएनसीयू आदि वार्डों का निरीक्षण कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। वार्डों में बेडशीट गंदगी देख सीएमएस और मेट्रन को फटकार लगाई। कहा कि प्रतिदिन सुबह नियमित रूप से बेडशीट बदली जाए। तीमारदार मोहनलाल ने शिकायत की कि दो दिन से उनके मरीज का अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा है। इस पर डीएम ने मरीज का तुरंत अल्ट्रासाउंड कराया। सीएमएस से कहा कि परिसर में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। डॉक्टरों को निर्देश दिए कि मुख्यालय के बाहर बिना अनुमति न जाएं। उनके साथ नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार मिश्रा, सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा, सीएमएस सुनीता बनौधा, सूचना अधिकारी पंकज तिवारी मौजूद रहे।

## महायोगी गोरखनाथ विवि गोरखपुर में दिलायी गयी पंच प्रण की शपथ



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न इकाइयों द्वारा पंचप्रण की शपथ दिलायी गयी ।राष्ट्रीय सेवा योजना की महायोगी उदयनाथ, महायोगी आदिनाथ एवं महायोगी मत्सेंदर्नाथ ईकाई द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दुबे ने सभी को राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल अवधारणा से अवगत कराते हुए बताया गया कि इसका का मुख्य उद्देश्य सेवा के माध्यम से ही शिक्षा देना है। पंचप्रण के सभी बिंदु पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा की व्यक्ति को मनसा,वाचा और कर्मणा से देश को विकसित,एकता,अखंडता और गुलामी के मानसिकता के प्रति जागरूक होकर समाज और देश के विकाश हेतु सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए कार्यक्रम में गुरु श्री गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस के प्राचार्य डा. मंजूनाथ एन एस, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री धनंजय पाण्डेय, डॉ. विकास यादव एवं विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित थे। महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई- महायोगी संतोषनाथ के द्वारा अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम के अन्तर्गत अमृत काल के पंचप्रण का शपथ ग्रहण दिलाया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सुप्रिया गुप्ता व पैरामेडिकल के समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।

राज्यमंत्री ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर व ट्रेन ड्राइवर को सम्मानित कर रवाना किया

# आने वाले समय में सलेमपुर रेलवे स्टेशन अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा

अवधनामा संवाददाता



**सलेमपुर।** सलेमपुर रेलवे स्टेशन पर वाराणसी-भटनी रेलखण्ड पर 11059/60 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस ट्रेन का पहली बार ठहराव को लेकर शुक्रवार को सलेमपुर सांसद रविन्दर कुशवाहा जिनके साथ राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर एवम ट्रेन ड्राइवर को सम्मानित कर रवाना किया गया।

रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि नौतनवा -दुर्ग 18201/2 एवं लोकमान्य तिलक- छपरा 11059/60 ट्रेन का ठहराव सलेमपुर स्टेशन पर नहीं होने से यहां के लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। जिस कारण इस ट्रेनों का ठहराव हुआ है। उन्होंने कहा कि मेरा हमेशा प्रयास रहता है कि आम जनता को सुविधा मिले। भाजपा सरकार सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा पर कार्य कर रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि भाजपा के हाथों में आज हमारा राष्ट्र सुरक्षित एवं संरक्षित ही नहीं है, बल्कि विकास के पायदान पर भी अद्वितीय कार्य हुआ है। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने सांसद रविन्दर कुशवाहा की तारीफ करते हुए कहा कि सांसद ने रेलवे बोर्ड से पहल कर ट्रेन का ठहराव कराया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में सलेमपुर की चौतरफा विकास हो रहा है। आने वाले समय मे सलेमपुर रेलवे स्टेशन अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा। रेल विभाग से एडीआरएम कौशलेश सिंह एवम जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने ट्रेनों के ठहराव के बारे में विस्तृत से बताया। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष पण्डित गिरीश चन्द्र तिवारी, जयनाथ कुशवाहा गुड्डन, बलबीर सिंह दादा, अमित सिंह बबलू, अमरेश सिंह बबलू, सन्दीप सिंह ,वीरेन्द्र कुशवाहा, शमशाद मलिक, त्रिवेणी गुप्ता ने भी सम्बोधित किया। संचालन सन्तोष पटेल ने किया।

# जुमे की नमाज व त्योहारों को लेकर पुलिस ने किया पैदल गश्त



**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** जुमे की नमाज के साथ-साथ आगामी नवरात्र, दशहरा व दीपावली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को उप जिलाधिकारी बिंदकी व पुलिस उपाधीक्षक बिंदकी की अगुवाई में बिंदकी कस्बे में फ्लैग मार्च किया गया। मौलवियों से मिलकर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए दिशा-निर्देश दिये गये। बिंदकी कस्बे के एसडीएम व सीओ की संयुक्त अगुवाई में कोतवाली पुलिस कस्बे में फ्लैग मार्च पर निकली। कस्बे के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण कर आमजन को जुमे की नमाज व त्योहारों पर सुरक्षा का एहसास कराया। इतना ही नहीं आमजन से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील भी की गई। एसडीएम ने कहा कि पर्वो पर शांति व्यवस्था बनाये रखें। पर्व के दौरान ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी समुदाय विशेष की भावनाओं को ठेंस पहुंचे। उन्होने कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति ने सोशल मीडिया समेत अन्य किसी प्लेटफार्म पर किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेंस पहुंचाई तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। साथ ही एसडीएम व सीओ ने मौलवियों से भी मुलाकात की। अधिकारियों ने कहा कि पर्वो का मौसम चल रहा है। इसलिए अपने समुदाय के लोगों को अच्छी शिक्षा दें।

## अनियंत्रित बाइक चालक की खंती में गिरकर मौत

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के जोनिहा कस्बे के समीप गुरूवार की शाम अनियंत्रित बाइक चालक खंती में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जब तक उसको कहीं इलाज के लिए लेकर जाते उससे पहले ही उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के सुसवन बुजुर्ग गांव निवासी जगरूप सविता का 35 वर्षीय पुत्र शुभाष चंद सविता अपने भाई के साढू की तेरहवीं में शामिल होने बिंदकी कोतवली क्षेत्र के कीर्तिखेड़ा गांव जा रहा था। जब वह कोतवाली क्षेत्र के जोनिहां कस्बे से आगे बढ़ा तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर खंती में जा गिरी। जिससे बाइक चालक शुभाष गंभीर रूप से घायल हो गया। जब तक उसको कहीं इलाज के लिए लेकर जाते उससे पहले ही उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भाई आशीष ने घटना के बारे में जानकारी दी।

# एससी एसटी व ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों ने दिये साक्षात्कार





अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** प्रदेश सरकार की एससी/एसटी वर्ग को स्वालंबी बनाये जाने की महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत महिलाओं के किये सिलाई कढ़ाई व पुरुषों के लिए दो पहिया वाहनों की रिपेयरिंग के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया। जिसमें 85 अभ्यर्थियो ने अपना साक्षात्कार दिया। इसी प्रकार ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये बिजली उपकरणों की रिपेयरिंग के लिए भी साक्षात्कार सम्पन्न हुआ। जिसमें 37 अभ्यर्थियों के साक्षत्कार लिये गये। जिला उद्योग एव प्रोत्साहन केंद्र में दोपहर लगभग 12 बजे आवेदको के साक्षात्कार शुरू किये गये। आवेदको के साक्षात्कार के बाद योग्यता के आधार पर अभ्यर्थियों का योजना के लिये चुनाव किया जाना है। जिसके बाद आवेदक अपना स्वरोजगार शुरू कर सकेंगे। उपायुक्त उद्योग चंद्रभान सिंह द्वारा अभ्यर्थियो का साक्षात्कार किया गया। इस मौके पर प्रबल प्रताप सिंह व पवन चौधरी रहे।

## पांच दिनों से गायब महिला का खेत में मिला शव

**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** खखरेरू थाना क्षेत्र के बसवा गांव के समीप गुरूवार की शाम बाजरे के खेत में ग्रामीणों ने महिला का शव पड़ा देखा तो परिजनों को जानकारी दिया। परिजनों ने शव की शिनाख्त के बाद स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जाँच पड़ताल शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बसवा गांव निवासी सुमेर पासवान की 45 वर्षीय पत्नी रन्नो देवी पांच दिन पूर्व घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने काफीखोज बीन किया मगर कुछ पता नहीं चल रहा था। गुरूवार की शाम गांव से एक किलोमीटर दूर बाजरे के खेत में ग्रामीणों ने शव पड़ा देखा तो परिजनों को जानकारी दिया। परिजनों ने शव की शिनाख्त करके घटना की सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दिया और जाँच पडताल में जुट गई। पोस्टमार्टम हाउस आये मृतका के चाचा प्रभुदयाल व भाई राजू ने आरोप लगाते हुए बताया कि बहनोई सुमेर के अवैध संबंध गांव के ही बदलू की पत्नी से थे। जिसका मृतका विरोध करती थी। आये दिन उसके साथ पति मारपीट किया करता था। एक बार मारपीट कर उसका पैर भी तोड़ दिया था। मृतका का शव मिलने के बाद से पति घर छोड़ कर कहीं फरार है। बहन की हत्या की गई है। हत्याकांड में पति सुमेर, जेठ राधे किशन, गांव निवासी बदलू और बदलू की पत्नी शामिल हैं। पोस्टमार्टम के बाद नामजद अभियुक्तों के खिलाफतहरीर थाने में देंगे।

## झगड़े का बीच बचाव करने गए युवक के हाथ में लगी गोली

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** बीच बचाव करने गए युवक के गोली लगने पर गंभीर रूप से घायल हो गया। उस तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुल मंडी में हाथ में गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। मोहल्ले में दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो रहा था। तभी बीच बचाव करने युवक शैलेश कुमार पुत्र मुन्नालाल उम्र 38 वर्ष पहुंच गया। घायल ने बताया तभी मोहल्ले के युवक सनी पुत्र बॉबी ने तमंचा निकाल कर तान दिया। हाथ से तमंचा पकड़ते समय सनी ने फायर कर दिया जिससे हाथ में गोली लगने से घायल हो गया।

# मंडल स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दम

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित मंडल स्तरीय बालक व बालिका बॉलीबॉल व जुडो की प्रतियोगीता का अयोजन किया गया। प्रतियोगिता में चार जनपदों की छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

शुक्रवार को राजकीय इंटर कालेज परिसर में मंडल स्तरीय बालिका बालीबाल व जुडो का आयोजन किया गया प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव व राजकीय इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य उदय प्रभात ने किया। दोनों प्रतियोगिता में चारों जनपदों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जुडो के बालक 20 किलो भार वर्ग में फ़तेहपुर के अर्जुन सखियांव हसवा प्रथम व द्वितीय स्थान पर सुंदरम प्रयागराज, 25 किलो भार वर्ग में बहुआ फ़तेहपुर के राजकुमार, द्वितीय स्थान पर रिशु यादव कौशाम्बी 30 किलो भार वर्ग में दीपक पखरौली फ़तेहपुर प्रथम, अंकित प्रतापगढ़ द्वितीय, 35 किलो भार वर्ग में रामपाल सुदनपुर विजयीपुर प्रथम व नैतिक प्रतापगढ़ द्वितीय, 40 किलो भार वर्ग में धर्मेन्द्र पखरौली बहुआ फ़तेहपुर प्रथम, 44 किलो भार वर्ग में ऋषभ पखरौली प्रथम व नितिन कौशाम्बी से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बालिका वर्ग जुडो में 20 किलो भार वर्ग में खुशी सठियांव हसवा प्रथम, 25 किलो भार वर्ग में अनामिका सठियांव हसवा प्रथम, अंकिता प्रयागराज द्वितीय, 30 किलो भार वर्ग में विनीता पखरौली व मानसी कौशाम्बी द्वितीय, 35 किलो भार वर्ग में लक्ष्मी पखरौली बहुआ प्रथम व दीपिका प्रतापगढ़ द्वितीय, 40 किलो भार वर्ग में संजना प्रतापगढ़ प्रथम व अंतिमा कौशाम्बी द्वितीय, 44 किलो भार वर्ग में शीलम फ़तेहपुर प्रथम व दामिनी प्रतापगढ़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग बॉलीबॉल में यूपीएस हैंसी मान्धाता प्रतापगढ़ विजेता व प्रयागराज के राजापुर चौबारा व यूपीएस चाकी के छात्र उपविजेता रहे। बालिका वर्ग में कौशाम्बी जिला प्रथम व कनश्मीरीपुर व बेंता देवमयी फतेहपुर के बच्चों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

अवधनामा

लखनऊ, शनिवार, 14 अक्टूबर, 2023



# योगी सरकार द्वारा अयोध्या धाम का तेज गति से कर रही है कायाकल्प, दिसम्बर 2023 तक पूर्ण करने के निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रदेश की योगी सरकार श्री राम जन्मभूमि मंदिर के भव्य उद्घाटन से पहले अयोध्या के विभिन्न ऐतिहासिक एवं पौराणिक मठ-मंदिरों, आश्रमों, भवनों एवं कुंडों आदि को उनकी ऐतिहासिक वास्तुकलाओं को संजोने-संवारने का कार्य चरणवद्ध तरीके कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है इसी क्रम में जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि अयोध्या धाम में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण के साथ यहां आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन की बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराए जाने के दृष्टिगत अयोध्या धाम तथा अयोध्या को जोड़ने वाले मार्गों के चौड़ीकरण एवं विस्तारीकरण का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। अयोध्या धाम तक हवाई यात्रा की सुविधा हेतु अयोध्या धाम में मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है, जिसका संचालन चालू कैलेंडर वर्ष में ही प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

**रेलवे स्टेशनों का उच्चीकरण कर यात्री सुविधाओं का विकास भी तेजी से किया जा रहा**

इसी के साथ ही अयोध्या धाम तक उच्च स्तरीय रेल यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु रेलवे स्टेशनों का उच्चीकरण कर यात्री सुविधाओं का विकास भी तेजी से किया जा रहा है। अयोध्या धाम की प्राचीनतम, पौराणिकता को संरक्षित रखते हुये चरणबद्ध तरीके से अयोध्या के विभिन्न ऐतिहासिक एवं पौराणिक मठ-मंदिरों, आश्रमों, भवनों एवं कुंडों आदि को उनकी ऐतिहासिक वास्तुकलाओं को संजोने-संवारने का कार्य चरणवद्ध तरीके से किया जा रहा है।

**योगी सरकार द्वारा निर्माण एवं जीर्णोद्धार के लिए 84.24 करोड़ स्वीकृत**

इसी क्रम में शासन द्वारा स्वीकृत 84.24 करोड़ की लागत से 84 कोसी, 14 कोसी एवं पंचकोसी परिक्रमा मार्गों के समीप/किनारे स्थित पर्यटन स्थलों यथा पौराणिक कुण्डों, आश्रमों आदि के पर्यटक विकास/निर्माण एवं जीर्णोद्धार का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि 14 कोसी मार्ग के किनारे स्थित पर्यटन स्थलों यथा लक्ष्मीसागर कुंड, वैतरणी कुंड, निर्मल कुंड, गिरजा कुंड, विघ्नेश्वर नाथ शिव मंदिर एवं विभीषण कुंड के जीर्णोद्धार एवं पर्यटन सुविधाओं के विकास का कार्य किया जाना है। पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के किनारे/समीप स्थित पर्यटन स्थलों यथा सुग्रीव किला, अशर्फी भवन, छोटी देवकाली, नागेश्वर नाथ मंदिर, श्रेश्वर नाथ मंदिर, मुंडा शिवालय, दन्तधावन कुंड, प्रहलाद कुंड, जानकी कुण्ड, मोनी बाबा आश्रम, कौशल्या घाट, विद्या देवी कुंड, सीता कुंड, दशरथ कुंड के जीर्णोद्धार एवं पर्यटन सुविधाओं का विकास कार्य किया जाना है। इसी प्रकार जनपद अयोध्या में 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित पर्यटन स्थलों/कुंडों एवं आश्रमों यथा दुधेश्वर कुण्ड (सीताकुंड),महर्षि वामदेव आश्रम, जन्मेजय कुंड, नरकुंड, महर्षि वेद व्यास गेट गौराघाट, महर्षि वामदेव आश्रम व तालाब, त्रिपुरारी कुंड, दशरथ समाधि स्थल, नंदीग्राम भरतकुंड, श्रवण कुमार आश्रम, आस्तिक आश्रम, ऋषि च्यवन आश्रम, मेधा ऋषि आश्रम, श्री बंधु बाबा आश्रम व महर्षि वामदेव आश्रम व तालाब के जीर्णोद्धार एवं पर्यटन सुविधाओं के विकास कार्य किया जाना है।

**पौराणिक स्थलों पर कार्य आरंभ हो चुका है**

जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में दंतधावनकुण्ड, सीताकुण्ड, विद्या देवी कुण्ड, गिरिजा कुण्ड, लक्ष्मी सागर कुण्ड, विभीषण कुण्ड, महर्षि वामदेव कुण्ड व आश्रम, जन्मेजय कुण्ड, दशरथ कुण्ड, दुग्धेश्वर कुण्ड (सीताकुण्ड), नन्दीग्राम भरतकुण्ड आदि पौराणिक स्थलों पर कार्य आरंभ भी हो चुका है। अयोध्या धाम में स्थित सूर्यकुण्ड, हनुमान कुण्ड, स्वर्णखनि कुण्ड एवं गणेश कुंड में कार्य पूर्ण भी हो चुका है, इन स्थलों पर सभा स्थल, छतरी, टायलेट, म्यूरलवाल, घाट एवं प्लेटफार्म, आटोवाटर फिल्टैशन, बेंच, डस्टबिन, रैलिंग, साइनिज, लाइटिंग और पेयजल व्यवस्था आदि कार्य किया गया है, इन्ही कुंडों के तर्ज पर अन्य कुंडों को भी संजोने संवारने का कार्य चरण वद्ध रूप में किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने उक्त कार्यो की कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर दिलीप कुमार गोंड को उक्त समस्त कार्यो को शासन द्वारा निर्धारित समयावधि माह दिसम्बर 2023 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये।

## दीपोत्सव में विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए घाटों की मार्किंग का कार्य शुरू

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी की मंशा अनुरूप प्रशासन द्वारा भव्य दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए राम की पैड़ी एवं चौधरी चरण सिंह के 51 घाटों की मार्किंग का कार्य शुरू कर दिया गया। विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के दिशा-निर्देशन में शुक्रवार को दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 संत शरण मिश्र, उपकुलसचिव दिनेश कुमार मौर्य, पूर्व दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा एवं अन्य शिक्षकों ने भौतिक सर्वेक्षण कर घाटों का नाप जोख शुरू कराया। इसके अतिरिक्त दोनों स्थलों के पांच भंडार गृह का भी निरीक्षण किया जिसमें दीपोत्सव से संबंधित सामग्री रखी जायेगी। उसकी साफ-सफाई एवं बिजली व्यवस्था दुरस्त रखने का संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया।

25 हजार वालंटियर्स तैनात किए जायेंगे

21 लाख से अधिक दीए प्रज्ज्वलित कर विश्व कीर्तिमान स्थापित करेंगे

दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 संत शरण मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन के समन्वय से विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 11 नवम्बर को दीपोत्सव भव्य बनाया जायेगा। राम की पैड़ी एवं चौधरी चरण सिंह के 51 घाटों का भौतिक सर्वेक्षण के साथ कर्मियों द्वारा मार्किंग को शुरू करने के लिए नाप जोख का कार्य शुरू कर दिया गया है। सभी घाटों के मार्किंग का जिम्मा विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव मो0 सहील को दिया गया है। इनकी देखरेख में विश्वविद्यालय के कर्मी मार्किंग का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण कर लिए जायेंगे। नोडल अधिकारी ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन दीपोत्सव की तैयारियों को कुलपति द्वारा गठित 21 समितियों के माध्यम से अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि दोनों स्थलों के घाटों पर विश्वविद्यालय, सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं इण्टर कालेज के 25 हजार वालंटियर्स तैनात किए जायेंगे। इनकी मदद से 21 लाख से अधिक दीए प्रज्ज्वलित कर विश्व कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

## अपना स्कूल में वितरित किया पठन-पाठन सामग्री

**अयोध्या।** जनपद के जयसिंहपुर वार्ड में खुले आसमान के नीचे वंचित वर्ग के बच्चों के लिए समर्पित खाकी वाले गुरुजी के अपना स्कूल में जनपद मऊ में नियुक्त उत्तर प्रदेश पुलिस के कांस्टेबल विन्द्रेश यादव व कॉन्स्टेबल रंजीत यादव तथा समाजसेवी बृजेश गुप्ता ने पहुँचकर सभी बच्चों में शिक्षण सामग्री तथा सूक्ष्म जलपान का वितरण किया। नवंबर 2021से चल रहे भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चों के अपना स्कूल में पहुँचे दो सिपाही और एक समाजसेवी नवयुवक ने अपना स्कूल के उपस्थित 70 बच्चों में पेंसिल,रबर,कटर,चार कॉपी, स्केल,स्केच कलर,आल इन वन किताब, टूथ ब्रश, टूथ पेस्ट, साबुन नहाने वाला,साबुन कपड़ा धुलने वाला, तेल, तथा बिस्कुट,नमकीन व लड्डू वितरित किया। इस अवसर पर अपना स्कूल के सहयोगी ऋषभ शर्मा, सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव, कांस्टेबल विन्द्रेश यादव, कांस्टेबल रंजीत यादव समाजसेवी बृजेश गुप्ता समेत सभी छात्र छात्राएं मौजूद रही।

## खिदिरपुर ग्राम पंचायत में आयोजित हुई जन चौपाल



*अवधनामा संवाददाता*

**बीकापुर- अयोध्या।** विकासखंड क्षेत्र के 2 ग्राम पंचायतो पाली पूरब और खिदिरपुर ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर शुक्रवार को ग्राम जन चौपाल का आयोजन किया गया। पाली पूरब ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान नम्रता सिंह की अध्यक्षता में चौपाल आयोजित हुई। चौपाल में मौजूद खंड विकास अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव और एडिओ आईएसबी बद्रीनाथ पांडेय द्वारा चौपाल में मौजूद लोगों से संवाद करके उनकी समस्या का निस्तारण किया गया। पंचायत भवन पर पहुंचने के लिए ठीक से रास्ता न होने पर खंड विकास अधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई। और रास्ता बनवाने के लिए कहा गया। ग्राम चौपाल में परिषदीय प्राथमिक विद्यालय जर्जर भवन का कायाकल्प कराए जाने का मुद्दा ग्रामीणों द्वारा उठाया गया। इस दौरान जन चौपाल में ग्रामीणों द्वारा राशन कार्ड, आवास, पेंशन, जल निकासी की नाली सहित अन्य समस्याओं से संबंधित 17 शिकायतें आई। अधिकारियों द्वारा निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया?। ग्राम चौपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीणों ने अपना आवेदन भी दिया। ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों का सत्यापन भी किया गया। जरूरतमंदों को मिल रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की भी समीक्षा की गई। ग्राम चौपाल में राज्य आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने, निशुल्क बोरिंग, वृद्धा, विकलांग, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय निर्माण, पेयजल के लिए हैंडपंप सहित गांव में चल रही अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई।

## ग्राम प्रधान के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले पत्रकार पर जानलेवा हमला, एसपी से लगाई गुहार

*अवधनामा संवाददाता*




**बाराबंकी।** भ्रष्टाचारी ग्राम प्रधान के खिलाफ खबर लिखना व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर चलाने का दण्ड भुगत रही महिला पत्रकार की शिकायतों को अगर सच माना जाए तो सूबे के रामराज्य में कानून के मानक जिम्मेदार तंत्र अब अपने हिसाब से तय करने लगा है। जिसमें पहले तो खबर के प्रतिकार में जानलेवा हमला करने व नगदी छीनने वाले खण्ड विकास सिद्धौर के ग्राम अंदका के प्रधान के पति प्रतिनिधि हरिओम, फतेहबहादुर, शिव कैलाश व राजकुमार के खिलाफ नियमतः मुकदमा भी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के हस्तक्षेप बाद ही दर्ज हो पाया। तो एक तरफ आतंक का प्रयाय बने आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार करना तो दूर उनपर कार्रवाई करने से भी कतराती नजर आ रही है। जिसको लेकर पत्रकार प्रेस महासंघ के बैनर तले एसपी दिनेश प्रताप सिंह से भेंटकर महिला पत्रकार ने जमीनी हकीकत बताते हुए न्याय व सुरक्षा की गुहार लगाई है। बताते चसे सम्मानित हिन्दी दैनिक की महिला पत्रकार रामदुलारी पटेल के पुत्र पंकज कुमार पर बीती 07 अक्टूबर को थाना जैदपुर के ग्राम अंदका की प्रधान अनीता वर्मा के पति हरिओम, ने अपने बड़े भाई फतेहबहादुर, भतीजे राजकुमार ने मनरेगा में फर्जी हाजरी चढ़ा जारी घोटाले के उजागर किए जाने से चिढ़कर सीएससी केन्द्र से नगदी लेकर लौट रहे पत्रकार के पुत्र पंकज कुमार पर बांके-लाठी-डण्डे से लैस होकर जानलेवा हमला कर न सिर्फ मरणासन्न कर पास मौजूद भारी नगदी भी लूट ली थी। ग्रामीणों की माने तो कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए एक तरफ दबंग आताताई ने पैसा पानी की तरह सिस्टम पर खर्चा किया तो दूसरी तरफ पत्रकार परिवार को जानमाल की धमकी भी दे रहा है। पत्रकारों का कहना है कि खबर पर हिंसक प्रतिक्रिया पर ऐसे भी जारी शासनादेश अनुसार गिरफ्तारी जुर्माना के साथ-साथ जांच भी सीओ रैंक के अधिकारी द्वारा करना नियमानुसार है। लेकिन सामने आए मामले में जिला प्रशासन ने कार्रवाई तो दूर पीड़ित चतुर्थ स्तंभ के प्रहरी व उसके परिवार की सुध तक नहीं ली है। वैसे एसपी सहित सूबे के सीएम सहित वरिष्ठों से की गई शिकायत पर एसपी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## शातिर गैंग चला रहे दो सगे भाई गिरफ्तार, चोरी की कई वारदातों का खुलासा



**बाराबंकी।** स्वाट सर्विलास व थाना लोनीकटरा की संयुक्त पुलिस टीम ने तीन चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण कर अन्तर्जनपदीय 2 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। टीम ने इनके कब्जे से चोरी के 10 मोबाइल फोन, घटना में एक प्रयुक्त सब्बल व वाहन बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों को बताया कि स्वाट सर्विलांस व थाना लोनीकटरा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मैनुअल एन्टेलीजेन्स एवं डिजिटल डेटा की मदद से तीन चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण कर अन्तर्जनपदीय 2 शातिर चोरों राजकुमार पटेल व लाल कुमार पटेल उर्फ नाटे पुत्र जवाहर पटेल निवासी ग्राम गवीपुर पोस्ट आडिहार थाना सैदपुर, गाजीपुर को लखनऊ-सुल्तानपुर मार्ग, त्रिवेदीगंज के पास से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से चोरी के 10 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त एक सब्बल व पिकप बरामद किया गया। इन सभी का एक गैंग है जो संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक, भौतिक एवं दुनियावी लाभ हेतु रेकी कर चोरी तूट आदि जैसी घटनाएं कारित करते है। इनके द्वारा थाना लोनीकटरा क्षेत्रान्तर्गत मंगलपुर चौराहे पर स्थित दुकान का ताला सब्बल से तोड़कर मोबाइल, नकदी व राम जानकी मंदिर चौराहा, ढोढवापुर स्थित जन सेवा केन्द्र की दुकान की छत से पैनल चोरी करना स्वीकार किया गया है जिसके सम्बन्ध में थाना लोनीकटरा पर मामला पंजीकृत है। साथ ही जनपद अम्बेडकर नगर के थाना इब्राहिमपुर में एनवा चौकी बाजार में स्थित ज्वैलर्स की दुकान में चोरी करना भी स्वीकार किया गया है। अभियुक्त राजकुमार थाना कैण्ट जनपद वाराणसी से पुलिस अभिरक्षा से भागा था एवं जनपद चन्दौली से 15 हजार रुपये का पुरस्कार भी घोषित है, अन्य जानकारी की जा रही है।

# दिसंबर में शुरू हो सकता है बुद्ध के ननिहाल की खुदाई

- बजट समाप्त होने व बारिश सीजन के कारण बंद हो गया था उत्खनन
- बनर्सिहा कला गांव में बुद्ध का ननिहाल बताया जाता है



**महराजगंज।** महराजगंज को बौद्ध स्थलों में शुमार करने के लिए बनर्सिहा कला देवदह का पिछले साल शुरू हुआ उत्खनन बारिश व धनाभाव के कारण रूक गया था। लेकिन अब फिर से उससे उत्खनन का कार्य होने वाला है। उत्खनन सत्र शुरू हो गया है। माना जा रहा है नवंबर तक बजट मिल जाने के बाद दिसंबर से उत्खनन शुरू हो जाएगा। पिछले वर्ष चार फीट की गहराई के उत्खनन में कुषाण कालीन कई अवशेष मिले थे। इसबार और गहरी खुदाई होगी। जिसमें अनेक रहस्यों के साथ अवशेष मिलने की उम्मीद है। जनपद मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर की दूर पर बनरसिहा कला गांव है। पूर्व में इसका नाम देवदह बताया जाता है। माना जाता है कि यहां 88.8 एकड़ में फैला जो टिला है वह भगवान गौतम बुद्ध का ननिहाल रहा है। इसकी प्रमाणिकता के लिए एक दशक पहले पूरब दिशा के टीले का उत्खनन हुआ था। जिसमें कुषाणकालीन अवशेष मिले थे। लेकिन बीच में उत्खनन बंद हो गया था। पश्चिम दिशा के टिले का उत्खनन नहीं किया गया था। लंबे समय बाद फरवरी 2022 से भी पश्चिम वाले टिले का उत्खनन शुरू किया गया। जिसमें कई कुषाण कालीन पत्थर, मूर्तियां, कंचा, मिट्टी के अन्य वर्तन मिले हैं। अभी चार फीट तक ही उत्खनन हुआ था कि बजट समाप्त हो गया और बारिश का सीजन आ गया। जिससे मई जून से उत्खनन बंद करना पड़ा। उत्खनन वाले टिले को काली पालीथीन से ढक कर सुरक्षित कर दिया गया है। अब तक हुई खुदाई से यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि यहां और उत्खनन हुआ तो बौद्ध कालीन अवशेष मिल सकते हैं। कुषाण कालीन अवशेष मिलने से यहां बुद्ध के ननिहाल होने का प्रमाणिकता को बल मिलने लगा। उत्खनन का सत्र नवंबर से शुरू होता है। ऐसे में अब शेष उत्खनन कार्य के उत्खनन की प्रक्रिया नवंबर से शुरू की जाएगी। इसीबीच धन भी आवंटित होगा। इसके बाद दिसंबर से उत्खनन कार्य शुरू हो सकता है।

### क्या है देवदह का इतिहास

लक्ष्मीपुर ब्लाक मुख्यालय से करीब 45 किमी उत्तर दिशा की तरफ स्थित बनरसिहा कला देवदह में करीब 88 एकड़ भूमि में फैला प्राचीन बौद्ध टीले, इतिहासकार कलिंगम स्तम्भ, राजमहल अवशेष, पोखरे आदि को पुरातत्व विभाग ने 1978 में ही संरक्षित कर लिया था। जिसके बाद बौद्ध धर्मावलंबियों ने इसके उत्थान के लिए प्रयास शुरू किया। वर्ष 1992 में पुरातत्व विभाग ने टीलों की खुदाई कराया था। जिसमें कई पुरातात्विक अवशेष मिले थे। अवशेषों को जवाहर लाल नेहरू स्मारक पीजी कालेज में संरक्षित कर दिया गया। इसके बाद वर्ष 2006 से हर वर्ष देवदह बौद्ध विकास समिति के अध्यक्ष जितेंद्र राव इस प्राचीन बौद्ध स्थल के विकास के लिए देवदह के टीले पर ही बौद्ध महासम्मेलन कार्यक्रम कराने लगे। अवशेष मिलने पर गौतम बुद्ध के प्राचीन टीलों के संरक्षण की बात जोर पकड़ने लगी। शासन के निर्देश पर अक्टूबर 2018 में आधा दर्जन सोलर लाइट देवदह भूमि में लगाया गया। बार्डर एरिया डबलपमेंट के तहत 24 लाख रूपये से तारबाड़ लगाने का कार्य भी शुरू हुआ। लखनऊ से पुरातत्व, पर्यटन विभाग की टीम ने जमीन का नवंबर 2018 में सीमांकन कराया।

### प्रमाणित होने से पहले बन गया बौद्ध सर्किट

देवदह में अभी उत्खनन कार्य शुरू किया गया है। अभी यह प्रमाणित होना बाकी है कि वास्तव में यही बुद्ध का ननिहाल रहा है। लेकिन उत्खनन के साथ ही देवदह को पर्यटन स्थल बनाने का कार्य शुरू हो गया। यहां बौद्ध अनुयायियों के लिए सवा तीन करोड़ की लागत से सर्किट हाउस का निर्माण कार्य करीब 80फीसदी पूरा हो चुका है।

### आने लगे बौद्ध अनुयायी

बुद्ध के ननिहाल को देखने के लिए बौद्ध मतावलंबितयों व आम लोगों का पहले से ही आना जाना शुरू हो गया है। बौद्ध अनुयायी आए दिन यहां आते हैं और माथा टेककर जाते हैं। बीते सात जून को देश भर के बौद्ध अनुयायी आए थे। जिसमें भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महास्थवीर, बीएसआई राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रबोधी पाटिल, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉक्टर इन्दू चौधरी समेत अनेक बौद्धिस्टों ने बुद्ध के ननिहाल पहुंचकर उपासना की थी।

## बेवा बहन का निकाह कराने के लिए दम्पत्ति में डाली दरार, रिश्ते बचाने के लिए दौड़ रही विवाहिता

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** दबंग युवक ने अपनी बेवा बहन की शादी कराने के लिए ऐसा जाल बुना कि एक विवाहित जोड़े में तलाक की नौबत आ गई। पीड़िता को धोखे में रखकर उससे तलाक पर रजामंदी के कागज पर दस्तखत करवा लिए गए। दम्पत्ति में विवाद के बाद समझौते की बारी आई तो उस पर डरा धमकाकर तलाक लेने का दबाव बनाया जा रहा है।पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत के लखपेड़ाबाग के रहने वाले रिजवान अहमद की पत्नी नाजिरा खातून पत्नी रिजवान अहमद का मायका तकरोही पेट्रोल पम्प के पीछे इन्दिरा नगर थाना इन्दिरा नगर लखनऊ में है। उसका कहना है कि उसका निकाह करीब 10 वर्ष पूर्व हुआ था। जिससे दो बच्चे हैं। उसकी ससुराल में अक्सर गुड्डू पुत्र अज्ञात निवासी देवा रोड जेठ इरफान के साथ आता था। वह अपनी विधवा बहन बेबी की शादी की बाते करता रहता। उसकी गैर मौजूदगी में गुड्डू अक्सर अपनी बहन को लेकर आने लगा जिससे पति रिजवान के अवैध सम्बन्ध हो गये। एक दिन उसने गुड्डू की बहन व अपने पति को अश्लील हालात में देख लिया। उसी के बाद से पति पत्नी के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। सुलह कराने के नाम पर गुड्डू ने एक कागज पर उससे दस्तखत करवा लिए। पता चला कि गुड्डू द्वारा पति पत्नी के मध्य सम्बन्ध विच्छेद कराने के लिए हस्ताक्षर बनवाये गये।

क्योंकि गुड्डू अपनी विधवा बहन की शादी प्रार्थिनी के पति के साथ कराना चाहता था। उसने पति पत्नी में समझौता हेतु एसपी के समक्ष पत्र दिया। उस पत्र पर समझौते हेतु पुलिस लाईन में समझौते केन्द्र पर बुलाया गया। वह समझौता केन्द्र पहुंची, वहां मौजूद गुड्डू ने अभद्रता करते हुए धमकी दी। कहा कि यदि तुमने अपने पति से तलाक नहीं लिया तो हम तुम्हे जान से मार देंगें।

## रामलीला में रावण दिग्विजय का मनोहारी मंचन किया

**सहारनपुर।** प्राचीन श्री रामलीला कमेटी द्वारा मंचित रामलीला में रावण दिग्विजय का मनोहारी मंचन किया गया। लीला के दौरान भगवान ब्रहमा से रावण व कुम्भकर्ण ने मनवांछित वरदान मांगे। बेहट रोड़ स्थित रामलीला ग्राउंड पर प्राचीन श्रीरामलीला कमेटी द्वारा मंचित रावण दिग्विजय की लीला का मुख्य अतिथि राजा जैन, आशीष प्रकाश गुप्ता, विपुल वर्मा व समस्त भारतीय निष्काम सेवा मण्डल के करकमलों द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। लीला मंचन से पूर्व भगवान विष्णु की आरती कर भोग लगाया गया। लीला में रावण दिग्विजय का भव्य मंचन मंच निर्देशक नीरज गुप्ता व सह निर्देशक अमित गर्ग के निर्देशन में प्रस्तुत किया गया। कमेटी के वरिष्ठ उप प्रधान आलोक अग्रवाल ने बताया रात्रि लीला मंचन में रावण दिग्विजय की लीला में ब्रह्मा जी से रावण ने वरदान मांगा की मैं वानर व मनुष्य को छोड़ कर मैं किसी के हाथ से न मरु, कुंभकर्ण ने कहा कि मैं 6 माह नींद में रहूं, विभीषण ने भगवान की भक्ति मांगी व मेघनाथ द्वारा इंद्र इत्यादि की शक्ति मांगी।

## प्रतियोगिता में दूसरे दिन भी खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



*अवधनामा संवाददाता*

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** स्थानीय क्षेत्र के रमानाथ उमाशंकर इंटरमीडिएट कालेज फुलमनहां लेहड़ा बाजार के प्रागंण में चल रहे तीन दिवसीय 34 वा जिलास्तरीय एयलेटिक्स, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने मैदान में अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

1500 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में खुशबू प्रजापति नौतनवां प्रथम, पूर्णिमा चौधरी सिसवा द्वितीय, सिरजावती मंसूरगंज तृतीय स्थान हासिल किए। जूनियर बालिका वर्ग में उषा सहानी घुघली प्रथम, रिमझिम गौड़ सिसवा द्वितीय, सपना मौर्य तृतीय स्थान हासिल किए। 800 मीटर दौड़ सीनियर बालिका वर्ग खुशबू नौतनवां प्रथम, पूनम यादव पनियरा द्वितीय और चांदनी चौक बाजार तृतीय स्थान हासिल किया। जूनियर बालिका वर्ग करीना सहानी फरेंदा प्रथम, गोल्डी राव चौक बाजार द्वितीय और खुशबू तृतीय स्थान मिला।

400 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में सना परवीन सिसवा प्रथम, सलोनी जहदा द्वितीय और पूनम देवीपुर सतगुर तृतीय स्थान मिला। बालक वर्ग में संग्राम निषाद चौक बाजार प्रथम, उमेश यादव बरगदवा पिपरा द्वितीय, राहुल यादव निचलौल तृतीय स्थान मिला।

इस दौरान संयोजक तेज प्रताप सिंह, विपिन कुमार श्रीवास्तव, एनसीसी लैप्टीनेन्ट विवेक कुमार सिंह, ब्रजेंद्र पाण्डेय, नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, राकेश यादव, नित्यानंद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## बुढ़वल रेलवे स्टेशन पर नही रुकेंगी 9 ट्रेन, वजह अनुरक्षण कार्य, दोहरीकरण

**बाराबंकी।** बुढ़वल व सुढ़ियामऊ के बीच दोहरीकरण और प्री नॉन इंटरलॉकिंग व रेल सुरक्षा आयुक्त के निरीक्षण को देखते हुए बाराबंकी रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें अगली तारीखों में निरस्त कर दी गईं हैं। आगामी 14 से 19 अक्तूबर तक चलने वाली 12531 गोरखपुर-लखनऊ एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। 14 से 19 अक्तूबर तक चलने वाली गाड़ी संख्या 12532 लखनऊ-गोरखपुर एक्सप्रेस, 15 से 19 अक्तूबर तक चलने वाली गाड़ी संख्या 15114 छपरा कचहरी-गोमतीनगर एक्सप्रेस, 16 से 20 अक्तूबर तक चलने वाली गाड़ी संख्या 15113 गोमतीनगर-छपरा कचहरी एक्सप्रेस निरस्त भी रहेगी। 13 से 19 अक्तूबर तक चलने वाली गाड़ी संख्या 15081 नकहा जंगल-गोमतीनगर एक्सप्रेस, 14 से 20 अक्टूबर तक चलने वाली गाड़ी संख्या 15082 गोमतीनगर-नकहा जंगल एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

## गौसदन के जाँच के लिए डीएम ने गठित किया कमेटी



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद में गोशालाओं की स्थिति जानने और गोशालाओं में बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु शुक्रवार को जिलाधिकारी अनुनय झा ने जनपदस्तरीय अधिकारियों की टीम गठित कर गोशालाओं की जाँच करायी गयी। जनपद में संचालित गौ आश्रय स्थलों/बृहद गो संरक्षण केंद्र/कान्हा हाउस/कांजी हाउस का स्थलीय निरीक्षण 20 अधिकारियों की टीम द्वारा किया गया। इनमें उपायुक्त श्रम रोजगार, एआर कोऑपरेटिव, जिला कृषि अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर/नौतनवां/निचलौल आदि शामिल रहे। अधिकारियों द्वारा गो आश्रय केंद्रों पर पशुओं की गणना करने के साथ-साथ केंद्रों पर भूसा, दाना, हरा चारा आदि की उपलब्धता तथा अन्य व्यवस्थाओं की जाँच की गई। इसके अलावा गोसेवकों की संख्या, उनकी उपस्थिति व मानदेय आदि के विषय मे भी जांच कर आख्या जिलाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराई गयी है। जिलाधिकारी ने कहा है कि शासन की मंशा है कि गोवंशीय पशुओं का बेहतर संरक्षण व संवर्द्धन हो और किसानों को भी समस्या न हो। शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त आख्या के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। गो आश्रय केंद्रों में जो कमियां मिलेंगी, उनको दूर किया जाएगा और गो वंशीय पशुओं के बेहतर संरक्षण व संवर्द्धन को सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जाँच में जो लोग कार्य मे शिथिलता के दोषी पाए जाएंगे, उनकी जवाबदेही तय करते हुए कार्यवाही भी की जाएगी।

## निगम ने करायी सवा करोड़ की भूमि कब्जा मुक्त

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज ताहरपुर स्थित नगर निगम की भूमि से अवैध कब्जा हटवाकर उसे मुक्त कराया और नगर निगम की संपत्ति का बोर्ड लगा दिया। कब्जा मुक्त करायी गयी जमीन का बाजार मूल्य करीब सवा करोड़ रुपये बताया गया है।

नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज के निर्देश पर अतिक्रमण प्रभारी व सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह के नेतृत्व में नगर निगम के अधिकारी ताहरपुर पहुंचे और नगर निगम की जमीन पर अवैध कब्जा कर बोयी गयी फ्सल को कब्जा मुक्त कराकर नगर निगम सम्पत्ति का बोर्ड लगा दिया। सहायक नगरायुक्त ने बताया कि ताहरपुर में खसरा नंबर 19 तालाब की .574 हेक्टेयर भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था जिसे हटाकर निगम सम्पत्ति का बोर्ड लगा दिया गया है। कब्जा मुक्त करायी गयी जमीन का बाजार मूल्य करीब सवा करोड़ बताया जा रहा है।

## प्रशासन ने हटवाया कब्जा



*अवधनामा संवाददाता*

**फरेन्दा (महराजगंज)।** नगर पंचायत आनंदनगर के लाला लाजपत नगर स्थित चौरहिया गोला के पास दफ्तर कांग्रेस पार्टी के लिए चिन्हित भूमि आराजी नंबर 222/0.036 हेक्टेयर 9 डिसमिल पर अवैध कब्जे की शिकायत पर गुरुवार को राजस्व विभाग और नगर पंचायत प्रशासन द्वारा पैमाइश की गई। अधिशासी अधिकारी सुरभि मिश्रा एवं राजस्व निरीक्षक चंद्रमणि पाण्डेय ने हल्का लेखपाल दीपेंद्र सिंह ,पुष्कर पाण्डेय व फरेंन्दा चौकी इंचार्ज विवेक कुमार सिंह के साथ पैमाइश के बाद नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा कब्जा हटवा दिया गया। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव त्रिभुवन नारायण मिश्र ने कहा कि उक्त भूमि पर विगत कई वर्षों से अवैध कब्जा था। इसको लेकर कई बार प्रार्थना पत्र दिया गया था। इस संदर्भ में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ने कहा कि उक्त भूमि को खाली करने व चिन्हाकन के लिए कब्जेदारों को नोटिस जारी किया गया था। राजस्व विभाग व पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में नगर पंचायत कर्मचारियों के सहयोग से भूमि को खाली कराकर सरकारी संपत्ति का बोर्ड भी लगा दिया गया है।

# चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी

अवधनामा संवाददाता




**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन अन्तर्गत ग्राम पंचायत रसियावलकला व हरिवंशपुर के पंचायत भवनों पर शुक्रवार को खण्ड विकास अधिकारी रामप्रवेश की अध्यक्षता में एडीओ सदानंद वर्मा की मौजूदगी मे गांव की समस्या गांव में ही समाधान के तहत चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया।

ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार चौधरी ने ग्रामवासियों से कहे की आप के घर पर जन्म या मृत्यु हो तो 21 दिन के अन्दर आन लाइन आवेदन करके प्रमाण पत्र बनवा लें ताकी आप को ब्लाक पर दौडना न पड़े। सरकार द्वारा संचालित तमाम योजनाओं की जानकारी भी दी गयी।और विधवा, वृद्धा पेंशन, शौचालय, आवास योजना व सड़क नाली के बारे मे बताये और कहे की अगर आप लोगों की कोई समस्या ग्राम पंचायत मे सड़क नाली जैसी हो तो हमे या अपने ग्राम प्रधान को भी अवगत करा सकते है कार्ययोजना में नाम डालकर ताकि आप लोगों की समस्या का समाधान किया जा सके। रसियावल कला ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रिकू पाण्डेय ने कहा की हमारे पिता जी कई बार प्रधान बनकर विकास किया मै भी पिता जी की तरह हर सम्भव ग्राम वासियों के लिए विकास कार्य करेंगे चाहे सौचालय हो आवास माताओं के लिए पेंशन की बात हो या बुजुर्गो के लिए कोई भी लाभ हो हर योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुचाया जायेगा ।वही हरिवंशपुर प्रतिनिधि नजामुद्दीन ने अपने अपने ग्रामीणों से कहाँ की ग्राम वासियों के लिए हर सम्भव प्रयास रहेगा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाया जाएगा ताकि हमारे ग्राम पंचायत मे पात्र व्यक्तियों को लाभ मिले। इस दौरान एडीओ एजी राम कृष्ण मिश्रा, एडीओ आईयसबी प्रमोद कुमार, यूनिसेफ़ से शिखर श्रीवास्तव, बैंक से निजाम जिलानी, टीए अजय श्रीवास्तव, मनोज कुमार, ग्रामीण ईशरावती, बर्फी, मगरु, रामलगन, तेरस, बृजराज सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

## महिला शिक्षामित्र से बदसलूकी करने वाले दबंगों पर कार्यवाही की मांग

**अंबेडकरनगर।** शिक्षा क्षेत्र रामनगर अंतर्गत स्थित कम्पोजिट विद्यालय नीबा में कार्यरत महिला शिक्षामित्र शकीला खातून पर विद्यालय आते समय गांव के दबंगों द्वारा रास्ते में रोक कर अभद्रता व बदसलूकी की गई तथा मारने पीटने की धमकी दी गई। जिसकी शिकायत महिला शिक्षामित्र शकीला खातून द्वारा थाना आलापुर में दी गई तथा 112 नंबर पर भी शिकायत दर्ज कराई गई। दबंगों की अभद्रता व धमकी से महिला शिक्षामित्र हैरान व परेशान है। जिसको लेकर जनपद के शिक्षामित्रों में आक्रोश व्याप्त है। शिक्षामित्र शिक्षक संघ अंबेडकर नगर के जिला अध्यक्ष व शिक्षामित्र केयर समिति अंबेडकर नगर के जिला संयोजक रामचंद्र मौर्य ने महिला शिक्षामित्र से अभद्रता करने वाले व धमकी देने वाले दबंगों पर शीघ्र कार्रवाई किए जाने की मांग किया है। जिलाध्यक्ष, जिला संयोजक रामचंद्र मौर्य ने कहा कि यदि पुलिस द्वारा दबंगों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो जनपद के शिक्षामित्र आन्दोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# हल्लौर में जश्ने मज़ार ए अक़दस मीरा बाबा का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के उपनगर हल्लौर स्थित शाह अब्दुर्र रसूल मीरा बाबा पर जश्ने मज़ार ए अक़दस मीरा बाबा का आयोजन मोमनीन हल्लौर के तत्वधान में गुरुवार शाम किया गया। जिसमें स्थानीय शायरों ने अपने अपने कलाम पढ़कर खेराजे अक़ीदत पेश किया।

**दरगाह शाह अब्दुर्र रसूल मीरा बाबा पर आयोजित महफ़िल में शायरों ने पेश किए कलाम खूब बटोरी वाहवाही**



जिसे सुनकर अक़ीदतमंद खुशी से झूम उठे। कार्यक्रम की शुरुआत इमाम हैदर बबलू ने तिलावत ए कुरान ए पाक से किया। गुरुवार की रात आयोजित महफ़िल को खिताब करते हुए जाकिर-ए-अहलेबैत जमाल हैदर कर्बलाई ने मीराबाबा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की वर्षो पहले इस मिट्टी पर आए हमारे जद शाह अब्दुर्रसूल मीरा बाबा ने इस्लाम का प्रचार प्रसार करते हुए लोगों को इंसानियत और शिक्षा का पैगाम दिया। जिसके चलते आज पूरी दुनिया में कस्बा हल्लौर इल्म के शहर के नाम से जाना और पहचाना जाता है। हल्लौर में आयोजित जश्ने महफ़िल के कन्वीनर मोजिज़ रिज़्वी रहे व निज़ामत जानू रिज़्वी ने किया। इस दौरान शायरों में नौशाद हैदर रिज़्वी, बेताब हल्लौरी, नफीस सैय्यद, सावन हल्लौरी, हसन जमाल, लकी हल्लौरी, छोटे, अज़दार रिज़्वी आदि ने अपने अपने कलाम पेशकर खूब वाहवाही बटोरी। इस दौरान पूर्व प्रधान हल्लौर गुलाम अली, वफादार, लाडले, नायब रिज़्वी, गुड्डू, शकील हैदर, असग़र, हैदर करबलाई, लल्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे। अंत मे शायरों में हदिया (पुरुस्कार) और अक़ीदतमंदो में तबर्रुक (मिष्ठान) का वितरण हुआ।

# राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा

**बीजेपी सरकार को बताया विफल**



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** शुक्रवार को समाजवादी पार्टी डुमरियागंज के कार्यकर्ताओं ने पूर्व सपा प्रत्याशी रामकुमार उर्फ चिंकू यादव के आवाहन पर समाजवादी पार्टी के प्रबुद्ध सभा जिलाध्यक्ष रघुनंदन पांडे की अगुवाई में जनहित की समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ता तहसील कार्यालय परिसर में पहुंचे। यहां वक्ताओं ने सरकार पर जमकर हमला बोला और उसे हर मोर्चे पर विफल बताया।

राज्यपाल को संबोधित 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उपजिलाधिकारी डुमरियागंज प्रवेन्द्र कुमार को सौंपा। प्रदेश की भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते महंगाई, बेरोजगारी, किसानों, नौजवानों व कानून व्यवस्था ध्वस्त होने के चलते समाजवादी कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न, भ्रष्टाचार और घोटालों पर नियंत्रण नहीं है। महिलाएं-बच्चियां असुरक्षित, जनहित से उदासीन सरकार पर कार्यवाही हो। अपने मांगों में मुख्य रूप से बिजली व्यवस्था ध्वस्त है, अस्पतालों में इलाज की सुचारू व्यवस्था नहीं है, स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है, किसान बदहाली का शिकार है, विधान सभा डुमरियागंज की सड़कें जर्जर है, महंगाई चरम पर है।

तोता राम वर्मा ने बताया कि भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने और राज्य में पूंजी निवेश के झूठे दावे कर रही है आदि शामिल है। इस दौरान तोताराम वर्मा, अजय राम यादव, अवधेश सिंह, वजीर हसन, अरुण तिवारी, अजय गुप्ता, अज्जू सिंह, अर्जुन वर्मा, जगराम यादव, कैलास दूबे, खोवा मौर्य, लवकुश यादव, चिक्कू यादव, अकबर, डब्बल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## शिक्षक नेता के नाम पर की फ़र्ज़ी शिकायत

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** बगैर शासकीय मान्यता प्राप्ति के कक्षा संचालन के बाबत जिलाधिकारी, अम्बेडकर नगर से फर्जी शिकायत का प्रकरण प्रकाश में आनेपर सम्बंधित शिक्षक नेता ने ऐसी किसी भी शिकायत किये जाने से इन्कार करते हुए जिलाधिकारी से फर्जी शिकायतकर्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की है। ज्ञातव्य है विकासखंड जहांगीरगंज अंतर्गत कुल 13 विद्यालयों में बगैर मान्यता इंटर तक कक्षाओं के संचालन की शिकायत किसी छद्म व्यक्ति ने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ,अयोध्यामण्डल के अध्यक्ष उदयराज मिश्र के नाम से जिलाधिकारी से की है,जिसका उक्त श्री मिश्र ने खंडन किया है। इस बाबत उक्त शिक्षक नेता ने सम्पर्क करने पर बताया कि उन्होंने ऐसी कोई शिकायत किसी भी अधिकारी से नहीं की है।उन्होंने जिलाधिकारी से उन्हें बदनाम करने की साजिश करने वाले के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाकर उचित कार्यवाही की मांग की है।

# नपाध्यक्ष के आवास पर मनाई गई स्व. बृजभूषण तिवारी की पुण्यतिथि




अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** शुक्रवार को नपाध्यक्ष चमन आरा के नरकटहा आवास पर स्व. बृजभूषण तिवारी का पुण्यतिथि मनाया गया। सिद्धार्थ नगर के आभूषण सीमान्त लोहिया के उपाधि से विभूषित समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, लोकसभा व राज्यसभा में अपनें नीति नियति से सुसज्जित प्रखर वक्ता विद्वान समाजवादी विचारधारा के स्वर्गीय बृजभूषण तिवारी समाजवादी पार्टी के पुरौधा हम लोगों के (गुरुजी) की पुण्यतिथि पर कोटि कोटि नमन किया गया। इस अवसर पर पुर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद ईदरीश पटवारी ने कहा कि गुरुजी समाजवादी विचारधारा को देश दुनिया में फैलाने का काम स्व. बृज भूषण तिवारी ने ताउम्र किया था। यही कारण रहा कि समाज का अंतिम आदमी भी मुख्य धारा से जुड़कर तरक्की कर रहा है। इस अवसर पर. पूर्व अध्यक्ष मो. इदरीश पटवारी सभासदगण, अरुण गुप्ता, बुद्धिराम, खालिद खान (गोल्डी), शाकीर, मुस्तकीम खान, अजहर खान, शारीफ अहमद, महताब आलम, शब्बू खान, आलम सिद्दीकी, केशी त्रिपाठी, सलमान अंसारी, मुबीन खान, छोटू, राधेश्याम जयसवाल, चीनगुड, अभिषेक, सुधीर मौर्य, पवन यादव, राजेश सिंह, अलीम, शब्बू खान, गोलू खान, बब्लू, नेवास का समाजवादी पार्टी के क्रांतिकारी सिपाही व संचालन कर रहे अशद मौजूद रहे।

## पीस कमेटी की बैठक का किया गया आयोजन



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** इंडो नेपाल बॉर्डर पर स्थित खुनुवां पुलिस चौकी परिसर में बृहस्पतिवार को आगामी दशहरा त्यौहार को लेकर चौकी इंचार्ज महेश कुमार शर्मा के नेतृत्व मे पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें सीमावर्ती गाँव के ग्राम प्रधान, व संभ्रान्त लोग मौजूद रहे। बैठक में दुर्गा प्रतिमा स्थापना, मूर्ति विसर्जन रुट, आपरेशन कवच, आपरेशन त्रिनेत्र, व नशा मुक्ति अभियान के बारे मे विस्तार से चौकी इंचार्ज ने मौजूद लोगों को जानकारी देकर जागरुक किया। लोगों से आगामी त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने की अपील की। बैठक में प्रधान सद्दाम, बीडीसी सर्वजीत यादव, प्रधान प्रतिनिधि बहरैची बाबा, गंगाधर मिश्रा, प्रधान संजय,करम हुसैन, पूर्व प्रधान मधुर श्याम गिरी, इसरार अहमद, पूर्व प्रधान फते मोहम्मद, कोटेदार नसीम, बाबू लाल गुप्ता, जटाशंकर गुप्ता, विजय बहादुर चौधरी, भोला यादव, कलीम, हैदर अली, गामा यादव ,ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्य आदि मौजूद रहे।

## नेपाल बार्डर पर पुलिस ने पकड़ा कपड़ों की खेप



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भारत नेपाल बार्डर पर एक बार फिर तस्करी के जरिए नेपाल जा रहे कपड़ों की खेप पुलिस ने पकड़ा। तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है। चौकी इंचार्ज महेश कुमार शर्मा ने बताया कि बृहस्पतिवार को पुलिस टीम तस्करी रोकथाम भ्रमण पर थी कि तभी खुनुवां गांव के सामने हड़हवा बाग के पास नो मेंस लैंड के नजदीक कई ब्यक्ति बोरे में सामान लेकर नेपाल सीमा की ओर जाते दिखाई दिए, पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो लोग सामान फेंककर नेपाल सीमा की ओर भाग गये। बरामद कुल छः बोरा में 200 पीस शाल, 73 लेडीज शूट, व 10 साड़ी मिले। जिसकी कुल किमत 135000/-रुपये आंकी गई। बरामद कपड़ों को 11 कस्टम ऐक्ट के तहत कार्यवाही कर खुनुवां कस्टम विभाग को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल जय प्रकाश कुशवाहा, जालंधर, राजेश, कांस्टेबल अंगद सिंह बघेल, राज गुप्ता, मनोज द्विवेदी शामिल रहे।

## एनटीपीसी फोर्ब्स की विश्व के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता सूची में शामिल होने वाला एकमात्र भारतीय पीएसयू

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी लिमिटेड को हाल ही में जारी फोर्ब्स वर्ल्ड की सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता सूची-2023 में विश्व के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता 2023 में से एक के रूप में शामिल किया गया है। एनटीपीसी विश्व रैंकिंग में शीर्ष 700 कंपनियों में से 261 वें स्थान पर है और सूची में शामिल होने वाला एकमात्र भारतीय पीएसयू है। यह इस बात का प्रमाण है कि एनटीपीसी में कर्मचारी नीतियों एवं पद्धति की गुणवत्ता दुनिया की शीर्ष कंपनियों के समतुल्य है। इस अवसर पर एनटीपीसी टांडा के परियोजना प्रमुख बी. सी. पलेई ने कहा कि एनटीपीसी कर्मचारियों की ज़रूरतों को पहले रखती है। साथ ही रणनीतिक रूप से व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप कर्मचारी नीति एवं पद्धति को अपनाने में विश्वास रखती है। इस सूची में यह स्थान एनटीपीसी के प्रगतिशील दृष्टिकोण, निरंतर प्रक्रिया में सुधार के माध्यम से अपने मानव संसाधनों के विकास और प्रबंधन में उत्कृष्टता, देखभाल, सीखने की संस्कृति, आकर्षक कार्यस्थल, कर्मचारी कल्याण और एक सार्थक, सहयोगी कर्मचारी अनुभव बनाने का साक्ष्य है प्रगतिशील कर्मचारी नीतियों लोगों की नीतियों और हस्तक्षेपों ने एनटीपीसी कार्यबल को सक्रिय और भविष्य के लिए तैयार रहने में सहायता करती है।

# विधवा ने एसडीएम को पत्र देकर लगाई गुहार



अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** ढ़ेबरुआ थाना क्षेत्र के रामनगर में निर्माण कार्य को प्रधान और उसके गुर्गो द्वारा जबरन रोकने, व मारने -पीटने और धमकाने से आहत व भयभीत एक विधवा महिला ने एसडीएम शोहरतगढ़ प्रदीप कुमार से शिकायत का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पता चला है कि मंजू पत्नी स्वर्गीय गोवर्धन निवासिनी रामनगर थाना ढ़ेबरुआ ने एसडीएम शोहरतगढ़ को दिए प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है तथा उसकी ग्राम रामनगर में पैतृक भूमि व मकान है, जिसपर उसका और उसके परिवार का चकबंदी के पूर्व से दो कब्जा चला आ रहा है यही नहीं उक्त भूमि में पुराना नींव भी है जिसपर प्रार्थिनी निर्माण कार्य कर रही थी। प्रार्थना पत्र के माध्यम से एसडीएम शोहरतगढ़ को आप बीती बताते हुए लिखा है कि वर्तमान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विक्रम पुत्र बाबू राम व रूपकला पत्नी प्रमोद कुमार आदि ने जबरन सरकसी के बल पर निर्माण कार्य रोकवा दिए और मारने पीटने कि धमकी देने लगें। चूंकि हम प्रार्थिनी एक विधवा, निर्बल व असहाय महिला हूं। इसलिए विवस होकर मैं आप से न्याय कि गुहार लगा रही हूं और उन्होंने एसडीएम से मकान के निर्माण कार्य को जारी करने व सम्बंधित व्यक्तियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की मांग की है। इस सम्बन्ध में एसडीएम शोहरतगढ़ ने बताया कि पीड़ित महिला का मामला संज्ञान में आया है जांच कर महिला की हर सम्भव मदद होगी।

## कूटरचित तरीके से बैनामा कराये जाने का मुकदमा दर्ज

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** कूट रचित चेक देने व नशा खिलाकर बैनामा कराए जाने के मामले में पुलिस उपाधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। जैतपुर थाना क्षेत्र के नोनहर गांव निवासिनी रीता देवी पत्नी हरीलाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे पति शराब व गांजा के आदी हैं। विपक्षीगण शीला, उमेश और अभिषेक ने 5 - 10- 2023 को धोखाधड़ी करके जमीन को बैनामा करा लिया। उप निबंधक जलालपुर के समक्ष चेक पर प्रार्थिनी के पति को देने का अंकन दस्तावेज पर चार लाख रुपये का चेक दिखाया गया है जो यूनियन बैंक का है। जबकि चेक 4-10- 2022 का है जो मुकेश के द्वारा देना दिखाया गया है जबकि वर्तमान समय में मुकेश विदेश में निवास कर रहा है हरीलाल का कोई खाता यूनियन बैंक आफ इंडिया में नहीं है। जानकारी होने के बाद शिकायती पत्र दिया पुलिस ने इन सभी के विरुद्ध 419, 420, 467, 468, 471 की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस/माह अंतर्गत निकाली गई मानव श्रृंखला



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस/माह अंतर्गत समाज में मानसिक रोग को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य एके झा की अध्यक्षता में एक मानव श्रृंखला मेडिकल कॉलेज प्रांगण से कलेक्ट्रेट तक निकाली गई, जिसमे एमबीबीएस एवं पैरामीडिकल के छात्रों ने प्रतिभाग किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मानसिक रोग का महत्व समझाया। इस दौरान सांसद जगदंबिका पाल ने अपने विचारों को छात्रों के समक्ष व्यक्त किया और मानसिक स्वास्थ्य के महत्त्व को रेखांकित किया। सांसद ने छात्रों का प्रोत्सावर्धन किया और चिकित्सा महाविद्यालय के छात्रों के उत्थान के लिए राष्ट्रीय स्तर के गेस्ट फैकल्टी द्वारा ज्ञान साझा करने की सहमति जताई। इस कार्यक्रम में चिकित्सा महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ विष्णु कुमार अवस्थी, डॉ नौशाद आलम, डॉ आशीष त्रिपाठी, डॉ नीलम जयसवाल, डॉ अफ़ज़ल इत्यादि चिकित्सक मौजूद रहे।

# जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता में राजेसुल्तानपुर अव्वल

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** माध्यमिक शिक्षा विभाग अम्बेडकरनगर के तत्वावधान में आयोजित जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिताओं में राजेसुल्तानपुर क्षेत्र गतवर्षो की भांति इसवर्ष भी अव्वल रहा।हालांकि बालकों के सीनियर संवर्ग फाइनल मैच में उसे जलालपुर के हाथों 17-15 के मामूली अंतर से हार का मुँह देखना पड़ा।

गौरतलब है कि स्थानीय गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, राजेसुलतानपुर में आयोजित आज की जनपदीय प्रतियोगिताओं के प्रथम चरम के सेमीफाइनल मुकाबलों में जलालपुर सीनियर बालिकाओं ने अकबरपुर को 31-25 से तथा किछौछा क्षेत्र की सीनियर बालिकाओं को टांडा ने 24-18 अकबरपुर सीनियर संवर्ग के बालकों ने टांडा को 17-9 और राजेसुलतानपुर जूनियर संवर्ग बालकों ने नजदीकी मुकाबले में 17-16 से पराजित किया। इसी तरह राजेसुलतानपुर की जूनियर संवर्ग बालिकाओं ने जलालपुर को 27-13 यहीं के सीनियर बालकों ने किछौछा को एकतरफा मैच में हराया। इतना ही नहीं राजेसुलतानपुर की सीनियर संवर्ग बालिकाओं ने हंसवर को 35-9 से व हंसवर के सीनियर बालकों को जलालपुर सीनियर बालकों ने 26-15 से तथा टांडा के जूनियर बालकों ने अकबरपुर को 27-6 से हराकर फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया इसी क्रम में सम्पन्न हुए फाइनल मुकाबलों में सीनियर संवर्ग बालिका वर्ग के प्रथम फाइनल में जलालपुर ने टांडा को 33-32 से जबकि सुपर फाइनल मुकाबले में राजेसुलतानपुर ने जलालपुर को 32-6 से जोरदार पटखनी दी।

इसी तरह बालिकाओं के जूनियर संवर्ग फाइनल मुकाबले में राजेसुलतानपुर ने टांडा को 23-10 से हराकर मण्डल में चयनित हुई। दिलचस्प बात तो यह है कि बालकों के सीनियर संवर्ग के सुपर फाइनल मुकाबले में मेजबान राजेसुलतानपुर को जलालपुर के हाथों 17-15 से अपने ही ग्राउंड पर पराजित होना पड़ा किन्तु जूनियर संवर्ग बालक वर्ग में यहां की टीम ने टांडा को 16-13 से हराकर मण्डल की राह पकड़ी। इससे पूर्व आज प्रतियोगिताओं का रंगारंग उद्घाटन प्रबन्धक सर्वेन्द्र वीर विक्रम सिंह व प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रेम नारायण सिंह ने फीता काटकर कबूतर उड़ाते हुए किया। इस अवसर पर सरस्वती पूजन के साथ ही साथ स्वागतगीत व भव्य कार्यक्रम भी आयोजित करते हुए जोरदार आतिशबाजी भी की गयी। आज सम्पन्न हुई जनपदीय प्रतियोगिताओं का संचालन राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मण्डलीय अध्यक्ष उदयराज मिश्र ने किया जबकि टाइम कीपर राजेश मिश्रा व स्कोरर सुनील कुमार, प्रियंका चौरसिया सहित निर्णायक अरुण यादव, शशिमौलि तिवारी, मुकेश दुबे, अखिलेश सिंह, राघवेंद्र कुमार, अमरनाथ पांडेय तथा फील्ड मार्शल का दायित्व ओम प्रकाश सिंह व संतोष सिंह तथा राणा सिंह ने निर्वहन किया। अंत में प्रधानाचार्य कप्तान सिंह ने अभी पधारे हुए खिलाड़ियों, निर्णायकों सहित प्रबंध समिति से सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# लेखपालों के निलंबन पर भड़क उठा लेखपाल संघ



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नौगढ़ व शोहरतगढ़ तहसील के लेखपालों के निलंबन पर डुमरियागंज लेखपाल संघ भड़क उठा है। अकारण एवं नियम के विरुद्ध निलंबन कार्रवाई की निंदा करते हुए गुरुवार से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। दूसरे दिन शुक्रवार को डुमरियागंज तहसील परिसर में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ तहसील इकाई के तत्वाधान में सभी लेखपाल एकत्रित हुए और मांगों के समर्थन में नारीबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू किया। तहसील अध्यक्ष रमेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि लेखपाल अपने जीवन को संकट में रखकर आम जनता की सेवा में लगा रहता है तथा शासन की योजनाओं का लाभ जनता को पहुंचाने का कार्य करता है चाहे बाढ़ हो बरसात हो अग्निकांड हो कोई भी दैवीय आपदा हो लेखपाल ही उपस्थित मिलता है इसके बावजूद लेखपालों को प्रोत्साहित करने के बजाय निलम्बित कर दिया जाता है जो भयंकर ताना शाही का द्योतक है लेखपाल संघ इसको बर्दाश्त नही करेगा और जब तक निलंबित साथी बहाल नही होंगे तथा जिलाकार्यकरिणी के प्रस्ताव पर त्वरित कार्यवाही नही होगी जिलाकार्यकरिणी के निर्देशानुसार धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। संचालन तहसील मंत्री राजेश प्रताप मणि ने किया। इस अवसर पर लेखपाल संघ के उपाध्यक्ष गंगोत्री प्रसाद पाण्डे, सतीश चन्द्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष दिग्विजय चौरसिया, आडिटर अम्बिका प्रसाद, उपमंत्री राजीव, मीडिया प्रभारी वीरेन्द्र यादव सहित काफी संख्या में लेखपाल उपस्थित रहे।

## टांडा पालिकाध्यक्ष ने सफाईकर्मियों को वर्दी बांटी



**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** टांडा पालिकाध्यक्ष शबाना नाज़ ने आज अपने चैम्बर में स्थायी रूप से कार्यरत 53 सफ़ाई कर्मचारियों को दो दो सेट वर्दी का वितरण किया सफाई कर्मियों में वर्दी पाकर काफ़ी प्रसन्न दिखाई पड़े सफ़ाई कर्मियों में महिलाओं की भी संख्या थी। सफ़ाई कर्मियों को वर्दी वितरण करने के पश्चात अध्यक्ष नगर पालिका श्रीमती नाज़ ने बताया कि सफ़ाई कर्मचारी जो प्रतिदिन नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सफ़ाई सभी मौसम में करते हैं और नगर को अधिक से अधिक स्वच्छ रखने में अपना भरपूर सहयोग लगातार देते हैं नगर को साफ़ व क्षेत्र को साफ़ करवाने के लिये इनके साथ सफ़ाई नायकों की भी बहुत भूमिका होती है। वर्दी वितरण के दौरान पालिका टांडा के एकाउंटेंट जलील अहमद नोडल सफाई नायक मोहम्मद अहमद शकील अहमद वार्ड सभासद मोहम्मद शकील जावेद अंसारी नदीम अंसारी पोली नवीन मेहरोत्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## ब्रेनस्ट्रोक मौत की वजह

दुनियां में ब्रेन स्ट्रोक मौत की दूसरी वजह है। स्ट्रोक तब होता है जब मस्तिक में रक्त संचार में रूकावट आती है, जब खून की नलिका में टूटफूट हो जाये। इससे खून और आक्सीजन का मस्तिष्क उतकों तक पहुचना रूक जाता है। इसे फिर से जिन्दा नहीं किया जा सकता है। इससे लोग विकलांग भी हो जाते है।

भारत में ब्रेन स्ट्रोक के पहले से ही एक करोड़ मामले थे पर अब उसमें 1.29 मिलियन मामले और जुड़ गये है। भारत में हर मिनिट में तीन लोग ब्रेन स्ट्रोक के शिकार होते है। ब्रेन स्ट्रोक के दुनियां भर में लोगो के मौत की दूसरी वजह है। विकलांगता की यह तीसरी वजह है। ये आकड़े भयावह है। इस पर तुरन्त ध्यान देने की जरूरत है और गम्भीरता पूर्वक इससे बचने के प्रयास भी करने चाहिये। यह वैश्विक स्तर पर भी सेहत के देखभाल की खास चिन्ता बनी हुई है। स्ट्रोक दो तरह के होते है। इसकेमिक स्ट्रोक और रक्तस्रावी स्ट्रोक इस्कोमिक स्ट्रोक से 80 प्रतिशत आघात होते है और 20 प्रतिशत आघात रक्तस्रावी से।

स्ट्रोक आदमी के दिनचार्या की गड़बड़ी और स्वास्थ्य के प्रति उदासीनता से पैदा होते है। ध्रुमपान, ब्लडप्रशेर क्लोस्ट्राल धमनी रोग, निष्क्रिय फिजिकल जीवन इसमें शरीर का मोटापा बढ़ जाता है और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। स्वस्थ पौष्टिक सन्तुलित खानपान, योगा, कसरत, नियमित निर्धारित सन्तुलित जीवन शैली आदि अपना कर इससे बचा जा सकता है।

पर कुछ वजहे है जिसमें मजबूरी है। जैसे बढ़ी उम्र अनुवांशिक वजहों से होने वाले स्ट्रोक का कोई इलाज नहीं हो पाता है। भारत के सन्दर्भ में और दूसरे मुल्कों के सन्दर्भ में जहां निम्न आय वर्ग के लोग ज्यादा हो, वहां के शहरों और गांवो के लोंगो में न्याप्त आघात जनित बीमारियों, मृत्युदरों, और दीर्घकालिक विकलांगता के रोकना जरूरी है। दक्षिण पूर्व एशियाई मुल्कों में वैश्विक स्ट्रोक मृत्युदर और विकलांगता का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। इसलिये आघात के रोकने की कार्यनिति बनाने और लागू करने की अहम जरूरत है। दुनियां के नागरिक स्वस्थय रहेगें तो दुनियां की सम्पन्नता और जीवन की गुणवत्ता बढ़ेगी लोंगो का जीवन स्तर और स्वथ्यस्तर और ऊपर जायेगा। ब्रेन स्ट्रोको को लेकर लांसेट की रिपोर्ट आई है। वह स्ट्रोक के प्रति जागरण की पुकार है। इन्डियन कौन्सिल आफ मेडिकल रिसर्च के सहयोग से एक अध्ययन किया गया है। इस मेडिकल जर्नल के अध्ययन के मुताबिक 2050 तक भारत सहित दुनियां के मध्यम आप वाले देशो में ब्रेन स्ट्रोक से 10 मिलियन लोग मर सकते है। भारत में पहले से ही एक करोड़ मामले थे अब उसमें 1.29 मिलियन नये मामले और आ गये है। इसके अनुसार अपने देश में हर मिनट में तीन लोगो को ब्रेन स्ट्रोक पड़ता है। मेडिकल विभाग के लिये भारी चुनौती है।

हमास के लड़ाकों ने 100 से अधिक नागरिकों को जिन में उसकी सेना के कई वरिष्ट अफसर तक शामिल हैं उन्हें बंधक बना लिया और इस्राइल व गाजा पट्टी के बीच बनी दिवार को बुलडोज़र से गिरा कर मोटरसाइकलों से इस्राइल की राजधानी तिलअबेब यरोशलम, इश्कोलिन आदि शहरों में भी दाखिल हो गये और वहां भारी तबाही मचाई। बंधक बनाए गए लोगों में एक जर्मन लड़की भी शामिल है उसे पकड़ते वक़्त हमास के लड़ाकों ने अल्लाह ओ अकबर का नारा लगाया। यह पकड़ एक शर्मनाक और अक्षम्य हरकत है जिसकी कोई सभ्य समाज इजाज़त नहीं दे सकता।

# ऐतिहासिक अन्याय समाप्त किये बिना मध्य पूर्व में शांति संभव नहीं

केवल इस्राइल, इस्राइल की सेना और वहां की जनता ही नहीं पूरी दुनिया आश्चर्यचकित है कि अजेय समझी जाने वाली उसकी सेना को हमास के कुछ सौ लड़ाकों ने किस तरह तहस नहस कर दिया, कैसे अभेद समझे जाने वाले उसके लौह गुंबद को एक साथ पांच हज़ार मिज़ाइल बरसा कर ताश के पत्तों की तरह बिखेर दिया और कैसे दुनिया की सब से बेह्तरीन और मारक समझी जाने वाली उसकी ख़ुफ़िया एजेंसी मोस्साद और अमरीका की सी आई ए



उबैदउल्लाह नासिर

दोनों को हमास के इस हमले की कानों कान खबर नहीं हुई। ज़ाहिर है कि ज़मीन हवा और समुद्र से किये गए हमास के इस हमले की तय्यारी उस ने वर्षों नहीं तो महीनों पहले ज़रुर की होगी और जिस ख़ुफ़िया एजेंसी के बारे में यह कहा जाता था की फ्रंट लाइन के अरब देशों विशेषकर मिस्र सीरिया जॉर्डन इराक आदि के राष्ट्रपति रात में क्या खाना खायेंगे उसका पता मोसाद को दोपहर में ही चल जाता था, वह इस तय्यारी की भनक तक नहीं पा सकी। 1948 में अपनी स्थापना से ले कर उस दिन के हमले तक इस्राइल को कभी किसी अरब देश की सेना या किसी फिलस्तीनी प्रतिरोधी संगठन से ऐसा गहरा ज़ख्म नहीं मिला जैसा इस हमले से उसे मिला है। हमास ने चंद घंटों के हमले में ही इसराइल के करीब 500 फौजी और शहरी हलाक कर दिए (अब तक इसराइल में, मरने वालों की संख्या एक हज़ार से ऊपर जा चुकी है)। हमास के लड़ाकों ने 100 से अधिक नागरिकों को जिन में उसकी सेना के कई वरिष्ट अफसर तक शामिल हैं उन्हें बंधक बना लिया और इस्राइल व गाजा पट्टी के बीच बनी दिवार को बुलडोज़र से गिरा कर मोटरसाइकलों से इस्राइल की राजधानी तिलअबेब यरोशलम, इश्कोलिन आदि शहरों में भी दाखिल हो गये और वहां भारी तबाही मचाई। बंधक बनाए गए लोगों में एक जर्मन लड़की भी शामिल है उसे पकड़ते वक़्त हमास के लड़ाकों ने अल्लाह ओ अकबर का नारा लगाया। यह पकड़ एक शर्मनाक और अक्षम्य हरकत है जिसकी कोई सभ्य समाज इजाज़त नहीं दे सकता। उस जर्मन लड़की को तुरंत रिहा कर दिया जाना चाहिए क्योंकि उसका हमास इस्राइल युद्ध से कुछ लेना देना नहीं है।

यहाँ एक बात याद दिलाते चलें की इस्राइल के अजेय होने का भ्रम अरबों ने कोई पहली बार नहीं तोड़ा है इससे पहले 1973 में ऐसे ही एक अचानक हमला करते हुए मिस्र और सीरिया की सेना ने इस्राइल की तबकी अभेद समझी जाने वाली बार्लीव लाइन तोड़ कर बहुत अंदर तक घुस गयी थी हालत यह हो गयी थी की इसराइल को अपना वजूद ही खतरे में दिखाई देने लगा था और परेशान हाल इस्राइली प्रधान मंत्री श्रीमती गोल्डामायर ने अमरीका से मदद की गुहार करते हुए कहा था की अगर मिस्र और सीरिया की सेनाएं ऐसे ही बढती रहीं तो इसराइल को बचाने के लिए हमें एटम बम का प्रयोग करना पड़ेगा



उधर तत्कालीन सोवियत यूनियन भी मिस्र और सीरिया की हिमायत में सामने आ गया था और ऐसा लग रहा था कि क्यूबा के तनाव की तरह दोनों सुपर पॉवर फिर आमने सामने होंगी लेकिन वह खतरा टल गया। हालांकि उस युद्ध के बाद अरब देशों की राजनीति और फिलस्तीन समस्या के प्रति उनके लगाव का इतिहास बदल गया।

1948 में इस्राइल की स्थापना के साथ ही फिलस्तीन की मुक्ति के लिए के संगठन बने और उन्होंने एक प्रकार से इस्राइल के खिलाफ छापा मार युद्ध शुरू कर दिया और इस्राइल क्रूरता पूर्वक उनका दमन करता रहा। इन में यासिर अरफात नाम के नवजवान इंजिनियर की अल-फतह और जॉर्ज हब्बाश नाम के डॉक्टर का संगठन सब से बड़ा था कालान्तर में इन दोनों के अलावा भी अन्य छोटे संगठनों ने मिल कर फिलस्तीन मुक्त संगठन (PLO) का गठन किया और छापा मार युद्ध के साथ ही डिप्लोमेटिक स्तर पर भी काम शुरू किया यासिर अरफात जमाल अब्दुल नासिर के बाद अरबों के ही नहीं दुनिया भर के साम्राज्य विरोधी शक्तियों और अवाम के सर्व प्रिय नेता बन गए वह दुनिया के पहले ऐसे नेता बने जो कभी आतंकवादी कहे जाते थे लेकिन जिनको UNO में अपनी बात कहने का अवसर मिला वहाँ उन्होंने ऐतिहासिक भाषण देते हुए कहा था मैं इस अंतर्राष्ट्रीय संगठन को इस हालत में सम्बोधित कर रहा हूँ की मेरे एक हाथ में जैतून की टहनी (शांति की प्रतीक) और दुसरे हाथ में बंदूक (युद्ध की तय्यारी) है अब यह आप पर निर्भर करता है की मेरे हाथ से जैतून की शाख न गिरने दें। मगर हुआ वही जिसका डर था ओस्लो में इसराइल के प्रधान मंत्री यिथ्जाक राबिन और यासिर अरफात के बीच समझौता हुआ, अरफात ने अपनी पुरानी पॉलिसी बदलते हुए इस्राइल के वजूद को मान लिया बदले में उन से स्वतंत सार्वभौम फिलस्तीन राज्य देने का वादा किया गया जिसकी राजधानी यरोशलम होगा मगर बदले में उन्हें फिलस्तीन अथारिटी का झुनझुना पकड़ा दिया गया जिसकी हैसियत म्युसिपिलिटी से अधिक नहीं थी। इस से अरफात की हैसियत बहुत कमज़ोर हो गयी इस्राइल की इस धोकेबाज़ी ने उन्हें तोड़ के रख दिया और वह बीमार रहने लगे और बीमारी की हालत में ही स्वर्गवासी हो गए। इस्राइल की इस धोके बाज़ी और अरफात की कमजोरी फिर मौत ने कट्टर पंथी फिलस्तीनियों को बल मिला और शेख यासीन नामी एक दिव्यांग जो व्हील चेयर पर चलते थे उन्होने हमास नामी संगठन खड़ा किया जिसने इस्राइल के प्रति पुरानी पॉलिसी अपनाई अर्थात इस्राइल के वजूद को ही अस्वीकार करते हुए पूरे फिलस्तीन को इस्राइल के कब्जे से मुक्त कराने के लिए सशस्त्र संघर्ष शुर कर दिया जिसका सब से ताज़ा उदाहरण इसराइल पर किया गया यह हमला है जिसमें इस्राइल के पूरे इतिहास में एक दिन में सब से ज्यादा लोग मारे गए और बड़े बड़े फौजी अफसर बंधक बना लिए गए। यदि इस्राइल ने ओस्लो में यासिर अरफात से किये गए समझौते पर ईमानदारी से अमल किया होता तो हमास पैदा ही न होता।

ज़ाहिर है हमास के हाथों इस बुरी तरह पिटने और दुनिया भर में उसकी जो अजेय होने की इमेज बनी थी वह चकना चूर हो जाने के बाद इस्राइल को चुप तो नहीं बैठना था। इस्राइली प्रधान मंत्री नितिनयाहू ने ऐलान किया की हमास ने हमारे खिलाफ युद्ध छेड़ दिया और अब यह युद्ध हमास को पूरी तरह खत्म कर देने के साथ ही रुकेगा इस धमकी के साथ ही उन्होंने गाजा पट्टी पर अंधाधुंध बमबारी का आदेश दिया और आज तक की खबर यह है की गाजा में जबर्दस्त तबाही हुई है डेढ़ हज़ार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं इसराइल ने गज़ा के लिए बिजली पानी राशन आदि की सप्लाई रोक दी है। इस्राइल गाजा को मलबे के ढेर में बदल देने पर उतारू है लेकिन इस्राइल की यह कार्रवाई कोई नई और पहली नहीं है फिलस्तीनी अवाम उसकी इस बर्बरता और अमानवीय कार्रवाई का सैकड़ों बार सामना कर चुके है यह बात अलग है की इस बार वह ज़ख़्मी नाग की तरह सब को डस कर समाप्त कर देने पर उतारू है। हमास ने इस हमलेसे कई लाभ हासिल किये हैं सब से पहला तो यह की अंतर्राष्ट्रीय उथल पुथल वैश्वीकरण आदि के कारण फिलस्तीन की समस्या को मुर्दा समझ लिया गया था, अधिकतर देश इस्राइल को न केवल मान्यता दे चुके थे बल्कि उसके हमदर्द भी हो गये थे।

## कृषि प्रधान देश में बेरोज़गार किसान





मनीषा, मोनिका

किसी देश के विकास में आने वाली समस्याओं में एक प्रमुख समस्या बेरोज़गारी है। भारत जैसे विशाल देश में आज भी कई छोटे छोटे गांव ऐसे हैं जहां नौजवानों की एक बड़ी आबादी बेरोज़गार है। नौकरी के लिए या तो उनके पास कोई स्रोत नहीं है या फिर उन्हें शहरों के लिए पलायन करनी पड़ रही है। देश की बढ़ती जनसंख्या कारण रोज़गार की मांग में भी दिन-ब-दिन इज़ाफ़ा होता जा रहा है। लोगों को पर्याप्त रोज़गार नहीं मिलने का एक परिणाम यह भी है कि देश में गरीबी का आंकड़ा संतोषजनक रूप से कम नहीं हो रहा है। वर्तमान में, एक तरफ जहां भारत विश्व मानचित्र पर विकसित देश के रूप में उभर रहा है, वहीं दूसरी ओर इसी देश के छोटे छोटे गांवों में लोग आज भी खेती और पशुपालन पर ही निर्भर हैं। अब तो जलवायु परिवर्तन का प्रभाव खेती में भी दिखने लगा है। जहां पहले की अपेक्षा खेती में उत्पादन प्रभावित होने लगा है।

इसकी एक मिसाल राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर गांव भी है। पहले से ही गर्मी और सूखे की मार झेल रहे इस गांव के किसानों के खेत पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलने के कारण सूख रहे हैं। जिसके कारण खेती का काम प्रभावित हो रहा है और पूरी मेहनत के बावजूद उन्हें उनकी फसल का लागत भी नहीं मिल पा रहा है। इसका सबसे अधिक प्रभाव आर्थिक रूप से छोटे स्तर के किसानों को हो रहा है। जो खेती के साथ साथ परिवार का पेट पालने के लिए दिहाड़ी मज़दूर के रूप में भी काम करने को मजबूर हैं। इस गांव में लगभग 130 घर हैं। जिनमें केवल 2-3 घर ही ऐसे हैं जिनके सदस्य सरकारी नौकरी में हैं। शेष सभी या तो खेती का काम करते हैं अथवा पशुपालन के माध्यम से आय अर्जित करते हैं। गांव वालों के अनुसार साल में केवल एक बार जुलाई से अक्टूबर माह के दौरान वह खेती से जुड़े काम करते हैं और अक्टूबर में फसल कटाई के बाद बेरोज़गारी की समस्या से जूझते हैं। लेकिन इसमें भी एक मुख्य समस्या यह है कि साल में एक बार हो रही खेती पूरी तरह से वर्षा पर निर्भर करती है। यदि समय पर बारिश न हुई तो फसल पूरी तरह से तबाह होने के कगार पर पहुंच जाती है। आर्थिक रूप से संपन्न कुछ किसान तो इस दौरान खेतों में पानी पहुंचाने की व्यवस्था कर लेते हैं, लेकिन छोटे स्तर के किसान को आर्थिक नुकसान के अलावा कुछ नहीं मिलता है और न ही उनके पास रोज़गार के ऐसे दूसरे साधन होते हैं जिससे वह अपने आर्थिक नुकसान की भरपाई कर सकें।

इस संबंध में गांव के एक 45 वर्षीय किसान प्रेमनाथ कहते हैं कि उनके पास रोज़गार और आय के स्रोत के नाम पर ज़मीन के केवल कुछ टुकड़ा है। जिससे साल भर की आमदनी भी नहीं हो पाती है, लेकिन इसके बावजूद वह केवल इसलिए खेती करते हैं क्योंकि उनके पास स्थाई रूप से रोज़गार का कोई अन्य साधन नहीं है। वह कहते हैं कि इस वर्ष समय से वर्षा नहीं होने के कारण उन्हें खेती में नुकसान हो रहा है। ऐसे में उन्हें घर चलाना, बच्चों की शिक्षा, घर के बुजुर्गों की दवाई और अन्य खर्च निकालना कठिन हो जाएगा। प्रेमनाथ के अनुसार अब उनके पास दिहाड़ी मज़दूर बनने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं है। एक अन्य किसान 42 वर्षीय गोपाल कहते हैं कि हम जैसे छोटे स्तर के किसानों के लिए कृषि कार्य मुश्किल होता जा रहा है। हालांकि सरकार की ओर से बच्चों की मुफ्त शिक्षा, बीमारों के लिए सरकारी अस्पताल से मुफ्त दवाई, और खाद सब्सिडी भी मिलती है। लेकिन जब समय पर वर्षा नहीं होने के कारण फसल प्रभावित हो जाती है तो हमें आर्थिक संकट से गुज़रना पड़ता है। यदि सरकार गांव में रोज़गार के अन्य साधन उपलब्ध करवा दे तो ऐसी परिस्थिती में भी हमें आर्थिक संकट से नहीं गुज़रना पड़ेगा। हालांकि आर्थिक रूप से संपन्न किसानों को ऐसी परिस्थिती से नहीं गुज़रना पड़ता है। गांव के एक युवा किसान 33 वर्षीय प्रभुराम शर्मा कहते हैं कि उनके पास बीस बीघा से अधिक पुश्तैनी ज़मीन है। जिससे इतनी फसल हो जाती है कि पूरे वर्ष गुज़ारा हो जाता है। इसके अतिरिक्त उनके पास 2 गायें भी हैं। वह कहते हैं कि उनके खेतों से इतनी फसल हो जाती है कि केवल उनके परिवार ही नहीं, बल्कि गायों के लिए भी साल भर के चारे का इंतज़ाम हो जाता है। हालांकि प्रभुराम शर्मा इस बात को स्वीकार करते हैं कि गांव के छोटे किसानों के लिए कृषि का काम दिन-ब-दिन मुश्किल होता जा रहा है। उनकी खेती पूरी तरह से वर्षा पर निर्भर करती है। यदि समय पर बारिश नहीं हुई तो छोटे किसानों के लिए आर्थिक संकट खड़ा हो जाता है और उन्हें परिवार का पेट पालने के लिए मज़दूरी करनी पड़ती है। प्रभुराम शर्मा कहते हैं कि यदि लूणकरणसर में कोई उद्योग स्थापित हो जाए तो छोटे स्तर के किसानों के लिए आय का दूसरा स्रोत खुल सकता है।

# चुनौती एवं गंभीर समस्या बन रहा है ई-कचरा

ई-अपशिष्ट दिवस रीसाइक्लिंग और ई-कचरे को कम करने के महत्व पर बल देता है। इस दिन को मनाना और ई-कचरे के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है क्योंकि केवल 78 देशों में ही ई-कचरा प्रबंधन अच्छा है। विश्व की केवल 71 प्रतिशत जनसंख्या ई-कचरा कानून के अंतर्गत आती है।

दुनिया डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं की ओर तेजी से बढ़ रही है, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं एवं इलेक्ट्रोनिक क्रांति ने लोगों के जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन अर्थव्यवस्था एवं जीवन का डिजिटल अवतार इलेक्ट्रोनिक कचरे की शक्ल में एक नयी चुनौती एवं जटिल समस्या को लेकर आया है। घरों में इस्लेमाल होनेवाले कूलर, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर जैसी वस्तुओं के अलावा कार्यालय में लैपटॉप, कम्प्यूटर, मोबाइल, डिजिटल घड़ी, टीवी तय समय के बाद ई-कचरे में परिवर्तित हो जाते हैं, इस ई-कचरे एवं ई-अपशिष्ट के प्रभावों को प्रतिबिंबित करने एवं इसे नियंत्रित करने की जागरूकता के अवसर के रूप में वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष 14 अक्तूबर को अंतर्राष्ट्रीय ई-अपशिष्ट दिवस अपशिष्ट विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण फोरम (ड्ब्ल्यूईईई) द्वारा मनाया जाता है। दुनियाभर में 46 देशों सक्रिय ड्ब्ल्यूईईई फोरम एक उत्पादक उत्तरदायित्व संगठन है, जो एक गैर-लाभकारी संघ है, जिसकी स्थापना अप्रैल 2002 में हुई थी। संयुक्त राष्ट्र भी कहता है कि दुनियाभर में ई-कचरा 53.6 मिलियन टन उत्पन्न हो रहा हैं। इसमें से केवल 17.4 प्रतिशत का ही संग्रहण और पुनर्चक्रण किया जाता है। यह भी अनुमान है कि 2030 तक 74 मिलियन टन ई-कचरा उत्पन्न होगा। प्रौद्योगिकी में तेजी से प्रगति, शहरीकरण प्रक्रिया और आर्थिक विकास ई-कचरे में तेजी से वृद्धि के प्रमुख कारण हैं। अपशिष्ट विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (ड्ब्ल्यूईईई) फोरम के अनुसार, वर्ष 2022 में लगभग 5.3 बिलियन मोबाइल/स्मार्टफोन उपयोग से बाहर हो गये थे।



ललित गर्ग

लगातार बढ़ रहा ई-कचरा न केवल भारत के लिये बल्कि समूची दुनिया के बड़ा पर्यावरण, प्रकृति एवं स्वास्थ्य खतरा है। ई-कचरा से तात्पर्य उन सभी इलेक्ट्रानिक और इलेक्ट्रिकल उपकरणों (ईईई) तथा उनके पार्ट्स से है, जो उपभोगकर्ता द्वारा दोबारा इस्तेमाल में नहीं लाया जाता। ग्लोबल ई-वेस्ट मानिटर-2020 के मुताबिक चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा ई-वेस्ट उत्पादक है। चूंकि इलेक्ट्रिक्ल और इलेक्ट्रानिक उपकरणों को बनाने में खतरनाक पदार्थों (शीशा, पारा, कैडमियम आदि) का इस्तेमाल होता है, जिसका मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है। दुनियाभर में इस तरह से उत्पन्न हो रहा ई-कचरा एक ज्वलंत समस्या के रूप में सामने आ रहा है। पारा, कैडमियम, सीसा, पॉलीब्रोमिनेटेड फ्लेम रिटार्डेंट्स, बेरियम, लिथियम आदि ई-कचरे के जहरीले अवशेष मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक होते हैं इन विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने पर मनुष्य के हृदय, यकृत, मस्तिष्क, गुर्दे और कंकाल प्रणाली की क्षति होती है। इसके अलावा, यह ई-वेस्ट मिट्टी और भूजल को भी दूषित करता है। ई-उत्पादों की अंधी दौड़ ने एक अन्तहीन समस्या को जन्म दिया है। शुद्ध साध्य



के लिये शुद्ध साधन अपनाने की बात इसीलिये जरूरी है कि प्राप्त ई-साधनों का प्रयोग सही दिशा में सही लक्ष्य के साथ किया जाये, पदार्थ संयम के साथ इच्छा संयम हो।

आज दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं, जिसमें से ई-वेस्ट एक नई उभरती विकराल एवं विध्वंसक समस्या भी है। दुनिया में हर साल 3 से 5 करोड़ टन ई-वेस्ट पैदा हो रहा है। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर के मुताबिक भारत सालाना करीब 20 लाख टन ई-वेस्ट पैदा करता है और अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद ई-वेस्ट उत्पादक देशों में 5वें स्थान पर है। ई-अपशिष्ट दिवस रीसाइक्लिंग और ई-कचरे को कम करने के महत्व पर बल देता है। इस दिन को मनाना और ई-कचरे के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है क्योंकि केवल 78 देशों में ही ई-कचरा प्रबंधन अच्छा है। विश्व की केवल 71 प्रतिशत जनसंख्या ई-कचरा कानून के अंतर्गत आती है। ई-वेस्ट के निपटारे में भारत काफी पीछे है, जहां केवल 0.003 मीट्रिक टन का निपटारा ही किया जाता है। यूएन के मुताबिक, दुनिया के हर व्यक्ति ने साल 2021 में 7.6 किलो ई-वेस्ट डंप किया। भारत में हर साल लगभग 25 करोड़ मोबाइल ई-वेस्ट हो रहे हैं। ये आंकड़ा हर किसी को चौंकाता है एवं चिंता का बड़ा कारण बन रहा है, क्योंकि इनसे कैंसर और डीएनए डैमेज जैसी बीमारियों के साथ कृषि उत्पाद एवं पर्यावरण के सम्मुख गंभीर खतरा भी बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, ई-कचरे से निकलने वाले जहरीले पदार्थों के सीधे संपर्क से स्वास्थ्य जोखिम हो सकता है।

दुनिया भर में इलेक्ट्रॉनिक कचरे के बढ़ने की सबसे बड़ी वजह इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की तेजी से बढ़ती खपत है। आज हम जिन इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को अपनाते जा रहे हैं उनका जीवन काल छोटा होता है। इस वजह से इन्हें जल्द फेंक दिया जाता है। जैसे ही कोई नई टेक्नोलॉजी आती है, पुराने को फेंक दिया जाता है। इसके साथ ही कई देशों में इन उत्पादों के मरम्मत और रिसायक्लिंग की सीमित व्यवस्था है या बहुत महंगी है। ऐसे में जैसे ही कोई उत्पाद खराब होता है लोग उसे ठीक कराने की जगह बदलना ज्यादा पसंद करते हैं। साल 2021 में डेफ्ट यूनिवर्सिटी आफ टेक्नोलाजी द्वारा किए गए सर्वेक्षण में फोन बदलने का सबसे बड़ा कारण साफ्टवेयर का धीमा होना और बैटरी में गिरावट रहा। यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी की ओर से जारी 'ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर 2020 रिपोर्ट के मुताबिक साल 2019 में दुनिया में 5.36 करोड़ मीट्रिक टन ई-कचरा पैदा हुआ था। अनुमान है कि साल 2030 तक इस वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक कचरे में तकरीबन 38 प्रतिशत तक वृद्धि हो जाएगी। अब आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह समस्या कितनी बड़ी है और आने वाले समय में यह और कितना बढ़ने वाली है। बात अगर दिल्ली की करें तो यहां हर साल 2 लाख टन ई-कचरा पैदा होता है। हालांकि, इसे वैज्ञानिक और सुरक्षित तरीके से हैंडल नहीं किया जा रहा है। इससे आग लगने जैसी कई जानलेवा घटनाएं हो चुकी हैं, जो दिल्ली के निवासियों और कूड़ा उठाने वालों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। इसी क्रम में अभी हाल ही में दिल्ली सरकार ने घोषणा की है कि दिल्ली में भारत का पहला ई-कचरा इको-पार्क खोला जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट का जिक्र किया था। उन्होंने लोगों से आह्वान किया था कि पर्यावरण को बचाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक-कचरे का प्रभावी प्रबंधन करना होगा।

गौरतलब है कि भारत में साल 2011 से ही इलेक्ट्रॉनिक कचरे के प्रबंधन से जुड़ा नियम लागू है। बाद में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा ई-कचरा (प्रबंधन) नियम, 2016 लागू किया गया था। इस नियम के तहत पहली बार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माताओं को विस्तारित निर्माता जिम्मेदारी के दायरे में लाया गया। नियम के अंतर्गत उत्पादकों को ई-कचरे के संग्रहण तथा आदान-प्रदान के लिये उत्तरदायी बनाया गया है और उल्लंघन की स्थिति में दंड का प्रावधान भी किया गया है। कई लोग या कंपनियां अपने पुराने लैपटॉप, कंप्यूटर या मोबाइल को वेस्ट कर देते हैं, जो ई-वेस्ट के रूप में सामने आते हैं।

# देश की आर्थिक सेहत बिगाड़ देगी रेवड़ी कल्चर

चुनावी रेवड़ी का दांव कोई नया नहीं है। सियासी खलीफा समय-समय पर इसे आजमाते रहे हैं. दक्षिण के राज्यों में तो चुनावी रेबड़ियां बांटे जाने का चलन आम रहा है। लेकिन आम आदमी पार्टी के दिल्ली और पंजाब मॉडल ने इसे संस्कृति का रूप दे दिया है। अब तो चुनावी रेवड़ी सियासतदानों की रणनीति का हिस्सा बन गई है। वे बेझिझक इसकी वकालत करने लगे हैं। अगर कुछ लोग इसका विरोध करते दिखते हैं, तो वह विरोध भी जुबानी होता है।

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव तारीखों की घोषणा चुनाव आयोग ने कर दी है। इन राज्यों के विधानसभा चुनाव के बाद अगले साल के शुरूआती महीनों में लोकसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में रेवड़ी कल्चर या मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की राजनीति बहस का केद्रीय मुद्दा है। जिन राज्यों में चुनाव होने हैं वहां की सरकारों ने चुनाव आचार संहिता लगने से पहले वोटरों को प्रभावित करने के लिए लोकलुभावन योजनाओं के लिए सरकारी खजाने का मुंह खोलने में गुरेज नहीं किया। मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली इस राजनीति को लेकर एक जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। इस याचिका में कहा गया है कि मध्य प्रदेश और राजस्थान में सरकारें चुनावों से पहले मुफ्त की रेवड़ियां बांट रही है। इन पर रोक लगाई जाए।



राजेश माहेश्वरी

इस संबंध में बीती 6 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मध्य प्रदेश, राजस्थान की सरकारों की अलावा केंद्र सरकार, चुनाव आयोग और रिजर्व बैंक को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सभी पक्षों को चार हफ्तों के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है। इसके साथ ही कोर्ट ने इस विषय पर चल रही अन्य याचिकाओं को भी एक साथ जोड़ दिया है। अब सभी मामलों की सुनवाई अब एक साथ होगी।

वहीं इससे पहले जनवरी 2022 में सुप्रीम कोर्ट के वकील अश्विनी उपाध्याय फ्रीबीज के खिलाफ एक जनहित याचिका लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। अपनी याचिका में अश्विनी उपाध्याय ने चुनावों के दौरान राजनीतिक पार्टियों के वोटर्स से फ्रीबीज या मुफ्त उपहार के वादों पर रोक लगाने की अपील की थी। इसमें मांग की गई थी कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियां की मान्यता रद्द करनी चाहिए। केंद्र सरकार ने अश्विनी से सहमति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट से फ्रीबीज की परिभाषा तय करने की अपील की थी।

चुनावी रेवड़ी का दांव कोई नया नहीं है। सियासी खलीफा समय-समय पर इसे आजमाते रहे हैं. दक्षिण के राज्यों में तो चुनावी रेबड़ियां बांटे जाने का चलन आम रहा है। लेकिन आम आदमी पार्टी के दिल्ली और पंजाब मॉडल ने इसे संस्कृति का रूप दे दिया है। अब तो चुनावी रेवड़ी सियासतदानों की रणनीति का हिस्सा बन गई है। वे बेझिझक इसकी वकालत करने लगे हैं। अगर कुछ लोग इसका विरोध करते दिखते हैं, तो वह विरोध भी जुबानी होता है। इसका उनके सियासी आचरण से दूर दूर तक कोई लेना देना नहीं होता। कर्नाटक विधानसभा चुनाव इसका बेहतरीन उदाहरण है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत जैसे देश में जहां करोड़ों लोगों को गरीबी से उबारना है वहां जन कल्याण की योजनाएं तो चलानी ही होंगी लेकिन जन कल्याण के काम करने और रेवड़ियां बांटने में अंतर होता है। इस




अंतर को समझने के बजाय रेवड़ी संस्कृति को अपनाया जा रहा है। जब एक दल ऐसा करता है तो दूसरा भी ऐसा ही कुछ करने को मजबूर हो जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी कई मौकों पर इस ओर ध्यान आकर्षित कर चुके हैं कि रेवड़ी संस्कृति किस तरह लोकतंत्र और अर्थतंत्र का बेड़ा गर्क कर रही है। फिलवक्त जो व्यवस्था है उसके मुताबिक चुनाव आयोग राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों पर ही अपनी आपत्ति जता सकता है। वह चुनाव बाद बनी सरकार की ओर से लिए जाने वाले लोकलुभावन फैसलों के खिलाफ कुछ नहीं कर सकता। अक्सर देखा गया है कि राजनीतिक दल वोटरों को लुभाने के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। कुछ दल तो अनाप-शनाप लोकलुभावन घोषणाएं करके एक तरह से वोट खरीदने लगे हैं। यह ठीक है कि औसत मतदाता परिपक्व हैं, लेकिन सभी ऐसे नहीं जो मुफ्त की योजनाओं से होने वाले नुकसान को समझ सकें। यह वही कल्चर है, जिसे मुफ्तखोरी की राजनीति भी कहा जाता है। यह राजनीति न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है, बल्कि देश की आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाली भी है। यह किसी से छिपा नहीं कि रेवडियां बांटने की राजनीतिक संस्कृति ने न जाने कितने देशों को तबाह किया है। यूरोप के कुछ विकसित देश इसी रेवड़ी संस्कृति के कारण आज आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। भारत के पड़ोस में ही श्रीलंका, पाकिस्तान का भी इसी रेवड़ी संस्कृति ने बुरा हाल किया है। अपने देश में ही देखा जाए तो कई राज्य सरकारें इस रेवड़ी संस्कृति के कारण लगभग दीवालिया होने की कगार पर हैं। उनका बजट घाटा बढ़ता जा रहा है, लेकिन वे मुफ्तखोरी की राजनीति का परित्याग करने के लिए तैयार नहीं। इस राजनीति ने राज्य के बिजली बोर्डों का भी बुरा हाल कर रखा है, क्योंकि राज्य सरकारें चुनावी लाभ के लिए मुफ्त में या लागत से बहुत कम में बिजली दे रही हैं। इसका दुष्परिणाम बिजली बोर्ड भुगत रहे हैं।

चुनाव जीतने के इरादे से राजनीतिक दलों की ओर से की जाने वाली लोकलुभावन घोषणाओं को लेकर आम जनता को भी चेतना चाहिए, क्योंकि ऐसी योजनाएं अंततरू उसके लिए मुसीबत बनती हैं और अर्थव्यवस्था का बेड़ा भी गर्क करती हैं। मनरेगा योजना के बारे में रह-रहकर यह सवाल उठता रहता है कि आखिर यह कानून लोगों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने में कितनी सहायक है? इसी तरह यह सवाल भी उठता रहता है कि कर्ज माफी की योजनाएं किसानों और कृषि का कितना भला कर पा रही हैं? यह निराशाजनक है कि कर्ज माफी योजनाओं की नाकामी के बावजूद कई राजनीतिक दल चुनाव के मौके पर खुद को किसानों का हितैषी साबित करने और उनके वोट हासिल करने के लिए कर्ज माफी करने की घोषणाएं करते रहते हैं। यह ठीक नहीं।

राजनेताओं की दानवीर कर्ण की यह भूमिका स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की जड़ों में मट्ठा डालने का काम कर रही है। अपना उल्लू सीधा करने के लिए मतदाता को बरगलाना आदर्श चुनाव संहिता को ठेंगा दिखाने जैसा है। सही मायनों में वादों की घूस से निर्वाचन प्रक्रिया दूषित होती है, इसलिए इस घूसखोरी को आदर्श आचार संहिता के दायरे में लाना जरूरी है। वैसे भी इन वादों की हकीकत जमीन पर उतरी होती तो आज देशवासी खुशहाल जिंदगी जी रहे होते। मुफ्त रेवड़ियों या 'फ्रीबी' की संस्कृति पर बहस आसानी से उन बुनियादी मुद्दों को भूला देती है जो यह यह मान लेती है कि लोग उसी पार्टी को वोट देते हैं जो उन्हें सबसे अधिक रेवड़ियों की पेशकश करती है। आम आदमी पार्टी की राजनीति का तो आधार ही दिल्ली मॉडल की रेवड़ी हैं। कर्नाटक में आम आदमी पार्टी के घोषणापत्र में 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली, छात्रों के लिए शहरों में मुफ्त बस यात्रा और 3000 रूपये की बेरोजगारी भत्ता को शामिल किया गया था। अब किसे मतलब है कर्नाटक की आर्थिक सेहत से, जो पहले से ही साढ़े पांच लाख करोड़ रुपये के कर्ज से दबा हुआ है। इसकी भरपाई सरकार अप्रत्यक्ष कर से ही कर सकती है, जिसका बोझ आखिरकार गरीबों को ही ढोना होगा।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़्वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# किसानों को बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध

## व्यापक डिजिटल एग्रीकल्चर इकोसिस्टम तथा कॉमन सर्विस डिलीवरी प्लेटफार्म स्थापित करने को लेकर हुई कार्यशाला

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** प्रधानमंत्री मोदी जी की अपेक्षा अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार किसानों को बीज से लेकर बाजार तक उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बात प्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने विश्व बैंक के सहयोग से व्यापक डिजिटल एग्रीकल्चर इकोसिस्टम तथा कॉमन सर्विस डिलीवरी प्लेटफार्म स्थापित करने के लिए भावी रणनीति पर आयोजित की गई कार्यशाला के दौरान कही। इस कार्यशाला में विश्व बैंक के प्रतिनिधियों, दक्षिण कोरिया, इजरायल, नीदरलैंड तथा भारत के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए डिजिटल एग्रीकल्चर के विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया।

शुक्रवार को ताज होटल गोमती नगर लखनऊ में आयोजित इस कार्यशाला के दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पादन तथा उत्पादों का मूल्यवर्द्धन करके किसानों के जीवन को और अधिक खुशहाल बनाया जा सके इस दृष्टि से यह कार्यशाला एक महत्वकांक्षी पहल है। इसके लिए विश्व बैंक द्वारा लगभग 4 हजार करोड़ रुपए के व्यय की सहमति भी प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि एग्रीकल्चर डिजिटल प्लेटफॉर्म कृषि एवं उसके अनुषांगिक विभागों तथा किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म होगा। विभाग इससे किसानों के लिए उपयोगी रणनीति बनाने तथा उन्हें विभिन्न योजनाओं का सीधे लाभ पहुंचाने के लिए उपयोग करेंगे। वहीं किसानों द्वारा इसका उपयोग बीज, कृषि यंत्र, खाद, बाजार की अद्यतन स्थिति तथा मौसम संबंधी जानकारी के लिए किया जाएगा।

श्री शाही ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा रखे गये एक ट्रिलियन यूएस डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में कृषि क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके लिए कृषि क्षेत्र को तकनीक संपन्न, पर्यावरण अनुकूल तथा अधिक लाभदायी व्यवसाय बनाए जाने के प्रयास निरंतर किये जा रहे हैं। प्रदेश भर में डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य बहुत तेजी से किया जा रहा है। इसके अंतर्गत खरीफ सीजन के लिए लगभग 1 करोड़ 16 लाख भूखंडों

■ किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म होगा

का सर्वे पूरा किया जा चुका है। रबी सीजन के लिए इसे और भी प्रभावित तरीके से किए जाने की रणनीति तैयार की जा चुकी है।

कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कहा कि किसानों के लिए बहुत सारे एप आज बाजार में प्रचलित हैं, लेकिन एक एकीकृत मंच की जरूरत है जिस पर किसान भरोसा कर सकें, और यह आसानी से पहुंच योग्य भी हो। उन्होंने आशा व्यक्ति की कि यूपीएग्री परियोजना के माध्यम से हम इस संबंध में प्रगति करने में सक्षम होंगे। अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने कहा कि डिजिटल कृषि के 3 प्रमुख पहलू हैं-किसान और फसल रजिस्ट्रियां (सर्वेक्षण), समय पर फसलों का मूल्यांकन और हस्तक्षेपों की समीक्षा और निगरानी। इस संबंध में यूपीएग्री परियोजना इस दिशा में बहुत बड़ा योगदान दे सकती है। कार्यशाला के दौरान डिजिटल मैच्योरिटी स्टडी के मुख्य बिन्दुओं का प्रस्तुतीकरण, यूपी-एग्री परियोजनान्तर्गत प्रस्तावित डिजिटल एग्रीकल्चर इन्वेंशन्स, डिजिटल एग्रीकल्चर के क्षेत्र में अन्य देशों में हुए नवीन कार्यों पर चर्चा की गई। प्रतिभागियों द्वारा दिये गये सुझावों का संकलन कर डिजिटल एग्रीकल्चर हेतु भविष्य की रणनीति बनाने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर अनुराग यादव सचिव उत्तर प्रदेश शासन, वर्ल्ड बैंक यूपी एग्रीस प्रोजेक्ट के टास्क टीम लीडर विनायक घटाटे, कृषि विशेषज्ञ एंड्रयू गुडलैंड, नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट विशेषज्ञ रंजन सामंतरे, डिजिटल एक्सपर्ट विकास कानूनगो, फिशरीज विशेषज्ञ मार्टिन कुमार, ग्रामीण उद्यम विशेषज्ञ अर्शिया गुप्ता, अर्थशास्त्र विशेषज्ञ शांतनु कुमार, एनवायरमेंट विशेषज्ञ अनुपम कुमार सहित अनेक विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# अवैध मदिरा के उत्पादन पर पूरी तरह लगायें अंकुश : नितिन अग्रवाल

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने गन्ना संस्थान स्थित सभागार में आबकारी विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करें, ताकि प्रदेश के विकास कार्यों को और तीव्र गति मिल सके। चालू वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने के लिए अथक प्रयास करने की आवश्यकता है और निर्धारित लक्ष्य से अधिक राजस्व प्राप्त करना हमारी प्राथमिकता है।

आबकारी मंत्री ने कहा कि माह में निर्धारित राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति न करने वाले जनपदों में तैनात अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जायेगी और स्थिति में सुधार न होने पर अधिकारी हटाये भी जायेंगे। उन्होंने कहा कि मण्डल मुख्यालय के जनपदों के लिए 115 से 120 प्रतिशत का लक्ष्य और अन्य

■ आबकारी मंत्री ने की प्रमुख सचिव आबकारी एवं आबकारी आयुक्त के साथ विभागीय समीक्षा बैठक

जनपदों हेतु 110 प्रतिशत का राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया जाये। आबकारी मंत्री ने प्रमुख सचिव से कहा कि राजस्व प्राप्ति के मामले में जिन जनपदों की स्थिति पिछले कई महीनों से निरन्तर खराब चल रही है उन जनपदों के जिला आबकारी अधिकारियों को अपने कार्यो में तेजी लाने और निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के सख्त निर्देश भी शासन स्तर से प्रेषित कर दिये जायं। आबकारी मंत्री ने समीक्षा के दौरान सभी जोन के संयुक्त आबकारी आयुक्तों से कहा कि जिन जनपदों में अधिक राजस्व प्राप्ति करने में कठिनाई हो रही है, उन जनपदों की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए स्वयं जनपदों में जाकर समीक्षा करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करें। श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रवर्तन कार्य में तेजी लायी जाये और साथ ही जनपदों की सीमा से लगे प्रदेशों से आने वाली मदिरा और अवैध मदिरा के उत्पादन पर पूरी तरह से अंकुश लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाय।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को करें जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाना है। साथ ही अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2024 के आधार पर वर्तमान पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के पूर्व की गतिविधियां संचालित है। इसके लिये अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निधि श्रीवास्तव ने समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियो, जिला अधिकारियों को निर्देश जारी किये है।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिये फार्म-8 से सम्बन्धित जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार बूथ लेवल अधिकारियों व सुपरवाईजर के माध्यम से, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेण्ट्स के द्वारा,

■ मतदाताओं को फार्म-6, 7 व 8 से संबधित जानकारी उपलब्ध करायी जाये

इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब (ELC) के माध्यम से, वोटर अवेयरनेस फोरम (VAF) के माध्यम से, प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से, फेसबुक, इन्सटाग्राम इत्यादि सोशल साइट्स के माध्यम से कराया जाये। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नियमावलियों हेतु दावे और आपत्तियां प्राप्त करने के लिये फार्म-6, 7 व 8 उपलब्ध कराया गया हैं। फार्म-6 नये पंजीकरण हेतु तथा फार्म-8-मतदाताओं द्वारा निवास स्थान परिवर्तन, निर्वाचक नामावली में संशोधन, मतदाता फोटो पहचान पत्र का प्रतिस्थापन तथा दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन हेतु निर्धारित है।

# महिला श्रमिकों का पंजीकरण किया जाय : अनिल

## कार्य के समान अवसर प्रदान कराते हुये कार्य स्थल पर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित कराया जाय

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर कहा ने कहा कि अधिक से अधिक महिला श्रमिकों का पंजीकरण किया जाय और उन्हें कार्य के समान अवसर प्रदान कराते हुये कार्य स्थल पर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जगह-जगह कैम्प लगाकर श्रमिकों को पंजीकरण कराने के लिए जागरूक किया जाय, ताकि श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान किये जाने के साथ ही दुर्घटना रहित, सुरक्षित औद्योगिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण द्वारा श्रमिकों की नियमित कौशल वृद्धि सुनिश्चित करते हुये रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायें।

श्रम मंत्री आज बापू भवन स्थित सभाकक्ष में श्रम एवं सेवायोजन विभाग के प्रमुख क्रियाकलापों पर प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ



■ श्रमिकों को पंजीकरण कराने के लिए जागरूक किया जाय

जी के निर्देशों के क्रम में श्रम एवं सेवायोजन विभाग ने सराहनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने भी अटल आवासीय विद्यालय योजना के तहत के संचालित आवासीय विद्यालयों की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का सतत निरीक्षण किया जाय और विद्यालयों के संचालन में यदि कोई कमी दिखाई देती है, तो उसे शीघ्र दूर किया जाय। उन्होंने कहा कि अगले सत्र की तैयारी अभी से शुरू कर दी जाय, ताकि बाद में कोई समस्या न आये।

श्रम मंत्री ने कहा कि श्रमिक विकास कार्यों की आधारशिला हैं, इसलिए उनका आर्थिक एवं सामाजिक हितलाभ सर्वोपरि है। संगठित व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए सुनिश्चित हित लाभ अधिकारों को संरक्षित रखा जाय और औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाय। बैठक में प्रमुख सचिव श्रम, अनिल कुमार ने कहा कि श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराये जाने, वित्तीय हितलाभ सहित न्यूनतम वेतन का समय से भुगतान सुनिश्चित कराये जाने के लिए श्रम विभाग द्वारा पूरी मेहनत से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक नगरों में कारखानों में कार्यरत श्रमिकों के लिए आवास की व्यवस्था और विभिन्न श्रमिक अधिनियमों से सम्बन्धित कार्यो को ऑनलाइन किया गया है। उन्होंने बताया कि व्यापार जगत की सुगमता हेतु अधिकांश सेवाओं को ऑटोमेटेड किया गया है।

प्रमुख सचिव ने कहा कि श्रम विभाग के अन्तर्गत समस्त कार्यवाही ऑनलाइन की जा रही है। श्रमिकों एवं सेवायोजकों के मध्य विवादों के न्यायिक समाधान के लिए न्यायालयों की स्थापना की गयी है। प्रदेश में 20 श्रम न्यायालय तथा 06 औद्योगिक न्यायाधिकरण स्थापित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि असंगठित क्षेत्र में कार्यरत असंगठित कर्मकारों के पंजीकरण एवं उनके हित के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित किये जाने उद्देश्य से उ0प्र0असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा बोर्ड स्थापित किया गया है।

# कैंपस ड्राइव में 100 युवाओं को मिला जॉब ऑफर

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना एवं हर हाथ को काम के अन्तर्गत शुक्रवार को राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में फोर्स मोटर लि. के कैम्पस ड्राइव का उद्घाटन प्रधानाचार्य इं0 राज कुमार यादव ने किया तथा अभ्यर्थियों को कम्पनियों में मेहनत एवं लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से प्रतिमाह अधिक से अधिक कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्य ने यह भी बताया कि भारत सरकार द्वारा आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में इस संस्थान की ड्रोन टेक्नीशियन की छात्रा कु0 रागिनी देवी को भारत सरकार से अवार्ड मिलना संस्थान के लिए गौरव की बात है, इसके लिए संस्थान के सभी कर्मचारी धन्यवाद के पात्र है। जिसने संस्थान का ही नही पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है।

एम. ए. खाँ, ट्रेनिंग काउंसलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट अधिकारी द्वारा बताया गया कि फोर्स मोटर्स लि. मे जॉब लिए 153 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 100 अभ्यर्थियों को 15,000 से 25,000 रुपये प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाओं के साथ जॉब आफर दिये गये।

**राजकीय पॉलीटेक्निक के भवन निर्माण कार्य के लिए 1668.05 लाख मंजूर**

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत जनपद रायबरेली, बदायूॅ, अम्बेडकरनगर एवं लखीमपुर खीरी के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में राजकीय पॉलीटेक्निक के भवन निर्माण कार्य हेतु कुल 1668.05 लाख रूपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गयी धनराशि सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारी के निवर्तन पर रखी गयी है। नियोजन विभाग ने इस सम्बन्ध में आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं।

# फ़िलिस्तीनी मुसलमानों के लिए दुआ का एहतमाम कीजिए : सय्यद अय्यूब

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** अखिल भारतीय मुहम्मदी मिशन मुसलमानों और व्यापक सभ्य वैश्विक समुदाय से हार्दिक अपील कर रहा है कि वे अपना संयम बनाए रखें और शुक्रवार पर विशेष ध्यान देने के साथ प्रत्येक नमाज के दौरान फिलिस्तीन के लोगों के लिए प्रार्थना करें। ऑल इंडिया मुहम्मदी मिशन के महासचिव सैयद बाबर अशरफ ने कहा कि फिलिस्तीन में हाल की घटनाओं ने इस क्षेत्र को एक बार फिर वैश्विक सुर्खियों में ला दिया है।

हमास द्वारा इजराइल पर हमले ने ऐसी कार्रवाइयों पर वैध,नपी-तुली प्रतिक्रिया पर तीखी बहस छेड़ दी है। यह स्पष्ट रूप से स्पष्ट है कि हमास, मुस्लिम ब्रदरहुड न तो अतीत में और न ही आज अकेले मुसलमानों का प्रतिनिधित्व कर सकता है और लाखों निर्दोष मुसलमानों के जीवन को गंभीर

■ कहा, प्रत्येक नमाज के दौरान फिलिस्तीन के लोगों के लिए प्रार्थना करें

जोखिम और दुख में डालते हुए फिलिस्तीनियों की ओर से अकेले कार्य करने की उनके पास कोई वैधता नहीं है। इस बात पर जोर देना महत्वपूर्ण है कि कुछ लोगों के कार्यों को व्यापक हिंसा, विनाश और निर्दोष लोगों की जान के नुकसान के लिए औचित्य के रूप में काम नहीं करना चाहिए, जिनका ऐसे अभिनेताओं पर कोई नियंत्रण नहीं है। एक व्यापक कथा पश्चिमी प्रचार पर फ़िलिस्तीनी लोगों को उनकी पैतृक भूमि से ख़त्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाती है। किसी के दृष्टिकोण के बावजूद, यह याद रखना आवश्यक है कि किसी भी व्यक्ति, समूह या राष्ट्र के पास फिलिस्तीन या दुनिया के किसी अन्य हिस्से में रहने वाले नागरिकों के अधिकारों और जीवन का उल्लंघन करने का लाइसेंस नहीं है। उथल-पुथल के समय में एकता और करुणा आशा की किरणें हैं। हम सभी मुसलमानों और वास्तव में सभी धर्मों के लोगों से फिलिस्तीन में शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना करने का आग्रह करते हैं। अल्लाह फ़िलिस्तीनी लोगों के गहरे घावों को ठीक करे। अखिल भारतीय मुहम्मदी मिशन ने लगातार शांति प्राप्त करने के साधन के रूप में शांति और प्रार्थना की वकालत की है और किसी भी रूप में मानवता के खिलाफ हिंसा की निंदा की है। इस अशांत समय में, उपचार और एकता का यह अटूट आह्वान ही इस क्षेत्र में संघर्ष से प्रभावित सभी लोगों के लिए अधिक शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

मिशन सभी मानवाधिकार कार्यकर्ताओं/संगठनों से अपील करता है कि वे फ़िलिस्तीनियों के ख़िलाफ़ किए गए अमानवीय कार्यों और अत्याचारों के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाएँ।

# पावर कारपोरेशन ने संशोधित कॉस्ट डाटा बुक में नहीं किया कोई खास बदलाव

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** जहां उत्तर प्रदेश में नई कॉस्ट डाटा बुक को लेकर तैयारियां जोरों पर है इसी बीच पावर कारपोरेशन ने चौथी बार 11 सितंबर के बाद अब अक्टूबर में एक बार फिर पावर कॉरपोरेशन की तरफ से संशोधित कॉस्ट डाटा बुक का एक प्रस्ताव विद्युत नियामक आयोग में तीन दिन पहले दाखिल कर दिया गया है जिसमें कोई खास नया बदलाव नहीं किया गया है जबकि उपभोक्ताओं को यह उम्मीद थी की पावर कारपोरेशन ने जो छोटे उद्योग व बडे उद्योगों के लिए नए कनेक्शन की दरों में विद्युत उपभोक्ताओं की सिक्योरिटी राशि में 50 से 100 प्रतिसत से भी ज्यादा की बढोतरी प्रस्तावित की थी उसमें बदलाव होगा लेकिन कहीं भी कोई बदलाव सामने नहीं दिख रहा है वही दूसरा जो सबसे बडा आपत्ति वाला विषय है की पावर कारपोरेशन ने सभी उपभोक्ता सामग्रियों पर जीएसटी की दर सम्मिलित करते हुए प्रस्ताव दिया है लेकिन संशोधित कॉस्ट डाटा बुक प्रस्ताव में यह लिख दिया है कि उपभोक्ता सामग्री की दरों में जीएसटी सम्मिलित नहीं है जो अपने आप में सबसे बडा हैरानी वाला विषय है ।

आने वाले समय में खास तौर पर किसानों और छोटे उन विद्युत उपभोक्ताओं के लिए उपभोक्ता परिषद की लडाई जरूर कामयाब हो गई जहां पर किसानों और छोटे उपभोक्ताओ को नया बिजली कनेक्सन को हर हाल में मिनिमम 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाना पडता था अब वहीं उपभोक्ता परिषद की मांग को मानते हुए पावर कारपोरेशन ने जो नया प्रस्ताव दिया है उसमें 10 केवीए सिंगल फेस 16 केवीए 3 फेस और 25 केवीए के ऊपर अलग-अलग कैपेसिटी में ट्रांसफार्मर पहले भी मौजूद थी को प्रस्तावित की है अभी तक जो 10 व 16 केवीए 3 फेस नहीं था वह नई कॉस्ट डाटा बुक में नई व्यवस्था के रूप में आगे उपभोक्ताओं के लिए सुविधा जनक बनेगा।

# राज्य स्तरीय हैण्डराइटिंग प्रतियोगिता में सीएमएस छात्रा को गोल्ड मेडल

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (प्रथम कैम्पस) की कक्षा-5 की मेधावी छात्रा रिष्ठा सिंह ने राज्य स्तरीय हैण्डराइटिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि हेतु रिष्ठा को प्रशस्ति पत्र, मेडल व ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता विज नेशनल स्पेल बी के तत्वावधान में आयोजित 'राइटिंग विजार्ड कान्टेस्ट' के अन्तर्गत आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. अलीगंज कैम्पस की इस होनहार छात्रा ने सुन्दर लिखावट, स्पष्टता एवं उत्कृष्टता का प्रमाण अपनी लेखन प्रतिभा द्वारा दिया और सिद्ध कर दिया



कि निकट भविष्य में यह प्रतिभाशाली छात्रा अपनी बहुमुखी प्रतिभा के दम पर अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर देश का गौरव बढ़ाने हेतु तत्पर है। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने रिष्ठा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. अपने छात्रों को भौतिक, सामाजिक व आध्यात्मिक शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही साँस्कृतिक व साहित्यिक क्षेत्रों में भी छात्रों का रुझान विकसित करता है तथापि उनकी क्षमता को पहचानकर उन्हें प्रोत्साहित करता है। इसके लिए छात्रों को विद्यालय में अलग से विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाता है। सी.एम.एस. का लक्ष्य बच्चों को वर्ल्ड लीडर के रूप में तैयार करने वाली शिक्षा उपलब्ध कराना है। ताकि वे कल के विश्वव्यापी समाज का नेतृत्व अपने विकसित मानवीय दृष्टिकोण से कर सके।

# युवा व्यापारी उठाएंगे 21 बेटियों की डोली



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लाटूस रोड स्थित लखनऊ व्यापार मंडल कार्यालय मे लखनऊ युवा व्यापार मंडल ने संगठन का विस्तार करते हुए नये पदाधिकारी माननीत किये। युवा अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने बताया है की संगठन पूर्ण निष्ठा से व्यापारिक समस्याव के निस्तारण के साथ समाज की सेवा भी कर रहा है। दिसंबर माह तक संगठन मे युवा पदाधिकारी मनोनीत किये जाएंगे। वरिष्ठ महामंत्री सुमित गुप्ता,वरिष्ठ उपाध्यक्ष स्वामी गौड़ ने अगले माह 25 नवम्बर को व्यापारी समाज के द्वारा होने वाले बिटिया विवाह उत्सव आयोजन की रूप रेखा तैयार की। सर्वसमाज की 21 बेटियों के विवाह उत्सव आयोजन मे लखनऊ के लगभग सभी बाज़ारो के व्यापार मंडलो के पदाधिकारी उपस्थित रहकर सभी वर वधु को शुभाशीष प्रदान करेंगे। महामंत्री प्रियंक गुप्ता, हरप्रित अरोरा, सोनू जायसवाल, प्रदीप, रोहित अग्रवाल, अनुझ गुप्ता ने नवनियुक्त पदाधिकारी अनिमेस, दिवांशु, हितेश गुप्ता, विशाल वर्मा, आयुष सक्सेना, आशुतोष राठौर, लव अग्रवाल, सागर सोनी, अमित, शिशिर, राज चौहान, संदीप, अशोक सहित 73 अन्य युवा पदाधिकारियों को पद पहचान पत्र प्रदान किये।

# 'आजादी की दीवानी दुर्गा भाभी' का मंचन

## 15 को मंच पर होगी शहर से बावस्ता क्रान्तिकारी दुर्गा भाभी की जीवन गाथा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सीने में देश आजाद कराने की धधकती आग लिए शहीदे आजम भगत सिंह सरीखे क्रान्तिकारियों की सहयोगी रही दुर्गा भाभी की जीवन गाथा यहां 15 अक्टूबर को संत गाडगेजी महाराज प्रेक्षागृह गोमतीनगर के मंच पर रंगप्रेमियों को रोमांचित करेगी। नाम से ही नहीं काम से भी दुर्गा स्वरूपा क्रान्तिकारी की कहानी 'आजादी की दीवानी दुर्गा भाभी' नाट्य रूप में अक्षयवर नाथ श्रीवास्तव के लेखन-निर्देशन में दिल्ली-गाजियाबाद के कलाकार संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश व अवसर ट्रस्ट के सहयोग से थर्टीन्थ स्कूल ऑर टैलेण्ट डेवलपमेण्ट के कलाकार प्रस्तुत करेंगे।

विशाल सेट वाली इस रंग प्रस्तुति के बारे में लेखक-निर्देशक अक्षयवर नाथ ने बताया कि 13 वर्ष की उम्र में




क्रान्तिकारी पति भगवतीचरण वोहरा के साथ आज़ादी के लड़ाई में कूद गयी दुर्गादेवी को क्रान्ति के इतिहास में वो स्थान नहीं मिला, जो मिलना चाहिए था। उनद का जन्म सात अक्टूबर 1907 को हुआ और 15 अक्टूबर को 92 वर्ष की अवस्था में उनका निधन गाजियाबाद में हुआ। दुर्गा भाभी के सम्बंध में उन्होंने उनके परिवारीजनों से मिलकर साढ़े तीन साल तक गहन शोध करने के उपरांत खोजे तथ्यों के आधार पर नाटक को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के सहयोग से तैयार किया है। उनकी पुण्य तिथि पर मंचित होने वाले केवल डेढ़ घण्टे के दिल्ली और पटना में मंचित हो चुके इस नाटक में 35 कलाकारों की लम्बी चौड़ी फौज है और हमारी टीम की कोशिश रही है कि नाटक रुचिकर और दर्शनीयता भरा रहे, इस लिहाज से प्रस्तुति में ऐतिहासिक तथ्यों के साथ ही गीत-संगीत, संवाद सहित सभी रंग पक्षों का बेहतर तालमेल बनाया गया है। गीत डा.चेतन आनंद और संगीत संकल्प श्रीवास्तव का है। दृश्यबंध और प्रकाश परिकल्पना राघव प्रकाश और दिव्यांग श्रीवास्तव का रूपसज्जा हरि सिंह खोलिया की और कला निर्देशन प्रखर श्रीवास्तव का है।

दुर्गा भाभी के भतीजे के पुत्र के नाते से पौत्र कहलाने वाले रिजर्व बैंक के पूर्व अधिकारी जगदीश भट्ट ने बताया कि क्रान्ति में अविस्मरणीय योगदान देने वाली दुर्गादेवी की कर्मभूमि लखनऊ भी रही है। उन्होंने सदर में आज लखनऊ माण्टेसरी इण्टर कालेज के नाम से प्रसिद्ध ये स्कूल नजीराबाद के एक निजी मकान में उत्तर भारत के पहले मांटेसरी स्कूल के तौर पर पिछड़े वर्ग के पांच छात्रों के साथ खोला। लगभग 42 वर्षों तक कुशल संचालन करने के बाद अस्वस्थता के कारण 1983 में विद्यालय को ट्रस्ट को सौंपकर पुत्र शचीन्द्र के पास गाजियाबाद रहने लगीं थीं।

# एनएमसी ऑब्जर्बर की मौजूदगी में टीएमयू डॉक्टर्स को सघन ट्रेनिंग

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में नेशनल मेडिकल कमीशन-एनएमसी के दिशा-निर्देशों के तहत बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन-बीसीएमई पर आयोजित तीन दिनी फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम-एफडीपी में एमबीबीएम के नए करिकुलम के अनुसार मेडिकल की फैकल्टीज़ को प्रशिक्षित किया गया। बीसीएमई के तहत स्टुडेंट्स को कैसे पढ़ाएं? कैसे उनका मूल्यांकन करें ? कैसे स्टुडेंट्स को असिस्ट करें आदि को लेकर विस्तार से प्रकाश डाला। एनएमसी की ओर से एसआरएमएस, बरेली के एमईयू कोऑर्डिनेटर एवम् कन्वीनर आरसी डॉ. जसविंदर सिंह बतौर ऑब्जर्बर मौजूद रहे। करीब एक दर्जन से अधिक ट्रेनर ने 30 फैकल्टीज़ को विभिन्न टॉपिक्स के लिए ट्रेन किया।

चयनित ट्रेनर्स ने आईस ब्रेकिंग एंड ग्रुप डायनामिक, लर्निंग प्रोसेस, लर्निंग डोमेन्स एंड प्रिंसिपल्स ऑफ लर्निंग, गोल, रोल्स एंड कांप्टिनीज़, लर्निंग आब्जेक्टिब्स इन सीबीएमई, टीचिंग लर्निंग मेथड्स-टीएलएम इंक्लूडिंग इंटरेक्टिव लार्ज ग्रुप, स्मॉल ग्रुप मेथ्ड्स, इंटरोडक्शन टू असेस्मेंट, इंटरनल असेस्मेंट एंड फॉर्मेटिव एसेस्मेंट, एईटीसीओएम- कंसेप्ट एंड कंडक्ट, एसडीएल- कंसेप्ट एंड कंडक्ट, इफेक्टिव क्लीनिकल एंड प्रैक्टिकल स्किल्स टीचिंग, एलाइजिनिंग टीएलमएस फॉर ऑब्जेक्टिब्स एंड कंप्टीनीज, असेस्मेंट प्लानिंग, राइटिंग द करेक्ट एस्से क्यूश्चन, शॉर्ट आंसर्स क्यूश्चन एंड एमसीक्यूज़, राइटिंग ए लेसन प्लान, असेस्मेंट प्लानिंग एंड क्वालिटी एसयूरेंस, मैचिंग असेस्मेंट टू कॉम्पीटेंसी, ऑब्जेक्टिब्स एंड लर्निंग-वर्कशॉप, एकेडमिक ग्रोथ एंड नेटवर्किंग, मेंटरोरिंग, ड्राफ्टिंग शेड्यूल फोर ए फेज बेस्ड ऑन कॉम्पिटेंसीज आदि विषयों पर ट्रेनिंग प्रदान की।

# सर्पदंश जागरूकता के लिए डॉ. आशीष हुए सम्मानित

■ इंटरनेशनल डिजास्टर रिडक्शन डे के अवसर पर दिल्ली में मिला सम्मान

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में कार्यरत संस्था जीवन जागृति सोसाइटी, भागलपुर बिहार ने इस वर्ष के लोक नायक जय प्रकाश नारायण राष्ट्रीय आपदा फरिश्ता सम्मान के लिए विभिन्न राज्यों से समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे लोगों से आवेदन मांगे थे जिनमें से भी शीर्ष 61 लोगों को संस्था के निर्णायक मण्डल द्वारा कड़ी स्क्रीनिंग के बाद राष्ट्रीय आपदा फरिश्ता सम्मान हेतु दिल्ली बुलाया गया था। इसी क्रम में जनपद इटावा में पिछले कई वर्षों से सर्पदंश जागरूकता विषय पर लगातार कार्य कर रहे वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ.आशीष त्रिपाठी को इस वर्ष लोक नायक जय प्रकाश नारायण राष्ट्रीय आपदा फरिश्ता सम्मान 2023 के लिए देश भर से मिले हजारों आवेदनों के बाद शीर्ष 61 लोगों में से चुना गया।

विदित हो कि सर्पमित्र डॉ.आशीष नगर पालिका परिषद, इटावा के पर्यावरण एवम वन्यजीव संरक्षण के ब्रांड एंबेसडर एवम मिशन स्नेक बाइट डेथ फ्री इंडिया के यूपी कोर्डिनेटर भी है।सर्पमित्र डॉ.आशीष त्रिपाठी को शुक्रवार को दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय आपदा दिवस के अवसर पर दिल्ली के संसद मार्ग स्थित कॉस्टीट्यूशन क्लब में पूर्व न्यायधीश माननीय शिवा कीर्ति सिंह पूर्व न्यायधीश सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया एवम मुख्य न्यायधीश इलाहाबाद उच्च न्यायालय इलाहाबाद, श्री के एम सिंह फाउंडर मेंबर एनडीआरएफ एनडीएमए इंडिया, श्री नवीन चंद्र झा पूर्व सदस्य स्टेट फाइनेंस कमीशन, मनीष कुमार चौधरी ज्वाइंट डायरेक्टर जी एस टी इंटेलिजेंस, ब्रिगेडियर एस के सिन्हा विशेष सेवा मेडल गोरखा राइफल्स, मेजर राकेश शर्मा शौर्य चक्र विजेता(कारगिल युद्ध) सहित शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.अजय कुमार सिंह अध्यक्ष जीवन जागृति सोसाइटी की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया।सर्पमित्र डॉ.आशीष की इस विशिष्ट उपलब्धि पर जनपद इटावा की जनता सहित उनके शुभचिंतकों एवम इष्ट मित्रों ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

विदित हो कि जनपद इटावा के सर्पमित्र डॉ.आशीष त्रिपाठी के द्वारा अब तक के किए गए जन जागरूकता के अथक भागीरथी प्रयासों के परिणाम स्वरूप ही अब लोगो ने सर्पों को मारना भी छोड़ ही दिया है साथ ही अब सर्प दंश होने पर किसी भी अंधविश्वास में न पड़कर झाड़ फूंक न कराकर सीधे ही अस्पताल आकर सर्पदंश का सही इलाज भी कराने लगे हैं, जागरूकता का इस प्रकार का बड़ा बदलाव इससे पूर्व जनपद इटावा में कभी भी नहीं देखा गया था।

# सीडीओ ने स्ट्रॉबेरी के लगाए पौधे

## आर्थिक एवं सामाजिक रूप से महिलाएं सशक्त हो रही हैः प्रणता ऐश्वर्या

**अवधनामा संवाददाता**

■ महिला किसानों को किया प्रोत्साहित

**इटावा।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार की आजीविका गतिविधियां संचालित की जा रही हैइस क्रम में शुक्रवार को विकासखंड भरथना के कुशगांवा बादशाह पुर में स्ट्रौबरी की खेती का शुभारंभ प्रणता ऐश्वर्या मुख्य विकास अधिकारी के कर कमलों द्वारा पौधा रोपित कर किया गया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनपद के महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा। अभी स्ट्रौबरी की खेती 20 गांव में कराई जा रही है।कुशगांवा बादशाहपुर में मानव स्वयं सहायता समूह की महिला किसान राधारानी के खेत में पौधों का रोपण किया गया।उन्होंने ग्राम में माध्यमिक विद्यालय सहित कई विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सुधीर कुमार उपायुक्त उद्योग/ स्वरोजगार ने कहा कि जनपद इटावा में समूह की महिलाओं बेमौसम सब्जी, स्ट्रॉबेरी सहित कई आजीविका गतिविधियों से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास शरद कुमार श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी, भरथना प्रतिमा शर्मा, जिला मिशन प्रबन्धक दीपेंद्र सिंह, जितेश श्रीवास्तव, ब्लाक मिशन प्रबन्धक दसरथ सिंह, सेंट्रल बैंक एकदिल के शाखा प्रबंधक, सुषमा, मोहिनी, विमलेश कुमारी, माया देवी, मिलन देवी, सुधा आजीविका सखी एवं समूह की अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

# 76 वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की तैयारियां जोरों पर

**अवधनामा संवाददाता**

■ ब्रज के निरंकारी भक्त 27 को जाएंगे समालखा

**मथुरा।** निरंकारी भक्तों में इनदिनों अत्यंत उत्साह है, सबको इंतजार है 76 वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का, जो कि सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सानिध्य में 28, 29 एवं 30 अक्टूबर को करनाल हाइवे स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में आयोजित होने जा रहा है। इसमें भाग लेने के लिए ब्रज से हजारों भक्त 27 अक्टूबर को बस एवं रेल से समालखा जाएंगे। निरंकारी प्रतिनिधि किशोर स्वर्ण ने बताया कि देशभर के हजारों भक्तों के साथ ब्रज के भी तमाम सेवादार गुरूसिख 76 वें निरंकारी संत समागम की तैयारियों में निरच्छित निष्काम सेवाएं समर्पित कर रहे हैं। मथुरा के सैंकड़ों भक्त, संत निरंकारी सेवादल के संचालक अशोक दयालु और शिक्षक योगेश कुमार के नेतृत्व में लगातार एक माह से क्रमानुसार संत समागम की सेवाओं में अपनी भागीदारी समर्पण भाव के साथ निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस पावन संत समागम में समस्त भारतवर्ष के अतिरिक्त दूर देशों से भी लाखों की संख्या में आने वाले सभी श्रद्धालु भक्तों के लिए समुचित प्रबन्ध व्यवस्था की जा रही है। निरंकारी सेवादल के भाई-बहन नीली एवं खाकी वर्दी पहने हुए रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और एयरपोर्ट पर आने वाले सभी श्रद्धालु भक्तों का स्वागत करने और उन्हें उनके पूर्व निर्धारित निवास स्थान पर पहुंचाने का प्रबन्ध करते हुए दिखाई देगें।

### गोवर्धन तहसील के नए भवन का नवंबर में लोकार्पण

**मथुरा।** तहसील के नए भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस भवन के निर्माण कार्य में करीब 12 करोड़ रुपए की धन राशि खर्च की गई है। कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग आगरा के द्वारा अब इसे तहसील प्रशासन के सुपुर्द किया जाएगा। आज जिले के अधिकारियों ने गोवर्धन तहसील के नवीन भवन का निरीक्षण किया, और यहां अधिवक्ताओं के चेंबर, पार्किंग और पानी की पाइप लाइन अधिकारियों के आवास तक डालने के निर्देश कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। गोवर्धन तहसील के नवीन भवन के लोकार्पण शिलान्यास के लिए डीएम ने मुख्यमंत्री कार्यालय के लिए प्रस्तावित कार्यक्रम भेजा है। मुख्यमंत्री कार्यालय से कार्यक्रम मिलने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकार्पण शिलान्यास यहां आकर करेंगे।

# महिलाओं के संरक्षण एवं सुरक्षा के दृष्टिगत वन स्टॉप सेन्टर का बहुत महत्व हैः अध्यक्ष

■ सेन्टर पर पीड़ित महिलाओ को बहुत सहयोग मिलेगाः सीडीओ

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** सखी वन स्टॉप सेण्टर कार्यालय हरदोई में नव निर्मित भवन का मुख्यमंत्री द्वारा वचुअल लोकार्पण किया गया जिसमें उक्त कार्यक्रम को जनपद हरदोई में वन स्टॉप सेण्टर में विधिवत आयोजित किया गया जिसमें प्रेमावती अध्यक्ष जिला पंचायत की अध्यक्षता में सह अध्यक्ष अलका गुप्ता मौजूद रही। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओ के संरक्षण एवं सुरक्षा के दृष्टिगत वन स्टॉप सेण्टर का बहुत महत्व है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इसमे पीडित महिलाओ को बहुत सहयोग मिलेगा। अध्यक्ष महिला मोर्चा द्वारा कहा गया कि यह सरकार का सरहानीय कदम है इससे महिला सशक्तिकरण को बढावा मिलेगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बताया कि जनपद के अच्छा प्रयास है जिससे महिला उत्पीडन, घरेलू हिंसा जैसे हिंसात्मक अपराधो को रोकने में सहायता मिलेगी। उक्त कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधीक्षक संप्रेक्षण गृह, संरक्षण अधिकरी, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, अध्यक्ष / सदस्य बाल कल्याण समिति, महिला कल्याण अधिकारी, सेण्टर मैनेजर वन स्टॉप सेण्टर, जिला समन्वयक, कम्प्यूटर आपरेटर, आंकडा विश्लेषक, वन स्टॉप सेण्टर के समस्त कर्मचारी एवं आंगनवाडी कार्यकत्री आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्र-छात्राओं ने नगर में अमृत कलश यात्रा निकाली



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** के के कॉलेज में एन.एस.एस.प्रभारी मुरली कुमार के नेतृत्व मे मेरी माटी मेरा देश अभियान दिनांक 1 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2023 तक चलाया गया अभियान के तहत प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा नगर में अमृत कलश यात्रा निकाली गई। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार इस दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के घर के आंगन से एक मुट्ठी मिट्टी एवं एक मुट्ठी चावल मांगे गए और अमृत कलश में संग्रहित किया गया बाद में अमृत कलश यात्रा महाविद्यालय परिसर से निकाली गई यात्रा में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं हाथ में अमृत कलश और तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाते हुए चल रहे थे।इस कार्यक्रम से छात्र एवं छात्राओं में देश एवं समाज सेवा की भावना जागृत हुई और स्वयं के प्रयास के द्वारा देश को उन्नत बनाने की शपथ ली गई।उक्त कार्यक्रम को छात्र-छात्राएं बड़े जोश के साथ संपादित किये।

### रामलीला समिति इकदिल की बैठक संपन्न



**इटावा, इकदिल, अवधनामा ब्यूरो।** श्री विराट दंगल समिति एवं श्री विराट रामलीला समिति इकदिल की बैठक हनुमान मन्दिर चौराहा इकदिल पर सुनील टंडन एड.की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन राजू राजपूत ने किया।इस अवसर पर सर्व सम्मति से रंजीत सिंह राठौर को अध्यक्ष चुना गया।इस मौके पर तय किया गया दस दिन आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों की अलग अलग जिम्मेदारी दी जायेगी। बैठक में अरविंद राजपूत, डॉ. सुशील सम्राट, विश्व नाथ राजपूत, अभिषेक गोयल, राकेश कुमार वर्मा एड., विनय राजपूत, आलोक राजपूत, भुवनेश राजपूत, पंकज गुप्ता डीलर, रमेश बाथम, शिव कुमार राजपूत, इंद्रवीर सिंह कौशल, अजय राजपूत, सुरेंद्र जैन, अभिषेक राठौर, अनिल दिवाकर, मंजीत बाबू, सुनील राजपूत सभासद, अजमेर राठौर, सुभाष गुप्ता, विकास दिवाकर, गणेश राजपूत, मोहित राजपूत पंची, मिथुन चक, भीमराव सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### डीएम, एस एस पी ने रामलीला आयोजन स्थलों व मां दुर्गा पूजा पंडालों का किया निरीक्षण



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** आगामी त्यौहारों एवं जनपदीय कानून/ सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने थाना जसवंतनगर क्षेत्रांतर्गत रामलीला आयोजन स्थलों व मां दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयोजकों से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।साथ ही प्रशासन एवं पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी गण के साथ मुख्य स्थानों पर पैदल गश्त किया गया। गश्त के दौरान प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। पैदल गस्त के दौरान आमजन से संवाद कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

### 6 व 17 अक्टूबर को होगा जिला व मण्डल स्तर चयन ट्रायल

**हरदोई।** उपक्रीड़ाधिकारी मन्जू शर्मा ने बताया है कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राज्यस्तरीय सीनियर वर्ग पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्रीय खेल कार्यालय, स्पोर्ट्स स्टेडियम अलीगढ में 19 से 21 अक्टूबर 2023 तक किया जायेगा, जिसमें लखनऊ मण्डल लखनऊ की टीम को भाग लेना है। अतः लखनऊ मण्डल की टीम के गठन हेतु जिला/मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स किया जायेगा। उन्होंने बताया है कि जिला स्तर चयन 16 अक्टूबर 2023 सायंकाल 4.00 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम हरदोई मे किया जायेगा। मण्डल स्तर चयन 17 अक्टूबर 2023 प्रातः 10.00 बजे के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ मे किया जायेगा।

### फाइलों को क्रमबद्ध तरीके से रखने के साथ अपने आस-पास विशेष सफाई रखेंः एमपी सिंह

**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आज कलेक्टेऊट कार्यालय के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पटल सहायकों को निर्देश दिये अपने पटल की सभी फायलों को क्रमबद्व तरीके से रखें और अपने आस-पास विशेष सफाई रखें। उन्होने कहा कि कार्यालय में आने वाले फरियादियों के शिकायती पत्र प्राथमिकता पर लिये जाये और उनकी शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में कराना सुनिश्चित करें और जिस पटल की शिकायत लम्बित पायी जायेगी, उस पटल सहायक के विरूद्व कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

### मानसी गंगा में गिर रहा सीवर का पानी

**मथुरा।** सीवर का गंदा पानी मानसी गंगा में जाकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच रहा है। प्रशासन की लापरवाही से मानसी गंगा का स्वरूप प्रदूषित झील में परिवर्तित हो चुका है। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत एसडीएम व नगरपंचायत से की हैं। गोवर्धन में गिरिराज जी की परिक्रमा लगाकर मानसी गंगा में श्रद्धालु आचमन और स्नान करते हैं।खेड़ा मुहल्ला के समीप सीवर का पानी लेकेज होकर उफनकर मानसी गंगा में जा रहा हैं। जिससे श्रद्धा का जल प्रदूषित हो रहा है। तो धर्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं।

# डीआर टीबी की दवा की कोई किल्लत नहींः डॉ. सूर्यकान्त

**अवधनामा संवाददाता**

■ साइक्लोसिरिन दवा पहुंची स्टोर में, जल्द ही केन्द्रों पर आपूर्तिः डॉ. भटनागर

■ प्रदेश के करीब 16 हजार डीआर टीबी के मरीजों के लिए राहत की खबर

**मथुरा।** ड्रग रेसिस्टेंट टीबी यानि डीआर टीबी के खात्मे में सहयोगी दवा के रूप में इस्तेमाल होने वाली साइक्लोसिरिन स्टॉक में आ गयी है। नार्थ जोन टीबी टास्क फ़ोर्स के चेयरमैन व केजीएमयू के रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकान्त और राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर का कहना है कि यह दवा स्टोर तक पहुँच चुकी है। जल्द ही प्रदेश के सभी डीआर टीबी सेंटर तक पहुंच जाएगी। प्रदेश में इस समय डीआर टीबी का इलाज ले रहे करीब 16 हजार मरीजों के लिए यह राहत की खबर है। डीआर टीबी मरीजों का इलाज प्रदेश के 86 केन्द्रों पर उपलब्ध है, जिसके लिए केजीएमयू को सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस बनाया गया है। इनमें 24 नोडल ड्रग रेसिस्टेंट टीबी सेंटर और 62 ड्रग रेसिस्टेंट टीबी सेंटर शामिल हैं। देश में सर्वाधिक डीआर टीबी सेंटर वाला राज्य यूपी है।

डॉ. सूर्यकान्त का कहना है कि सामान्य टीबी यानि फेफड़े की टीबी की दवा बीच में छोड़ देने या सही तरीके से दवा का सेवन न करने से वह ड्रग रेसिस्टेंट टीबी (डीआर टीबी) में बदल जाती है। ऐसे में मरीज का इलाज जटिल होने के साथ ही लम्बा चलता है। उन्होंने कहा कि डीआर टीबी मरीजों को सात प्रकार की दवाएं दी जाती हैं उनमें साइक्लोसिरिन एक सहायक दवा है जो एमडीआर टीबी के बैक्टीरिया को समाप्त करने वाली मुख्य दवा के सहयोग के लिए दी जाती है। ऐसे में डीआर टीबी के जो मरीज बीच में इस दवा से वंचित रहे हैं उन्हें चिंतित होने की कतई जरूरत नहीं है क्योंकि इस दवा को छोड़कर जो अन्य दवाएं दी जा रहीं थीं वह बीमारी से मुक्ति दिलाने में पूरी तरह कारगर हैं। इसलिए केंद्र से मिलने वाली दवाओं का सेवन नियमित रूप से अवश्य करें क्योंकि ऐसा न करने से बीमारी गंभीर रूप ले सकती है। दवाओं के साथ खानपान का भी पूरा ख्याल रखें ताकि दवाएं जल्दी असर दिखा सकें। राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर का कहना है कि साइक्लोसिरिन दवा की आपूर्ति लखनऊ के स्टोर में हो चुकी है। जल्द से जल्द यह दवा टीबी यूनिट तक पहुँच जायेगी।

डॉ. सूर्यकान्त का कहना है कि देश में ड्रग रेसिस्टेंस टीबी केन्द्रों के तकनीकी सहयोग के लिए भारत सरकार और इंटरनेशनल यूनियन अगेंस्ट टीबी एंड लंग डिजीज द्वारा कुल पांच सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस बनाये गए हैं। इनमें दिल्ली में दो, मुम्बई में एक, चेन्नई में एक और यूपी में एक सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस शामिल हैं। यूपी के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के रूप में केजीएमयू के रेस्परेटरी मेडिसिन डिपार्टमेंट को चुना गया है।

# दीपावली पर स्वदेशी सामान खरीदेंः डॉ. रश्मि शुक्ला

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** सामाजिक सेवा एवं शोध संस्थान की अध्यक्षा डॉ रश्मि शुक्ला ने चंडीगढ़ में स्वदेशी जागरूकता अभियान किया। इस कार्यक्रम में के एल इंस्टिट्यूट ऑफ़ लॉ जालंधर के विद्यार्थी उपस्थित रहें। ला डिपार्टमेंट की प्रधानाचार्या डॉक्टर दलजीत रियायत ने कहा कि हम सभी को स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे देश में रोजगार भी होता है और हम अपनी भारतीय संस्कृति से भी जोड़ते हैं। सभी बच्चों ने नारा लगाया जब बाजार जाएंगे सामान स्वदेशी लाऐगें, दूध दही अब थाली में पेप्सी कोला नाली में देसी गया घर में लो बी पी शुगर दूर भगाओं। अनेक स्वदेशी नारे लगाए गए। दीपावली आने वाली है हमको चीन का समान नहीं खरीदना है।कोई भी पर्व हो राष्ट्रीय हो या धार्मिक परिवारिक पर्व हो।हमें अपने देश से निर्मित सामग्री का उपयोग करना है। उसी को खरीदना है इससे उद्योग जगत में विकास होगा।व्यापारी को लाभ मिलेगा और हमारा देश उन्नति करेगा। वरिष्ठ समाज सेविका डॉ रश्मि शुक्ला ने सबसे नारे लगवाए और कहां इसका हमें पालन भी करना है खास तौर से युवा पीढ़ी को जागरूक होना है। लोकल फॉर वोकल को अपनाना है स्वरोजगार बहुत ही आवश्यक है।

# राष्ट्र स्तरीय हिंदी वाद विवाद में विजय हुए छात्र-छात्राओं को बधाई दी

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** आर्मी पब्लिक स्कूल नोयडा में राष्ट्रीय स्तरीय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता 2023 में आर्मी पब्लिक स्कूल मथुरा द्वितीय विजेता रहा और एक बार फिर अद्रिका मिश्रा इस टीम की प्रमुख वक्ता रही, टीम के अन्य दोनों वक्ताओं संकेत और निधि ने भी हर चरण पर पूरी दम दारी से अपने वक्तव्य को निर्णायक मंडल के सामने रखा। आद्रिका मिश्रा आर्मी पब्लिक स्कूल मथुरा में प्राध्यापिका डॉ विनीता मिश्र की पुत्री है और अंतिम वर्ष भी आद्रिका मिश्रा ने राष्ट्रीय स्तरीय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में नॉर्दर्न कमांड का प्रतिनिधित्व किया था और चर्तुथ स्थान पर थी जिसमें उनको सर्वश्रेष्ठ स्पीकर का अवार्ड मिला था। वाद-विवाद प्रतियोगिता की रूपरेखा आर्मी स्कूल के प्राध्यापकों अनीता वर्मा, धर्मवीर सिंह, अंजू लता,डॉ रेखा शर्मा के कुशल निर्देशन में हुई। पूरे भारत से 6 कमांड की टीमों में द्वितीय विजेता रही टीम के तीनों प्रतिभागियों की इस उपलब्धि पर आद्रिका मिश्रा के पिता, जिला हॉकी संघ के सचिव, उत्तर प्रदेश बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शर्मा ,भाजपा नेता कृष्ण कुमार शर्मा मुन्ना भैया,बीएसए कॉलेज के प्रोफेसर डॉ बी के गोस्वामी एवं डॉ. रवीश शर्मा आदि अन्य मथुरा के गणमान्य लोगों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# आधुनिक सुविधाओं से पूर्ण है श्रीपाद बाबा नंदी गौशाला

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद के विकास खंड गोवर्धन के अंतर्गत अडींग बाईपास पर उत्तरप्रदेश की अनौंखी आधुनिक सुविधाओं से युक्त श्रीपाद बाबा नंदी गौशाला का निर्माण कराया गया है। जिसका संचालन परम त्यागी गौऋषि दामोदर बाबा कर रहे हैं। इनकी तीन दसको से वृंदावन में श्रीपाद बाबा गौशाला भी संचालित है इस गौशाला में आठ हजार गाएं हैं। असहाय, लाचार ,बीमार ,बिना दूध देने वाली गायों की सेवा इस गौशाला में की जाती है।

अडींग बाईपास पर श्रीपाद बाबा नंदी गौशाला का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है जहां कि पांच सौ नन्दीयों का पालन चल रहा है। दामोदर बाबा का संकल्प है कि जल्द ही यहां 10 हजार तक नंदी गोवंश का संरक्षण होगा।

नंदी गौशाला में सोलर प्लांट के द्वारा बिजली की व्यवस्था की गई है। नंदियों के लिए पीने के लिए 6 से 7 बार दिन में पानी हौंदीयों में बदला जाता है।खाने में दिन में तीन बार भूसा ,हरा चारा,चोकर डाला जाता है। बीमार नंदीयों के इलाज के लिए निजी अस्पताल का भी निर्माण नंदी गौशाला के अंदर कराया गया है।जिसमें दो चिकित्सक मौजूद रहकर बीमार नंदियों का उपचार करते हैं। चिकित्सालय में दवाओं के साथ टीकाकरण की भी व्यवस्था की गई है।इसके साथ ही दो एंबुलेंस भी हैं जो कि बीमार होने पर उचित इलाज हेतु नंदियों को वेटनरी हॉस्पिटल भेजा जाता है। सड़कों पर पड़े बीमार नंदियों को एंबुलेंस की मदद से उपचार हेतु ले जाया जाता है। समय-समय पर जाकर इस नंदी गौशाला में आचार्य विष्णु भी देखरेख करते हैं। दामोदर बाबा ने बताया कि नंदी गौशाला स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य आवारा गो-वंश का भरण- पोषण करने के साथ उनका संरक्षण भी करना है। आचार्य विष्णु ने बताया कि दामोदर बाबा जी ने निजी स्तर पर नंदी गौशाला बनाने का फैसला लिया था।आज उनका संकल्प पूर्ण होकर निरंतर नंदी गौवंश का संरक्षण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं,इस दिशा में आमजन एवं गौभक्तों से भागीदारी निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से हम निराश्रित गौवंश की सेवा में कामयाब होंगे।

# मानव तस्करीः गरीब परिवारों की बालिकाओं को फंसाते थे चंगुल में

**अवधनामा संवाददाता**

■ हाइवे किनारे चल हरे ढाबों पर चल रहे काले धंधे से उठा पर्दा

■ ह्यूमैन ट्रैफिकिंग के पूरे नेक्सस पर काम कर रही पुलिस

**मथुरा।** ह्यूमैन ट्रैफिकिंग के काले खेल से पर्दा हटने के बाद मथुरा पुलिस सक्रिय हुई है। पांच अपराधियों को शुक्रवार को जेल भेजा गया। तीन की अभी तलाश जारी है। अपराधियों के चंगुल से झारखंड की तीन किशोरियों और दिल्ली की एक युवती को मुक्त कराया गया है। एक नाबालिग पीडिता की तलाश में चलाये गये अभियान के क्रम में बालिकाओं को बंधक बनाकर दुष्कर्म कर वेश्यावृत्ति कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते पंजाबी ढाबा एनएच 19 छाता से कोसीकलां से गिरोह के एक सदस्य विजय पुत्र छीतर जोगी निवासी खरौंट थाना कोसीकलां जिला मथुरा को किया गिरफ्तार किया है। दीपक उर्फ पिंकू चौधरी उर्फ मोटा पुत्र नामालूम निवासी कटिहार जिला कटिहार बिहार, दुर्गा बाबू पुत्र रामचन्द्र शाह गांव ब्रम्हपुरा घोघाडीह थाना फुलपराश जिला मधुबनी बिहार तथा महेश ठाकुर पुत्र जग्गो निवासी गोरखधाम कॉलोनी कस्बा व थाना कोसीकलां जनपद मथुरा की पुलिस को तलाश है। क्षेत्राधिकारी छाता के मुताबिक छाता क्षेत्र से गौरव कुमार त्रिपाठी के मुताबिक सतवीर पुत्र बुद्धी निवासी बरसाना रोड कस्बा व थाना छाता, कमल पुत्र फतेहराम निवासी कोटवन थाना कोसीकलां, दुर्गा बाबू पुत्र रामचंद्र शाह निवासी गांव ब्रम्हपुरा घोघाडीह थाना फुलपराश जिला मधुबनी बिहार तथा धर्मेन्द्र पुत्र कुन्दन निवासी करमन थाना होडल जिला पलवल हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी शैलेश पांडये ने कहा है कि इस पूरे नेक्सस पर पुलिस टीम काम कर रही है। जो भी इस गैंग में पाए जाएंगे उनके खिलाफ कडी से कडी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। एक एनजीओ से प्राप्त सूचना पर थाना कोसी और थाना छाता की पुलिस ने सराहनीय कार्य किया है। ह्यूमैन ट्रैफिकिंग (मानव तस्करी) फंसी हुई दो बालिकाओं को जो कि झारखंड और पश्चिम बंगाल की रहने वाली थीं। उनको मुक्त कराया साथ ही साथ कुल पांच अभियुक्त गिरफ्तार किये गये। जिनमें से दो अभियुक्त होडल के दो जनपद मथुरा के और मुख्य आरोपी बिहार का रहने वाला है, जिसे गिरफ्तार किया गया है।

### गोवर्धन तहसील के नए भवन का नवंबर में लोकार्पण

**मथुरा।** तहसील के नए भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस भवन के निर्माण कार्य में करीब 12 करोड़ रुपए की धन राशि खर्च की गई है। कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग आगरा के द्वारा अब इसे तहसील प्रशासन के सुपुर्द किया जाएगा। आज जिले के अधिकारियों ने गोवर्धन तहसील के नवीन भवन का निरीक्षण किया, और यहां अधिवक्ताओं के चेंबर, पार्किंग और पानी की पाइप लाइन अधिकारियों के आवास तक डालने के निर्देश कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। गोवर्धन तहसील के नवीन भवन के लोकार्पण शिलान्यास के लिए डीएम ने मुख्यमंत्री कार्यालय के लिए प्रस्तावित कार्यक्रम भेजा है। मुख्यमंत्री कार्यालय से कार्यक्रम मिलने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकार्पण शिलान्यास यहां आकर करेंगे। इस बारे में एसडीएम मयंक गोस्वामी ने बताया कि गोवर्धन तहसील के नवीन भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

# मानसी गंगा में गिर रहा सीवर का पानी

■ स्थानीय लोगों ने एसडीएम से की शिकायत

■ गोवर्धन स्थित मानसी गंगा में गिरता सीवर का पानी

**अवधनामा संवाददाता**

> मानसी गंगा में सीवर का पानी जाने की शिकायत मिली है। नगर पंचायत कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं।जल्द समाधान किया जाएगा।
> **- मयंक गोस्वामी, एसडीएम गोवर्धन**

**मथुरा।** सीवर का गंदा पानी मानसी गंगा में जाकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच रहा है।प्रशासन की लापरवाही से मानसी गंगा का स्वरूप प्रदूषित झील में परिवर्तित हो चुका है। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत एसडीएम व नगरपंचायत से की हैं।गोवर्धन में गिरिराज जी की परिक्रमा लगाकर मानसी गंगा में श्रद्धालु आचमन और स्नान करते हैं।खेड़ा मुहल्ला के समीप सीवर का पानी लेकेज होकर उफनकर मानसी गंगा में जा रहा हैं।जिससे श्रद्धा का जल प्रदूषित हो रहा है।तो धर्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं।दसविसा से बड़ा बाजार जाने वाले मार्ग पर सीवर का गंदा पानी भर जाने के कारण मार्ग अवरुद्ध हो गया है।यहीं से गंदा पानी मानसी गंगा में गिरकर जल को प्रदूषित कर रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन को अवगत कराने के साथ साथ एनजीटी में इस मुद्दे को रखने का मन बनाया है। जिससे इस समस्या का स्थाई समाधान ही सके।

# रातभर बिस्तर पर बदलते रहते हैं करवट, तो जरूर करें इन ड्रिंक्स का सेवन

अच्छी सेहत के लिए नींद काफी ज्यादा जरूरी होती है। इसलिए अगर आप भी स्वस्थ रहना चाहते हैं तो रोजाना पर्याप्त नींद लेने की कोशिश करें। ऐसे में अगर आप भी रात भर बिस्तर पर करवटें बदलते रहते हैं, तो हम आपको कुछ ऐसी ड्रिंक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको पीने से आपको अच्छी नींद आएगी।

अच्छी सेहत के लिए नींद काफी ज्यादा जरूरी होती है। इसलिए अगर आप भी स्वस्थ रहना चाहते हैं तो रोजाना पर्याप्त नींद लेने की कोशिश करें। क्योंकि नींद ना लेने पर आपको कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, स्वस्थ रहने के लिए रोजाना 7 घंटे की नींद पर्याप्त मानी जाती है। लेकिन कई लोगों को रात में गहरी और अच्छी नींद नहीं आती है। जिसका असर ना सिर्फ उनकी सेहत बल्कि काम पर भी देखने को मिलता है। ऐसे में अगर आप भी रात भर बिस्तर पर करवटें बदलते रहते हैं, तो हम आपको कुछ ऐसी ड्रिंक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको पीने से आपको अच्छी नींद आएगी।

रात में बेहतर नींद के लिए आप कैमोमाइल टी का ड्रिंक के तौर पर सेवन कर सकते हैं।



कैमोमाइल टी सूजन को कम करने के साथ स्किन के लिए भी फायदेमंद साबित होता है। नींद की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए कैमोमाइल चाय जानी जाती है। क्योंकि नींद की कमी होने पर इसका असर आपकी सेहत पर पड़ता है। इसलिए अगर आपको भी नींद नहीं आती है तो इसके लिए आपको रात में सोने से पहले ये ड्रिंक पी सकते हैं।

***पुदीने की चाय***

हांलाकि हेल्थ एक्सपर्ट्स रात को चाय पीने के लिए मना करते हैं। क्योंकि इसमें कैफीन की मात्रा पायी जाती है। लेकिन पुदीने की चाय कैफीन और कैलोरी फ्री होती है। साथ ही इसमें मौजूद मेन्थॉल मानसिक और शारीरिक तनाव को कम करता है। इसके सेवन से मांसपेशियों को आराम मिलता है। वहीं पुदीने की चाय में एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। एंटी बैक्टीरियल गुण पाचन को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

***लेमन बाम टी***

लेमन बाम टी का उपयोग कुछ लोग नींद लाने के लिए करते हैं। पुदीने की तरह दिखने वाला यह पौधा नींद लाने में काफी ज्यादा प्रभावी माना जाता है। अगर आप इस चाय को सोने से कुछ समय पहले पीते हैं, तो आपको बेहतर नींद आती है। इसके सेवन से आपका स्लीप पैटर्न भी अच्छा हो सकता है।

***लैवेंडर टी***

नींद की गुणवत्ता में सुधार करने में लैवेंडर टी काफी ज्यादा लाभकारी होती है। इस चाय के सेवन से थकान से राहत मिल सकती है। इसको पीने से नींद में सुधार हो सकता है।

***लो कैफीन ग्रीन टी***

ग्रीन टी में कैफीन पाया जाता है। लेकिन इसमें कुछ पदार्थ ऐसे भी पाए जाते हैं, जो लोगों को सोने में मदद करती है। क्योंकि यह दिमाग में ब्रक्क सिस्टम पर काम करते हैं। लेकिन कम कैफीन वाली ग्रीन टी के सेवन करने से नींद में सुधार हो सकता है।

***हर्बल चाय पियें***

पर्याप्त नींद के लिए हर्बल चाय जैसे कैमोमाइल या वेलेरियन रूट आदि चाय पीने से आपको अच्छी नींद आएगी। साथ ही इससे आपको आराम भी मिलेगा।

***तुलसी की चाय***

अगर आप भी रात भर बिस्तर पर करवट बदलते रहते हैं तो अच्छी नींद के लिए आप तुलसी की चाय का सेवन कर सकते हैं। बता दें कि तुलसी में एंटी-स्ट्रेस गुण मौजूद होते हैं और यह आपके दिमाग को भी आराम देते हैं।

# पेट दर्द से राहत पाने के लिए फौरन अपनाएं ये घरेलू नुस्खे, मिनटों में मिलेगा आराम



पेट दर्द का सबसे आम कारण अपच है। क्योंकि जो भी आपने खाया है अगर वह ठीक से नहीं पचता है, तो आपको गैस व जहरीले बलगम की समस्या हो सकता है। वहीं आधा पचा हुआ खाना आपके शरीर की नाड़ियों में भी रूकाटव पैदा करता है।

पेट दर्द का सबसे आम कारण अपच है। क्योंकि जो भी आपने खाया है अगर वह ठीक से नहीं पचता है, तो आपको गैस व जहरीले बलगम की समस्या हो सकता है। वहीं आधा पचा हुआ खाना आपके शरीर की नाड़ियों में भी रूकाटव पैदा करता है। लंबे समय में अपच के कारण कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। हांलाकि कुछ घरेलू उपायों को अपनाने से पेट दर्द, अपच, गैस, पेट फूलना और एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत पाई जा सकती है।

***कम भूख, अपच और दर्द में करें ये उपाय***

*एक चुटकी सोंठ*
*काली मिर्च*
*पिपली*
*हींग*
*सेंधा नमक- आधा छोटा चम्मच*
*काला नमक*

इन सभी चीजों को अच्छे से मिक्स कर दिन में तीन बार इसका सेवन करने से पेट संबंधी समस्या जैसे कम भूख, अपच और पेट दर्द में राहत देती हैं।

***पेट दर्द के घरेलू उपाय***

पेट दर्द से निजात पाने के लिए अदरक को टुकड़ों में काट लें और फिर इसमें सेंधा नमक और नींबू का रस मिक्स कर लें। अब इसे धूप में सुखाकर एक बोतल में भर लें। फिर खाना खाने के बाद अदरक का एक टुकड़ा खा लें। इससे पाचन में सुधार होने के साथ ही पेट दर्द और गैस की समस्या में भी राहत मिलेगी।

***गैस के साथ एसिडिटी होने पर***

*काली किशमिश*
*आंवला पाउडर*
*जीरा पाउडर*
*सौंफ के बीज*
*सूखा अदरक पाउडर*
*इलायची पाउडर*

इन सारी चीजों को पानी में मिलाकर दिन में दो बार पीने से गैस व एसिडिटी से निजात मिलेगी।

***एसिडिटी और जलन होने पर***

रात में सौंफ को एक गिलास पानी में भिगो दें। फिर अगली सुबह खाली पेट उस पानी का सेवन करें। इससे पेट की गर्मी कम होती है और अम्लता को भी प्रभावी ढंग से कम करता है।

***दस्त और पेचिश के दर्द में***

दस्त और पेचिश के दर्द में 1 गिलास ताजा छाछ में 1 चम्मच जीरा पाउडर मिक्स कर उसका सेवन करने से आराम मिलता है। इसके अलावा दिन में दो बार 1 कप अनार का रस लेने से दर्द से आराम मिलता है और दस्त भी बंद हो जाते हैं।

***पेट दर्द के लिए घरेलू उपाय***

पेट दर्द में नाभि क्षेत्र पर हींग का लेप लगाने से प्रभावी रूप से राहत मिलती है। अगर आपको पेट दर्द कब्ज की समस्या लगातार रहती हैं, तो ऐसी स्थिति में रोजाना रात को गर्म पानी के साथ एक चम्मच त्रिफला चूर्ण लेने से कब्ज से राहत मिलती है और पाचन में सुधार होता है।

# आपके किचन में छिपा है गंभीर बीमारियों का इलाज, लाखों खर्च करने से बच जाएंगे आप



आयुर्वेद में सदियों से उपचार के लिए मसालों का इस्तेमाल किया है। क्योंकि यह मसाले ना सिर्फ खाने में स्वाद जोड़ते हैं, बल्कि इम्यून सिस्टम को सपोर्ट करने के लिए भी काफी अहम माने जाते हैं। यह मसाले हर भारतीय किचन में पाए जाते हैं।

भारतीय किचन में आपको कई ऐसे मसाले मिल जाएंगे, जो ना सिर्फ खाने को स्वादिष्ट बनाते हैं, बल्कि आपकी सेहत के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद माने जाते हैं। इनमें ना सिर्फ पोषक तत्व पाए जाते हैं, बल्कि यह एंटीऑक्सीडेंट और बायोएक्टिव यौगिकों की आपूर्ति भी करते हैं। आयुर्वेद में सदियों से उपचार के लिए मसालों का इस्तेमाल किया है। क्योंकि यह मसाले ना सिर्फ खाने में स्वाद जोड़ते हैं, बल्कि इम्यून सिस्टम को सपोर्ट करने के लिए भी काफी अहम माने जाते हैं।

***हल्दी***

हल्दी एक ऐसा मसाला है, जो करी को पीला रंग देने का काम करता है। हल्दी के बायोएक्टिव यौगिकों को करक्यूमिनोइड्स कहा जाता है। करक्यूमिनोइड और हल्दी का प्रमुख मुख्य सक्रिय घटक करक्यूमिन होता है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-माइक्रोबियल क्षमता होती है।

***गरम मसाला***

गरम मसाला पिसे हुए साबुत मसालों का मिश्रण है। यह बायोएक्टिव यौगिकों से भरपूर होता है और इसके कई फायदे होते हैं। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए गरम मसाला काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। यह शरीर के तापमान को बढ़ाने के साथ ही आपको सर्दी-जुकाम आदि से दूर रखता है। गरम मसाला को अपने दैनिक डाइट में शामिल करने से शरीर में ऑक्सीजन और ब्लड की आपूर्ति बढ़ जाती है। साथ ही विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं।

***जीरा***

जीरा को आयरन का एक अच्छा स्त्रोत माना जाता है। जीरा ब्लड सेल्स के उत्पादन और ऑक्सीजन परिवहन के लिए आवश्यक हीमोग्लोबिन के लिए काफी जरूरी होता है। इसके अलावा जीरा डाइजेशन सिस्टम को सुधारता है। एक गिलास ज़ीरा पानी पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में फायदेमंद होता है।

***काली मिर्च***

काली मिर्च में पिपेरिन, तेल लिमोनेन और बीटा-कैरियोफिलीन पाया जाता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। जो सेहत के लिहाज से भी फायदेमंद होती है।

***धनिया पाउडर***

धनिया पाउडर डाइजेशन प्रक्रिया को सुधारने में मदद करता है। इसी वजह से भारतीय रसोई में धनिया पाउडर का इस्तेमाल प्राचीन काल से किया जाता रहा है। धनिया पाउडर में प्राकृतिक तेल पाया जाता है, जो आपको संपन्न गुण प्रदान करता है।

***कसूरी मेथी***

बता दें कि कसूरी मेथी में फाइबर की अच्छी मात्रा पायी जाती है, यह भूख को कम करने में सहायक होती है और वजन को कंट्रोल करती है। कसूरी मेथी के सेवन से पाचन और मेटाबॉलिज्म बढ़ता है। यह शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करती है।

***केसर***

केसर में एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, यह हानिकारक फ्री रैडिकल्स को बेअसर करते हैं। केसर के सेवन से तनाव और चिंता शांत होती है। यह मसाला कैरोटीनॉयड से भरपूर होता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ बीमारियों से लड़ने में सक्षम होता है।

***सौंफ***

प्रतिदिन सौंफ के सेवन से दिल को सेहतमंद रखा जा सकता है। सौंफ में पोटैशियम की मात्रा पायी जाती है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के साथ ही दिल को हेल्दी रखने में सहायक होती है।

# वीकेंड पर ट्राई करना चाहती हैं नई रेसिपी तो ट्राई करें लौकी का डोसा, सेहत के साथ मिलेगा स्वाद

अगर आप भी इस वीकेंड कुछ खास डिश बनाना चाहते हैं, तो लौकी का डोसा बना सकते हैं। बता दें कि यह डिश हेल्दी होने के साथ-साथ टेस्टी भी होती है। साथ ही आप कुछ हटकर ट्राई भी कर पाएंगी। इस डिश को बनाने के लिए आपको बहुत ज्यादा सामग्री की जरूरत नहीं पड़ेगी।

अगर आप भी इस वीकेंड कुछ खास डिश बनाना चाहते हैं, तो लौकी का डोसा बना सकते हैं। बता दें कि यह डिश हेल्दी होने के साथ-साथ टेस्टी भी होती है। साथ ही आप कुछ हटकर ट्राई भी कर पाएंगी। इस डिश को बनाने के लिए आपको बहुत ज्यादा सामग्री की जरूरत नहीं पड़ेगी। लेकिन इस वीकेंड पर आप इस कुछ हेल्दी खाना चाहती हैं, तो इस डिश को ट्राई कर सकती हैं। लौकी का डोसा आप बेहद आसानी से बनाकर तैयार कर सकती हैं। वहीं वेट लॉस की डाइट में भी आप इसे शामिल कर सकती हैं। तो आइए जानते हैं लौकी डोसा बनाने की इस आसान रेसिपी के बारे में...

***लौकी डोसा बनाने की सामग्री***

*मूंग दाल*
*चावल*
*लौकी*
*हरा धनिया*
*हरी मिर्च*
*अदरक*



***लौकी डोसा बनाने की रेसिपी***

आपको सबसे पहले एक कप मूंग दाल और 1 चम्मच चावल को करीब 4 घंटे के लिए पानी में भिगोकर रखना है। वहीं लौकी के टुकड़े, हरा धनिया, हरा मिर्च और अदरक डालें। फिर इन सारी चीजों को अच्छे से ब्लेंड करके एक बैटर तैयार कर लें।

अब एक पैन में थोड़ा सा तेल लगाकर इसमें ऑयल फैला लें। अब पैन पर बैटर डालकर फैला दें। इसको पकाकर गर्मागर्म परोसें। इस तरह से लौकी डोसा बनकर तैयार हो जाएगा। अब आप इसे हरी चटनी और नारियल चटनी के साथ सर्व कर सकती हैं। यह खाने में टेस्टी होने के साथ हेल्दी भी होता है।

बता दें कि लौकी में पानी की मात्रा अधिक होती है। वहीं गर्मियों में यह आपके शरीर को ठंडा रखती है। लौकी के सेवन से हमारे शरीर को कई अन्य फायदे भी होते हैं। लौकी से सेवन से आप स्ट्रेस फ्री रह सकते हैं और इससे बीपी भी कंट्रोल में रहता है। अगर आप अनिद्री जैसी समस्या से परेशान रहते हैं तो आपको अपनी डाइट में लौकी शामिल करनी चाहिए। यह आपकी स्किन को भी हेल्दी बनाती है।

# फ्रिज में रखी है बची हुई दही तो ऐसे करें उसे इस्तेमाल

दही को आप अपने खाने के साथ तो खा ही सकते हैं, साथ ही साथ इससे कई तरह की ड्रिंक्स भी बनाई जा सकती हैं। मसलन, आप इससे स्मूदी बना सकते हैं। आप स्मूदी बनाने के लिए बेरीज, आम या केले जैसे कई अलग-अलग फल मिलाकर बेहद टेस्टी स्मूदी बनाकर पी सकते हैं।

दही के बिना अधिकतर लोगों की खाने की थाली पूरी ही नहीं होती है। अमूमन लोग घर में दही जमाते हैं और उसे खाते हैं। लेकिन कई बार दही बच जाती है और फिर हमें यह समझ में नहीं आता है कि उस बची हुई दही का क्या किया जाए। अधिकतर लोग उस बची हुई दही से कढ़ी बनाना पसंद करते हैं। लेकिन जरूरी नहीं है कि हर बार दही से कढ़ी बनाकर ही खाया जाए। अगर आप चाहें तो उस दही को कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं। जानिए इस लेख में

***बनाएं स्मूदी***



दही को आप अपने खाने के साथ तो खा ही सकते हैं, साथ ही साथ इससे कई तरह की ड्रिंक्स भी बनाई जा सकती हैं। मसलन, आप इससे स्मूदी बना सकते हैं। आप स्मूदी बनाने के लिए बेरीज, आम या केले जैसे कई अलग-अलग फल मिलाकर बेहद टेस्टी स्मूदी बनाकर पी सकते हैं।

***बनाएं सलाद ड्रेसिंग***

अगर आपके फ्रिज में बची हुई दही है तो उसे बतौर सलाद ड्रेसिंग भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे आपकी दही का टेस्ट कई गुना बढ़ जाता है। आप दही को जैतून के तेल, नींबू के रस, हर्ब्स और मसालों के साथ फेंटकर एक क्रीमी और टेस्टी सलाद ड्रेसिंग बनाएं। आप इस ड्रेसिंग का उपयोग हरी सलाद, पास्ता सलाद, या सब्जियों के लिए डिप के रूप में कर सकते हैं।

***तैयार करें ग्रेवी***

अमूमन हम दही का इस्तेमाल कढ़ी के रूप में करते हैं। इसके अलावा, अन्य कई इंडियन ग्रेवी में दही का इस्तेमाल एक बेस के रूप में किया जा सकता है। अगर आप चाहें तो बचे हुए दही का उपयोग करके क्लासिक साउथ इंडियन दही चावल भी तैयार कर सकती हैं। दही चावल बनाने के लिए, पके हुए चावल के साथ बचे हुए दही को मिलाएं, और इसमें सरसों के बीज, करी पत्ते और लाल या हरी मिर्च का तड़का लगाएं।

***बेकिंग में करें इस्तेमाल***

बची हुई दही का इस्तेमाल बेकिंग में भी किया जा सकता है। अगर आप बेकिंग कर रही हैं तो ऐसे में आप छाछ या खट्टी क्रीम के विकल्प के रूप में दही का उपयोग कर सकते हैं। बची हुई दही केक, मफिन और पैनकेक आदि में काम में आ सकती है।

# दिवाली की साफ-सफाई के लिए फॉलो करें ये सिंपस टिप्स, ज्यादा मेहनत से बच जाएंगे आप



अगर आप दिवाली की सफाई को लेकर टेंशन ले रहे हैं, तो आपको परेशान होने की कोई जरूरत नहीं है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिवाली पर हो रही साफ-सफाई का सबसे आसान तरीका बताएंगे।

अगर आप दिवाली की सफाई को लेकर टेंशन ले रहे हैं, तो आपको परेशान होने की कोई जरूरत नहीं है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिवाली पर हो रही साफ-सफाई का सबसे आसान तरीका बताएंगे। दिवाली का त्योहार बहुत ही जल्द ही आने वाला है। ऐसे में लोग अपने घरों की साफ-सफाई करते हैं।

ऐसा माना जाता है कि दिवाली में साफ-सफाई करने से घर में लक्ष्मी का वास होता है। लेकिन सारे घर की साफ-सफाई करना एक बहुत ही बड़ा टास्ट होता है। खासकर उन लोगों के लिए जिनके पास समय की कमी होती है। सफाई करने से काफी ज्यादा थकान भी आ जाती है। अगर आप भी अपने घर की साफ-सफाई को लेकर परेशान हैं तो आप भी इस आर्टिकल के जरिए घर की साफ-सफाई के कुछ आसान तरीकों के बारे में जान सकतीं हैं।

दिवाली में घर की साफ-सफाई करने के लिए सबसे पहले खुद को तैयार कर लें। आप अपने बालों और चेहरे को अच्छे से ढक लें, ताकि धूल और गंदगी से आप परेशान न हों। लेकिन उसके पहले आप चेहरे और बालों पर अच्छे से तेल या फिर क्रीम लगाएं। सफाई करते समय आप अपने हाथों में रबड़ के दस्ताने पहन लें और नाखूनों में नेल पॉलिश लगा लें, जिससे नाखूनों पर गंदगी न जमा हो सके। सफाई करते समय आंखों में चश्मा जरूर पहन लें। इसके साथ ही इस बात का ध्यान जरूर दें कि आप अपने घर की सफाई 1 दिन में तो बिल्कुल भी न करें। आप कम से कम 2 से 3 दिन पहले से सफाई करना शुरू करें।

***घर से बाहर करें फालतू सामान***

अपने घर की सफाई करते समय घर के फालतू सामान को घर से बाहर फेंक दें। घर में टूटे हुए बर्तन, पुराने जूते, क्रॉकरी, जैसी चीजों को सबसे पहले बाहर करें। घर में रखे कपड़ों को धूप में ले जाकर कुछ घंटों के लिए अच्छे से सुखा लें। इसके अलावा अपने घर की अलमारी को भी अच्छे से सेट कर लें। इसके बाद जो कपड़े आप नहीं पहनते हैं, उन्हें अलमारी में अच्छी तरह से पैक करके रख दें। इसके बाद आप जिन जूते या चप्पलों को नहीं पहनते हैं उनको भी डिब्बे में पैक करके अलग कर दें। जिससे उनमें धूल न जम सके।

***सफाई के लिए करें कॉटन के कपड़े का इस्तेमाल***

दिवाली में घर की सफाई करने के लिए कॉटन के कपड़े का इस्तेमाल करना चाहिए। सफाई शुरू करने से पहले अपने पास ब्रश, बेकिंग पाउडर, सिरका, जूना, डिटर्जेंट, स्पॉन्ज आदि चीजों को जरूर रखें। इसके बाद कारपेट, कुशन, घर के पर्दे, आदि को हटा दें और फिर धूल-मिट्टी को झाड़कर साफ कर लें।

***ऐसे करें घर की सफाई***

सबसे पहले आप अपने घर की साफ-सफाई के लिए मकड़ी के जालों को हटा लें और इसके बाद ब्रश की मदद से जालों के बचे कण को हटा लें। इसके बाद अपनी आंखों को अच्छे से साफ कर लें। फिर अपने घर के पंखों की अच्छे से साफ-सफाई करें, लेकिन उससे पहले बेड और फर्नीचर हटा दें या उसको किसी चीज से अच्छे से ढक दें। फिर आप अपने घर के दरवाजों और खिड़कियों को अच्छे से साफ कर लें।

इसके बाद डिटर्जेंट पाउडर को घोलकर एक कॉटन के कपड़े को गीला करें और उसे निचोड़ लें। इससे आप अपने घर के स्विच बोर्ड को साफ करें और अच्छे से सूखने के बाद ही पावर बटन को ऑन ऑफ करें।

# घर की इन पुरानी चीजों से बनाएं स्टाइलिश की-चेन

पुरानी सीडी या डीवीडी की मदद से भी की-चेन बनाई जा सकती है। इसके लिए आप सीडी लें और कैंची या क्राफ्ट पंच का उपयोग करके उन्हें छोटे और मनपसंद शेप में काटें। अब इन शेप को पेंट, मार्कर या चिपकने वाले कागज से सजाएं।

की-चेन का इस्तेमाल तो हम सभी करते हैं। कभी चाबी के छल्ले में तो कभी बैग्स में हम की-चेन लगाते हैं। यह देखने में भी काफी अच्छे लगते हैं। यूं तो मार्केट में कई तरह के स्टाइलिश व डिजाइन की-चेन मिलते हैं। लेकिन अगर आप चाहें तो इन्हें खुद घर पर भी बना सकते हैं। खासतौर से, अगर आपके पास कुछ पुरानी आइटम्स हैं और आप उन्हें फेंकने के बारे में सोच रहे हैं तो बेहतर होगा कि आप इन आइटम्स को फेंकने की जगह इनसे स्टाइलिश की-चेन तैयार करें। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ पुरानी आइटम्स की मदद से की-चेन बनाने के तरीकों के बारे में बता रहे हैं।

***प्लास्टिक बोतल कैप से बनाएं की-चेन***



अगर आपके पास घर में प्लास्टिक बोतल की कैप हैं तो आप उनकी मदद से की-चेन आसानी से बना सकते हैं। इसके लिए आपको बस इतना करना है कि आप बोतल कैप को अपनी पसंदीदा कलर से सजाएं। अब कैप में छेद करें। इस छेद में एक कीरिंग या स्ट्रिंग का एक टुकड़ा पिरोएं। आपकी खूबसूरत की-चेन बनकर तैयार है।

***पुरानी सीडी से बनाएं की-चेन***

पुरानी सीडी या डीवीडी की मदद से भी की-चेन बनाई जा सकती है। इसके लिए आप सीडी लें और कैंची या क्राफ्ट पंच का उपयोग करके उन्हें छोटे और मनपसंद शेप में काटें। अब इन शेप को पेंट, मार्कर या चिपकने वाले कागज से सजाएं। अब आप इन शेप्स के टॉप पर एक छेद करें और एक कीरिंग अटैच करें।

***फैब्रिक स्क्रैप्स की मदद से बनाएं की चेन***

फैब्रिक स्क्रैप्स को अक्सर हम यूं ही बेकार समझकर फेंक देते हैं। जबकि इसकी मदद से भी एक खूबसूरत व कलरफुल की चेन बनाई जा सकती हैं। इसके लिए आप कलरफुल कपड़े के टुकड़ों को इकट्ठा करें। अब इन कपड़े को छोटे चौकोर या मनचाहे आकार में काटें। अब आप एक स्टाइलिश की-चेन बनाने कपड़े के टुकड़ों की लेयर को एक साथ सिलें। अब आप इस तैयार फैब्रिक के टॉप पर कीरिंग को अटैच करें।

# इंटर पार्लियामेंट्री यूनियन के अध्यक्ष ने कहा, शांति के बिना विकास लक्ष्यों पर चर्चा असंभव

**घोषणा**

**शिखर सम्मेलन में नेताओं की घोषणा ने वैश्विक दृष्टिकोण को एक नई दिशा दी।**



**नई दिल्ली।** दिल्ली में नौवें पी20 शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए इंटर पार्लियामेंट्री यूनियन के अध्यक्ष डुआर्टे पचेको ने कहा कि शांति के बिना सतत विकास लक्ष्यों और भविष्य पर चर्चा करना असंभव है। इसलिए शांति हमेशा हमारी चिंताओं के पहले पन्ने पर होनी चाहिए। उन्होंने कहा, हमें हमारे देशों जैसे - यूरोप, अफ्रीका, मध्य पूर्व एशिया और अमेरिका में प्रतिनिधियों के रूप में हर जगह, सभी महाद्वीपों में शांति की रक्षा करने की जरूरत है। पचेको ने कहा, हमें पूरी दुनिया में शांति की रक्षा करने की जरूरत है। हम सांसद जानते हैं कि यह कैसे करना है? क्योंकि हम इसे अपनी संसदों के अंदर करते हैं। उन्होंने कहा कि अलग-अलग विचार रखने वाले लोगों के साथ बहुत मुश्किल है, लेकिन हम आम सहमति बनाने की हर संभव कोशिश करते हैं। बस इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदलने की जरूरत है।

पी20 शिखर सम्मेलन से पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एएनआई से कहा, इस आयोजन के माध्यम से भारत दुनिया को एक नया दृष्टिकोण देगा। जैसा कि उसने जी20 शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी के माध्यम से किया था। शिखर सम्मेलन में नेताओं की घोषणा ने वैश्विक दृष्टिकोण को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा, जी20 शिखर सम्मेलन की ऐतिहासिक सफलता और नई दिल्ली में नेताओं की घोषणा के बाद हम पी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन करने जा रहे हैं। इस दौरान दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारी मौजूद रहेंगे।

बता दें कि, इंटर पार्लियामेंट्री यूनियन राष्ट्रीय संसदों का एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है। जिसका प्राथमिक उद्देश्य अपने सदस्यों के बीच लोकतांत्रिक शासन, जवाबदेही और सहयोग को बढ़ावा देना है। इससे पहले शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यशोभूमि (द्वारका) में नवनिर्मित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में नौवें G20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया।

शिखर सम्मेलन एक संयुक्त बयान के साथ समाप्त होगा, जिसमें जी20 सरकारों से समानता, समावेशिता और शांति के आधार पर प्रमुख वैश्विक चुनौतियों का समाधान प्रदान करने का आग्रह किया जाएगा। साथ ही, शिखर सम्मेलन के दौरान भारत की प्राचीन और सहभागी लोकतांत्रिक परंपराओं को उजागर करने के लिए एक प्रदर्शनी - मदर ऑफ डेमोक्रेसी - का भी आयोजन किया जाएगा।

# सिंधिया के राज्यसभा चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए ज्योतिरादित्य सिंधिया के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। जस्टिस हृषिकेश राय और जस्टिस संजय करोल की पीठ ने कहा कि मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ कांग्रेस नेता गोविंद सिंह की याचिका में हस्तक्षेप का कोई मामला नहीं बनता है।

गोविंद सिंह ने 19 जून, 2020 को हुए सिंधिया की उम्मीदवारी को इस आधार पर चुनौती दी थी कि शपथ पत्र के साथ नामांकन पत्र जमा करते समय उन्होंने भोपाल में दर्ज एफआइआर के संबंध में जानकारी का खुलासा नहीं किया था।

यह तर्क दिया गया कि सिंधिया ने अपने नामांकन पत्र में एफआइआर की जानकारी न देकर तथ्यों को छुपाया, जो धोखाधड़ी और भ्रष्ट आचरण के बराबर है और उनके चुनाव को शून्य घोषित किया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दायर याचिका में तर्क दिया गया कि हाई कोर्ट ने चुनाव याचिका की समीक्षा करने से इसलिए इनकार कर दिया था कि केवल एफआइआर दर्ज करना एक लंबित आपराधिक मामला नहीं बनता है, जिसका खुलासा नामांकन पत्रों में किया जा सके।

सिंधिया ने हाई कोर्ट में कहा था कि उनके खिलाफ कोई आपराधिक केस नहीं है और तर्क दिया था कि केवल एफआइआर दर्ज कर लेने से अपराध साबित नहीं हो जाता।

# बिजली की कमी से जूझ रहा राज्य, बाहरी स्रोतों से बिजली खरीदने पर विचार कर रही है कर्नाटक सरकार

**बेंगलुरु।** राज्य में बिजली उत्पादन में काफी गिरावट देखी जा रही है। इस बात की ओर इशारा करते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को कहा कि बाहरी स्रोतों से बिजली खरीदने की संभावना पर चर्चा के लिए एक बैठक आयोजित की जाएगी। सिद्धारमैया ने मीडिया से कहा,बिजली उत्पादन में गिरावट आ रही है, जबकि मांग बढ़ रही है। पिछले साल राज्य ने 900 मेगावाट का उपयोग किया था, लेकिन इस साल मांग बढ़कर 1500-1600 मेगावाट हो गई है। बाहरी स्रोतों से बिजली खरीद की संभावना पर चर्चा के लिए एक बैठक आयोजित की जाएगी। बिजली अभी भी आपूर्ति की जा रही है और पूर्ण लोड शेडिंग नहीं हुई है। बैठक के दौरान तीन चरण प्रणाली में सात घंटे बिजली प्रदान करने की संभावना पर चर्चा की जाएगी। भाजपा के आरोपों के जवाब में, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सरकार के कार्यों का बचाव करते हुए कहा कि अपर्याप्त वर्षा के कारण सूखे की स्थिति में सभी एहतियाती कदम उठाना चुनौतीपूर्ण है। इस बीच कर्नाटक राज्य भी पानी की गंभीर कमी से जूझ रहा है, जिससे बिजली



की आवश्यकता और बढ़ गई है। जब 2023 के लिए दक्षिण-पश्चिम मानसून का मौसम 30 सितंबर को समाप्त हुआ, तो 1 जून से 30 सितंबर तक राज्य में वर्षा 642 मिमी थी, जबकि सामान्य वर्षा 852 मिमी थी और कमी 25% थी। आईएमडी के मुताबिक, सभी 31 जिलों में लंबी अवधि के औसत से कम बारिश हुई, जिससे राज्य सूखे की चपेट में आ गया। मलनाड जिलों में 39त्न की कमी देखी गई, जबकि दक्षिण आंतरिक कर्नाटक क्षेत्रों में 27त्न की कमी थी। तटीय क्षेत्र और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में 19त्न की कमी है, जिसे हाल के वर्षों में सबसे कमजोर मानसून में से एक माना गया है। कर्नाटक राज्य प्राकृतिक द्वारा अद्यतन किए गए वर्षा आंकड़ों के मुताबिक, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक के 11 जिलों में सामान्य 369 मिमी के मुकाबले 271 मिमी बारिश हुई थी।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए बुलाई गई बैठक




**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव डॉ. विवेक जोशी ने 12 अक्टूबर को दो महत्वपूर्ण बैठकों का नेतृत्व किया। इस बैठक का उद्देश्य प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के कार्यान्वयन में तेजी लाना है। वित्त मंत्रालय की प्रेस रिलीज के मुताबिक, बैठक चंडीगढ़ में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में हुईं और इसमें पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के अधिकारी शामिल थे।

इस बैठक में पारंपरिक व्यवसायों में लगे कारीगरों और शिल्पकारों तक इसका लाभ पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के निर्बाध और कुशल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने की अनिवार्य आवश्यकता को लेकर ही चर्चाएं हुईं। इस योजना के जरिए 18 चिन्हित ट्रेडों में शामिल लोगों की सहायता की जाएगी। यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका विकास÷ के दृष्टिकोण के अनुरूप है। डॉ. जोशी ने लाभार्थियों के नामांकन में तेजी लाने, त्वरित सत्यापन और निर्बाध पंजीकरण प्रक्रियाओं में राज्य सरकार के क्षेत्रीय अधिकारियों की भूमिका के महत्व को रेखांकित किया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पात्र व्यक्ति प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभ तक पहुंच सकें। यह कार्यक्रम न केवल पारंपरिक कौशल को संरक्षित करने, बल्कि पारंपरिक कारीगरों को भविष्य के उद्यमियों में बदलने के लिए भी है। बैठक के दौरान, योजना के कार्यान्वयन में शामिल प्रमुख सरकारी संस्थाओं की ओर से प्रजेंटेशन दी गईं, जिनमें केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय MSME, केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय स्स्ष्ठश्व, क्षेत्रीय निदेशालय, कौशल विकास और उद्यमिता ष्ठस्ष्ठश्व और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक SIDBI शामिल थे।

# नारी शक्ति में हो रहा इजाफा, 2023 में महिला श्रम बल भागीदारी दर हुई 37 प्रतिशत

**श्रम बल**

**2022-23 से पता चलता है कि देश में महिला श्रम बल भागीदारी दर 2023 में 4.2 प्रतिशत अंक बढ़कर 37 प्रतिशत हो गई है।**



**नई दिल्ली।** सरकार ने जानकारी दी है कि देश में महिला श्रम बल भागीदारी दर पहले के मुकाबले बढ़ी है। शुक्रवार को सरकार ने कहा कि 2023 में महिला श्रम बल भागीदारी दर 4.2 प्रतिशत अंक बढ़कर 37 प्रतिशत हो गई है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2018-19 में 24.5 प्रतिशत हो गई; 2019-20 में 30 प्रतिशत से 2020-21 में 32.5 प्रतिशत और 2021-22 में 32.8 प्रतिशत से 2022-23 में 37 प्रतिशत हो गई है।मंत्रालय की ओर से कहा गया, 9 अक्टूबर, 2023 को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण रिपोर्ट 2022-23 से पता चलता है कि देश में महिला श्रम बल भागीदारी दर 2023 में 4.2 प्रतिशत अंक बढ़कर 37 प्रतिशत हो गई है। इसको लेकर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में लिखा, लैंगिक समानता और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक छलांग, बाधाओं को तोड़ना और एक उज्जवल भविष्य को आकार देना! महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के मुताबिक, महिला श्रम बल भागीदारी दर में यह महत्वपूर्ण उछाल सरकार के दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक विकास के नीतिगत उपायों के माध्यम से सुनिश्चित हुआ है।

# मणिपुर से लापता हुए थे दो छात्र, सीबीआई ने मास्टरमाइंड को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पुणे से 22 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिस पर दो लापता मणिपुरी छात्रों के मामले का मास्टरमाइंड होने का संदेह है, जिनके बारे में माना जा रहा है कि उनकी हत्या कर दी गई है। इसकी जानकारी अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई की एक विशेष जांच टीम ने पाओलुनमांग को बुधवार को पुणे से गिरफ्तार किया और अदालत में पेश करने के लिए उसे गुवाहाटी ले गई। उन्होंने बताया कि विशेष अदालत ने उसे 16 अक्टूबर तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया है। उन्होंने आगे कहा कि सीबीआई को इस मामले में पाओलुनमांग के मास्टरमाइंड होने का संदेह है। केंद्रीय एजेंसी ने 1 अक्टूबर को दो पुरुषों, पाओमिनलुन हाओकिप और स्मालसॉम हाओकिप और दो महिलाओं, ल्हिंगनेइचोंग बैतेकुकी और टिननेइलिंग हेंथांग को गिरफ्तार किया था।

# सुप्रीम कोर्ट ने डार्विन और आइंस्टीन के सिद्धांत को चुनौती देने वाली याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को डार्विन के विकासवाद के सिद्धांत और आइंस्टीन के सापेक्षता के समीकरण को चुनौती देने वाली जनहित याचिका खारिज कर दी। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि डार्विन और आइंस्टीन के सिद्धांत से हमारा कोई लेना-देना नहीं है। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु की पीठ ने याचिका की सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने याचिकाकर्ता राजकुमार से कहा कि यदि वे मानते हैं कि डार्विन और आइंस्टीन के सिद्धांत गलत थे तो सर्वोच्च अदालत का इससे कोई लेना-देना नहीं है।

दरअसल, राजकुमार यह साबित करना चाहते थे कि आइंस्टीन के विशेष सापेक्षता के समीकरण और विकास के डार्विनियन सिद्धांत गलत थे। उन्होंने कहा कि वह अपनी बात को रखने के लिए एक मंच चाहते थे। इस पर जस्टिस कौल ने कहा कि यदि यह आपका विश्वास है तो आप अपने विश्वास का प्रचार कर सकते हैं। यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत एक रिट याचिका नहीं हो सकती।

याचिकाकर्ता ने कहा कि उसने स्कूल और कॉलेज में जो कुछ भी पढ़ा था, अब एहसाल हो रहा है कि वह सब गलत था। इस पर पीठ ने कहा कि फिर आप अपने सिद्धांत में सुधार करें। सुप्रीम कोर्ट को इसमें क्या करना चाहिए पीठ ने आगे कहा,

आप कहते हैं कि आपने स्कूल में कुछ पढ़ा। आप विज्ञान के छात्र थे। अब आप कहते हैं कि वे सिद्धांत गलत हैं। यदि आप मानते हैं कि वे सिद्धांत गलत थे, तो सुप्रीम कोर्ट का इससे कोई लेना-देना नहीं है।

याचिकाकर्ता ने तब पीठ को बताया कि डार्विन के सिद्धांत को स्वीकार करते हुए 20 मिलियन लोग (एक मिलियन =10 लाख) मर गए हैं। पीठ ने कहा कि अगर आपको लगता है कि दोनों सिद्धांत गलत हैं तो आप अपने सिद्धांत का प्रचार कर सकते हैं।

# खालिस्तान समर्थक आतंकी पन्नू की धमकी पर कड़ी कार्रवाई की मांग



**ओटावा।** कनाडा में भारतीय समुदाय से जुड़े गैर-लाभकारी समूह ने जस्टिन ट्रूडो सरकार से भारतीय राजनयिकों को धमकी देने के लिए खालिस्तान समर्थक कट्टरपंथी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया है।

सिख फार जस्टिस से जुड़े आतंकी पन्नू ने सोमवार को टोरंटो के मेल लास्टमैन स्क्वायर में हमास हमले की निंदा करने के लिए निकाली गई रैली में शामिल हुए भारतीयों को भी धमकी दी थी। पन्नू ने कहा कि 21 अक्टूबर को सिख फार जस्टिस वैंकूवर, वाशिंगटन डीसी, लंदन, फ्रैंकफर्ट और मिलान में भारतीय दूतावासों को बंद करने जा रहा है। एक्स पर वायरल वीडियो संदेश में पन्नू ने फलस्तीन में भारत के प्रतिनिधि कार्यालय की राजदूत रेनू यादव को भी धमकी दी। इसे लेकर हिंदू फोरम आफ कनाडा ने कहा है कि इस तरह के बयानों को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। हम कनाडा सरकार से तत्काल कार्रवाई का आग्रह करते हैं, क्योंकि हम अपने समुदाय की सुरक्षा के बारे में चिंतित हैं।

इस तरह के घृणित वीडियो और भाषण नफरत और हिंसा को बढ़ा रहे हैं। कनाडा के हिंदू फोरम ने मंत्री लेब्लांक से अनुरोध किया है कि अगर गुरपतवंत सिंह पन्नू कनाडाई नागरिक नहीं हैं, तो उसके कनाडा में प्रवेश पर रोक लगा दी जाए। यदि नागरिक है, तो उसकी जांच की जाए और घृणा अपराधों के संबंध में आरोपित किया जाए।

## फ्रांस के स्कूल में चाकूबाजी, हमले में एक शिक्षक की मौत

**पेरिस।** उत्तरी फ्रांस के एक स्कूल में चाकूबाजी करने की घटना सामने आई है। इस घटना में एक शिक्षक की मौत हो गई है और कुछ बच्चे घायल हो गए हैं। फ्रांसीसी मीडिया के मुताबिक, राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन अर्रास शहर में घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। आंतरिक मंत्री जेराल्ड डर्मैनिन का कहना है कि हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। फ्रांसीसी प्रसारक फ्रांस इन्फो और बीएफएम की रिपोर्ट है कि हमलावर एक पूर्व छात्र था और एक शिक्षक और दो अन्य घायल हो गए हैं। हालांकि, यह पहला मामला है जब फ्रांस में इस तरह की घटना घटी है।

# 190 बच्चों की जान लेने वाले हत्यारे द बीस्ट की अस्पताल में हुई मौत, दुष्कर्म के आरोप में हुआ था गिरफ्तार

**बोगोटा।** कोलंबिया में 190 बच्चों की हत्या करने वाले सीरियल किलर की गुरुवार को अस्पताल में मौत हो गई। वह 66 वर्ष का था। लुइस अल्फ्रेडो गाराविटो (द बीस्ट) ने आठ से 16 वर्ष की आयु के बच्चों की हत्या की बात कबूली थी। उनमें से ज्यादातर कम आय वाले परिवारों से थे। उसने उनका अपहरण किया और उनसे दुर्व्यवहार किया। नेशनल पेनिटेंटरी एंड प्रिजन इंस्टीट्यूट ने कहा कि गाराविटो की उत्तरी कोलंबिया के वेलेडुपर के एक अस्पताल में मौत हो गई, जहां वह कैद में था। मौत का कारण सामने नहीं आ पाया है। अधिकारियों ने कहा कि जब परेरा, आर्मेनिया और तुंजा में नाबालिगों के लापता होने के मामलों में समानताएं देखीं गईं तो उसकी जांच की गई।

# जब किसी कार्रवाई का समय आएगा, तो उसे अंजाम देंगे चेतावनी के बावजूद हिजबुल्लाह ने किया हमास का साथ देने का एलान

**बेरूत।** हिजबुल्लाह के उप प्रमुख ने शुक्रवार को कहा कि शक्तिशाली ईरान समर्थित समूह तैयार है और अपनी योजना के अनुसार इजरायल के खिलाफ टकराव में योगदान देगा। हालांकि, विदेशी शक्तियां उन्हें किनारे रहने को कह रही है, हिजबुल्लाह ने सामने आने का फैसला किया।

हिजबुल्लाह के उप प्रमुख शेख नईम कासिम ने कहा कि प्रमुख शक्तियों, अरब देशों और संयुक्त राष्ट्र ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हिजबुल्लाह को इजरायल और हमास के बीच चल रही लड़ाई में हस्तक्षेप न करने के लिए कहा था। इजरायल पर हमास के बाद लेबनान ने भी मोर्टार हमले किए। जवाबी कार्रवाई में इजरायल ने ईरानी समर्थित हिजबुल्लाह मिलिशिया की चौकी पर भी हमला किए। जिसमें अब तक हिजबुल्लाह के कई सदस्य मारे जा चुके हैं। दरअसल, हिजबुल्लाह ने खुले तौर पर हमास को समर्थन देने की बात कही थी।

**सराहना**

**एक बयान में उन्होंने हमले की सराहना करते हुए कहा कि हमारी बंदूकें और रॉकेट सब आपके साथ है।**

एक बयान में उन्होंने हमले की सराहना करते हुए कहा कि हमारी बंदूकें और रॉकेट सब आपके साथ है। फलस्तीनी लड़ाकों के साथ एकजुटता दिखाते हुए बेरूत के बाहरी इलाके में हिजबुल्लाह के गढ़ दहिह में एक कार्यक्रम में वरिष्ठ हिजबुल्लाह अधिकारी हाशम सफीदीन ने कहा था, ÷हमारा इतिहास, हमारी बंदूकें और हमारे रॉकेट आपके साथ हैं। मालूम हो कि हिजबुल्लाह ने



2006 में इजराइल के साथ युद्ध किया था और उसके बाद से लगातार तनाव बढ़ता गया है। हमास नेता इस्माइल हानियेह ने कहा कि गाजा में शुरू हुआ हमला वेस्ट बैंक और यरुशलम तक फैल जाएगा। 2007 में हमास द्वारा इस क्षेत्र पर कब्जा करने के बाद से गजावासी 16 वर्षों से इजरायली नाकेबंदी के तहत रह रहे हैं। हिजबुल्लाह का सबसे बड़ा दुश्मन इजरायल है। इस दुश्मनी का इतिहास 1978 से चला आ रहा है। दरअसल, दक्षिणी लेबनान पर इजरायल के कब्जे के वक्त से दोनों के बीच दुश्मनी है। हिजबुल्लाह को विदेशों में यहूदी और इजरायली ठिकानों पर हमलों के लिए दोषी भी ठहराया जा चुका है।

# इजराइल पहुंचे अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन, सुरक्षा सहायता का करेंगे निरीक्षण

**तेल अवीव।** अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन शुक्रवार को इजरायल पहुंचे। लॉयड वरिष्ठ सरकारी नेताओं से मिलने के लिए यहां पहुंचे है और कुछ अमेरिका द्वारा दिए गए हथियारों और सुरक्षा सहायता का निरीक्षण करेंगे। ऑस्टिन इजराइल का दौरा करने वाले दूसरे उच्च स्तरीय अमेरिकी अधिकारी हैं। ब्रुसेल्स से उनकी यात्रा विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के इजरायल पहुंचने के एक दिन बाद हो रही है। हमास और इजरायल की जंग को रोकने के लिए ब्लिंकन दोनों देशों की यात्रा कर रहे है। ऑस्टिन की इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, रक्षा मंत्री योव गैलेंट और इजरायली वॉर कैबिनेट से मिलने की उम्मीद है। रक्षा सचिव का आगमन ऐसे समय हुआ है जब इजरायली सेना ने गाजा शहर में हजारों निवासियों को अपनी सुरक्षा के लिए इजरायली जमीनी हमले से पहले खाली करने का निर्देश दिया था।

# गाजा में इजरायल के जमीनी हमले में बड़े पैमाने पर लोगों की जानें जाएंगी: रूसी राष्ट्रपति पुतिन

**हमला**

**दरअसल, इजरायल अब हमास के ऊपर हवा के बाद जमीना हमले की तैयारी कर चुका है। इजरायल की सेना ने जमीनी हमला करने से पहले भारी मात्रा में टैंक एकत्रिक कर लिए हैं।**





**बिश्केक।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार (13 अक्टूबर) को इजरायल और हमास के बीच चल रहे भीषण खूनी संघर्ष को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा कि गाजा में इजरायल द्वारा जमीनी ऑपरेशन के बाद बड़े पैमाने पर लोगों की जानें जाएंगी। पुतिन ने जोर देकर कहा कि सबसे बड़ी बात ये है कि हमें रक्तपात को रोकना है। युद्ध के बीच इजरायल की सेना ने शुक्रवार को गाजा शहर में रह रहे 10 लाख से अधिक नागरिकों को, 24 घंटे के भीतर दक्षिण में जाने को कहा। दरअसल, इजरायल अब हमास के ऊपर हवा के बाद जमीना हमले की तैयारी कर चुका है। इजरायल की सेना ने जमीनी हमला करने से पहले भारी मात्रा में टैंक एकत्रिक कर लिए हैं। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में बोलते हुए कहा कि संघर्ष को शांतिपूर्ण तरीकों से हल किया जाना चाहिए और रूस दो-राज्य समाधान का समर्थन करता है। बता दें कि अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आइसीसी) से वारंट जारी होने के बाद रूसी राष्ट्रपति पुतिन पहली विदेश यात्रा पर गुरुवार को दो दिनों के लिए किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक पहुंचे हैं।

रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान यूक्रेन से सैकड़ों बच्चों को अवैध रूप से रूस ले जाने के मामले में बीते मार्च में न्यायालय ने पुतिन के खिलाफ वारंट जारी किया था। पुतिन ने राजधानी बिश्केक के पास स्थित रूसी सैन्य अड्डे के 20 वर्ष पूरे होने पर आयोजित समारोह में हिस्सा लिया है।

इस सैन्य अड्डे से रूस और किर्गिस्तान को मध्य एशिया में अपनी स्थिति को मजबूत बनाने का मौका मिलता है। पुतिन ने कहा है कि वह इस सैन्य अड्डे पर उपस्थिति को और मजबूत करेंगे।

# फलस्तीनी नेता की दूसरी नकबा तबाही की चेतावनी, भारतीयों का दूसरा जत्था भरेगा उड़ान

**यरूशलम।** इस्राइली सेना ने बताया कि उनके देश में 189 सैनिकों सहित 1,300 से अधिक लोग मारे गए हैं। देश के भीतर करीब 1,500 हमास आतंकी मारे गए और गाजा के अंदर हमास के सैकड़ों लोग मारे गए हैं। उधर, गाजा के अधिकारियों के अनुसार, वहां 1,417 लोग मारे गए और 6,500 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

आतंकी समूह हमास के खिलाफ जमीनी हमले की तैयारी में जुटी इस्राइली सेना ने लगभग सभी 11 लाख फलस्तीनियों को 24 घंटे के भीतर गाजा शहर खाली करने का आदेश दिया है। इन सभी को गाजा पट्टी के दक्षिणी भागों में जाने के लिए कहा गया है। हमास ने लोगों से अपने घरों में बने रहने को कहा है। गाजा पट्टी में मस्जिदों से भी फलस्तीनियों से अपने घरों को नहीं छोड़कर जाने का आह्वान किया गया है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र ने भी चेतावनी दी कि इतने कम समय में इसने सारे लोगों का विस्थापन विनाशकारी होगा। गाजा शहर में शिफा अस्पताल में प्रेस कॉन्फ्रेंस में हमास के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता इयाद अल-बोजोम ने कहा, नागरिकों के खिलाफ नरसंहार कर कब्जा जमाने वाली ताकत हमें एक बार फिर हमारी जमीन से विस्थापित करना चाहती है। 1948 की तरह इस बार विस्थापन नहीं होगा। हम मर जाएंगे, लेकिन जाएंगे नहीं। गाजा पट्टी पर नियंत्रण रखने वाले हमास ने आखिरी सांस तक लड़ने की कसम



खाई है। आम लोगों में भी इस्राइल के आदेश का असर नहीं दिखा। मलबे में तब्दील एक इमारत के पास खड़े 20 साल के मोहम्मद ने कहा कि घर छोड़कर जाने से अच्छा मर जाना है। उसने कहा, मैं यहीं पैदा हुआ, यहीं मरूंगा, यहां से जाना एक कलंक है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय संसद की अध्यक्ष रोबर्टा मेत्सोला युद्ध के बीच इस्राइल पहुचीं। दोनों यहां इस्राइली लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के लिए पहुंचीं हैं।

# खुटहन ब्लाक के सभागार में परिषदीय शिक्षकों को मिला टेबलेट

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (खुटहन) ब्लाक मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को परिषदीय विद्यालयों में टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बृजेश कुमार यादव रहे। मुख्यअतिथि ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा यह जो नई पहल की गई है यह एक क्रांतिकारी कदम है जो उत्तर प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र में नई दृष्टिकोण लाने की दिशा में है। यह टैबलेट आप सभी शिक्षकों को विभिन्न शैक्षणिक और विद्यार्थी संपर्क में रहने में मददगार होगा, टैबलेट के जरिए अध्यापकों के माध्यम से छात्र अच्छी सी अच्छी शिक्षा उपलब्ध हो सकेगा। शिक्षा और भविष्य के लिए एक व्यापक संभावना हो सकती है। उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि अब आप सभी को पहले जिस रूप में देखा जाता था उस रूप में नहीं दिखाई देते हैं आप सभी के विचारों का भी कार्यकाल हो गया है जब आप सभी शिक्षा को ऊंचाई की बुलंदियों तक ले जाएंगे तो बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता गांव व जिले का नाम होगा देश प्रदेश का नाम होगा। खण्ड शिक्षाधिकारी अधिकारी शशांक कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी प्राथमिक विद्यालयों को टैबलेट जनप्रतिनिधि के माध्यम से दिया जाना है जिसके लिए ब्लॉक मुख्यालय की सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया खण्ड शिक्षा अधिकारी ने टैबलेट की उपयोगिता में बताते हुए कहा कि बच्चों को चंद्रयान जैसे देश को गौरवान्वित करने वाला पल, डिजिटल पढ़ाई व डिजिटल इंडिया के तहत सभी पाठ्यक्रम को टैबलेट में दिखाने में मदद होगा। यह पूर्ण रूप से बच्चों के लिए उपयोगी होगा। इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा ऐसा कार्यक्रम जो उनके लिए हितकर होगा, ऐसा कार्यक्रम भी दिखाएं जाने में सुविधाजनक होगा। बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा आदित्यनाथ योगी के आदेश पर टैबलेट पर प्राथमिक विद्यालय पर दो टैबलेट दिया जाना है योगी सरकार के आदेश है जिससे बच्चों को डिजिटल पठन-पाठन का कार्य टैबलेट के माध्यम से किया जा सके। रियल टाइम डाटा उपलब्ध करा सकेंगे। टैबलेट मिलने के बाद उपस्थित मिड-डे मील सहित अन्य जानकारी की के बारे में माध्यमिक शिक्षा ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाएगी।

## वैभव के दम पर सोनावती को मिली जीत

प्रयागराज। सोनावती क्रिकेट क्लब ने गंगा जमुना तैज़ीब अंडर - 16 क्रिकेट प्रतियोगिता में एमआईसी क्रिकेट क्लब को 174 रन से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए हुए है। विजेता टीम के वैभव तिवारी के हरफनमौला प्रदर्शन (71 नाबाद व 1.4 - 0 - 6 - 2) कर अपनी टीम को जीत दिलाई है। शुक्रवार को दौलत हुसैन मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सोनावती क्रिकेट क्लब ने 34 ओवर में 236 रन (वैभव तिवारी 71 नाबाद, हंशु यादव 35, सत्यम 25, अंशुमान पटेल 22 रन, अली फ़राज़ 2/38, हुजैफा आसिफ 2/39, रेहान खान 2/42, जफर सईद 2/53) पर बनाए। जवाब में एमआईसी क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 18.4 ओवर में महज 62 रन ( मो. तंजील खान 21, अली ज़फर 18 रन, वैभव तिवारी 2/06, प्रखर मालवीय 2/13, मनीष यादव 2/20, सागर यादव 1/09, कार्तिक सिंह 1/13 ) पर सिमट गई।

# मोटे अनाज की खूबियां जानेंगे नौनिहाल

अवधनामा संवाददाता



शिक्षक किए जाएंगे प्रशिक्षित, बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के 100-100 शिक्षकों का होगा प्रशिक्षण

जौनपुर। उत्तर प्रदेश मीलेट्स पुनरोद्धार योजना के तहत शुक्रवार को जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने बताया कि मोटे अनाज की जानकारी अब बच्चों को भी दी जाएगी। मोटे अनाज स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभप्रद है। इस अनाज की खूबियां व उपयोगिता कैसे बढ़ाई जाए, इसके लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। कृषि विभाग की ओर से बेसिक शिक्षा व माध्यमिक शिक्षा विभाग के 100-100 शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद यह शिक्षक छात्रों को मोटा अनाज यानि मिलेट्स की खूबियां समझाएंगे। जिले में इस साल 12 हजार हेक्टेयर में मोटे अनाज की खेती की गई है। किसानों को अपने उपज का उचित मूल्य मिल सकें, इसके लिए ग्राम पंचायतों के नजदीक क्रय केंद्र भी बना दिए गए है जिस पर किसान अपनी उपज को सरकारी रेट पर बेच सकता है। विदेशों में श्री अन्न की मांग बहुत तेजी से बढ़ी है। अब मोटे अनाज की उपयोगिता के बारे में बच्चे भी जानेंगे। इसके लिए पहले शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद शिक्षक विद्यालयों में विद्यार्थियों को जानकारी मुहैया कराएंगे। ज्वार, बाजारा, कोदो, सांवा, मडुवा, रागी मूल रूप से हमारी धरोहर है। गेंहू और चावल के अधिक चलन के कारण हम इसके महत्व को भूल गए हैं, जबकि आज पूरी दुनिया श्री अन्न की उपयोगिता को समझ रही है। इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व हमें कई प्रकार की बीमारियों से बचाते है। मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने कहा कि मीलेट्स की उपयोगिता एवं गुणों से सम्बंधित पम्पलेट छपवाकर सभी विद्यालयों में वितरित कराए ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सके। इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, पर्यटन सूचना अधिकारी, उप परियोजना निदेशक आत्मा सहित सभी समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# भारत मिलाप मेला महासमिति का आलोक को चुना गया अध्यक्ष, लोगों ने दिया बधाई

अवधनामा संवाददाता



जौनपुर। मुंगरा बादशाहपुर में लगने वाले ऐतिहासिक पूर्वांचल का प्रसिद्ध भरत मिलाप मेला जो विगत कई वर्षो की तरह इस बार 29 अक्टूबर को सांस्कृतिक , देशभक्ति और सनातन धर्म के अनुरूप देवी देवताओं की झांकी और 30 अक्टूबर को रोशनी प्रदर्शन होना है, जिसको लेकर मुंगरा बादशाहपुर के कटरा रोड पर स्थित सिटी पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज के प्रांगण में एक महासमिति का गठन और बैठक की गई, जिसमें सभी दलों और चौकियो के अध्यक्षों तथा संभ्रांत नागरिकों के द्वारा सर्वसम्मति से महासमिति का अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता उर्फ पिंटू को चुना गया, और संरक्षक ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह (फंटू भैया) को चुना गया! महासमिति बैठक कार्यक्रम का संचालन गोपाल केसरवानी ने किया, कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पहुंचे राम नारायण साहू ने ऐतिहासिक मेले को लेकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए, साथ ही कहा कि जब मेले में कोई विपरीत स्थिति कभी बनी है और प्रशासन भी फेल होते नजर आया है उस जगह आलोक गुप्ता और पिंटू के उपस्थित होने मात्र से अव्यवस्था और असमंजस की स्थिति तुरंत व्यवस्था मे तब्दील हो जाती है , उसी क्रम में नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने कहा कि कुशल नेतृत्व और धैर्य पूर्वक निर्णय लेने की क्षमता जो सिटी पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज के डायरेक्टर आलोक गुप्ता के अंदर है वह अन्य किसी में नहीं, जिस पर उपस्थित जनों ने एक साथ में तालियो से स्वागत किया! इसके बाद बैठक के मुख्य पदाधिकारियों ने आपसी खुशी और सहमति से निर्णय लेते हुए कहा कि अब तक शंकर दल भारत मिलाप रोशनी कमेटी को संरक्षण प्रदान करते आए सत्येंद्र सिंह फंटू भैया को महासमिति का संरक्षक चुनना बहुत ही हर्ष और गर्व की बात होगी, और जैसे ही अध्यक्ष और संरक्षक चुने गए वैसे ही सभी उपस्थित जनों ने एक साथ मिलकर माल्यार्पण करके स्वागत अभिनंदन किया, और जय श्री राम के नारे लगाए! बैठक कार्यक्रम के दौरान ही विशंभर दुबे ने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक मेला पूरे उत्तर प्रदेश में चर्चित है, जिसकी वजह से आसपास के जिलों के लोग भी यहां मेला देखने आते हैं, जिससे स्वाभाविक रूप से भीड़ अत्यधिक बढ़ जाती है, इसलिए महासमिति द्वारा यह निर्णय लिया जाना चाहिए की मेला दर्शनार्थ चौकियो को नगर के दो भागों में बांटा जाए जिससे भीड़ का फैलाव हो सके, और लोगों को अत्यधिक भीड़ की वजह से दिक्कतों का सामना न करना पड़े, इसी क्रम में भरत मिलाप मेला समिति के अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता ने कहा कि मुंगरा बादशाहपुर में लगने वाला ऐतिहासिक मेला किसी अकेले एक व्यक्ति से नहीं बल्कि सभी के सहयोग से संपन्न हो पता है, इसलिए नगर के सभी व्यापारियों का दलों और चौकियो के पदाधिकारी का, पुलिस प्रशासन, पालिका प्रशासन, बिजली विभाग, क्क्कुष्ठ, सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आशा नहीं पूर्ण विश्वास है कि सभी लोग अपनी-अपनी जिम्मेदारियां को कुशलतापूर्वक निर्वहन करेंगे, जिससे ऐतिहासिक भारत मिलाप मेले में और चार चांद लग सके ! इस अवसर पर मुख्य रूप से थाना प्रभारी राजाराम द्विवेदी, हनुमान दल भारत मिलाप रोशनी कमेटी के अध्यक्ष राजीव केसरी, लवकुश दल से रंजीत गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता, उमाशंकर चौरसिया ,शिवकुमार लल्ला, बृजेश पटेल, वीरेंद्र पटेल, राजकुमार जायसवाल, राजकुमार उमरवैश्य, आदि लोग मौजूद रहे।

# एम्बुलेंस की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

मुंबई से चल मरीज को छोड़ वापस लौट रहा थी एम्बुलेंस

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (शाहगंज) कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत कौडिया गांव के समीप एम्बुलेंस की चपेट में आने से सड़क पार कर रहे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। क्षेत्र के कौडिया गांव निवासी 75 वर्षीय रामकुमार गौतम पुत्र राम अधीन शुक्रवार की दोपहर घर से कुछ दूरी पर कौडिया गांव के प्रयागराज मार्ग स्थित लक्ष्मी टावर के समीप सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार एम्बुलेंस की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दे इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उक्त घायल की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने एम्बुलेंस व चालक दोनों को कब्जे में ले लिया। पुलिस के मुताबिक महाराष्ट्र के मुम्बई का एम्बुलेंस बस्ती में मरीज छोड़ वापस लौट रहा था।

# सौहार्दपूर्ण मनाएं त्यौहार



अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (गौराबादशाहपुर)। कस्बा स्थित दया मैरिज हाल में शुक्रवार को आगामी त्योहारों दशहरा, दुर्गा पूजा, भरत मिलाप को लेकर शांति समिति की बैठक एसडीएम सदर ऋषभ पुंडीर की अध्यक्षता में हुई। जिसमें रामलीला व भरतमिलाप और पूजा समितियों के सदस्यों के साथ गणमान्य लोगों ने भाग लिया। सीओ केराकत गौरव शर्मा ने कहा कि त्योहारों को आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें। कोई नई परंपरा न शुरू की जाये। एसओ विनय मिश्र ने कहा कि जुलूस के दौरान शराब पीकर डांस न करें और न ही अश्लील गाने बजाये जायें। ईओ डा. अनुपम सिंह ने साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने का भरोसा दिलाया। बैठक में कस्बा चौकी इंचार्ज रामजी सैनी, चिकित्सा अधीक्षक डा. मनोज कुमार, नवीन साहू, गुड्डू सोनकर, राजकुमार सेठ, प्रियांशु साहू, धर्मेन्द्र गुप्ता, श्यामबिहारी यादव, पप्पू चौरसिया, अजीत सोनकर, किशन साहू, टीटू जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## अर्चना सिंह एनएचएम कर्मचारी संघ में प्रदेश महिला उपाध्यक्ष मनोनीत



प्रयागराज। संयुक्त एनएचएम कर्मचारी संघ की प्रदेश महिला उपाध्यक्ष बनाई गई लखनऊ में कार्यरत अर्चना सिंह इसकी जानकारी प्रदेश अध्यक्ष डा0 अनिल गुप्ता ने दी। अपने पद की मिली जिम्मेदारी को लेकर उन्होंने कहा संघ ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसका वो भली-भांति पालन निर्वाह करेंगी, सभी लोगों तक संघ की नीतियों को पहुंचा कर संघ को और भी मजबूत बनाने का काम करेंगी। इस अवसर पर महिला सचिव संगीता सिंह ने भी बधाई दिया कहा संघ में महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है।

# रामचंद्र वैश्य का जीवन सत्य और न्याय के प्रति समर्पित रहा: प्रो. गिरीश

पुण्यतिथि पर याद किए गए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामचंद्र वैश्य

अवधनामा संवाददाता



प्रयागराज। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रामचंद्र वैश्य 19 वीं पुण्यतिथि समारोह पूर्व पार्षद विजय वैश्य के नेतृत्व में उनके निजी आवास बहादुरगंज में मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके सचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति काशी हिंदू विश्वविद्यालय प्रोफेसर गिरीश चंद्र पार्टी ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रामचंद्र वैश्य स्वतंत्र भारत के आंदोलन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलते रहे और उनका जीवन सत्य और न्याय के प्रति समर्पित रहा। इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी ने कहा बाबू रामचंद्र वैश्य का जीवन राष्ट्र और समाज के प्रति संघर्षरत रहा और गरीबों और कमजोर लोगों की हक की लड़ाई लड़ते रहे। इस अवसर पर अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य समाज के संरक्षक शिवकुमार वैश्य, इलाहाबाद गल्ला तिलहन व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतीश चंद्र केसरवानी, पूर्व पार्षद कन्हैया लाल गुप्ता, केसर विद्यापीठ इंटर कॉलेज के प्रबंधक ओपी गुप्ता , व्यापारी नेता रमेश चंद्र केसरवानी ने स्वर्गीय रामचंद्र वैश्य जी को याद किया और उपस्थित सभी वक्ताओं ने महापौर गणेश केसरवानी से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामचंद्र वैश्य के नाम से राम भवन के पास बने पार्क का सौंदर्यीकरण और उनके नाम से बहादुरगंज से लेकर कोठा पारचा तक मार्ग का नाम उनके नाम किए जाने की मांग की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रामचंद्र वैश्य के पुत्र पूर्व पार्षद विजय वैश्य ने कहा कि मेरे पिता रामचंद्र वैश्य निर्भय और निर्भीक रहकर समाज और देश की सेवा करते रहे उन्ही के आदर्शो पर चलकर लोगों की सेवा करता रहूंगा?। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद करते हुए राजेश केसरवानी ने किया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ पूर्व अध्यक्ष कृष्ण बिहारी तिवारी, उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष बृजेश शर्मा, सेवा समिति विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विवेक चौधरी, मंडल अध्यक्ष भाजपा अजय अग्रहरि, देवेंद्र केसरवानी, राजू यादव ,पार्षद नीरज गुप्ता,लव कुश केसरवानी, राजू वैश्य, अग्रहरि ,चंदन गुप्ता ,सुमित अग्रहरि, ममता मिश्रा, संगीता केसरवानी, शत्रुघ्न जायसवाल, प्रतीक मालवीय, सुनील केसरवानी, अभिलाष केसरवानी, आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# अपना दल एस विधि मंच की बैठक आयोजित

अवधनामा संवाददाता



प्रयागराज। शोषित, वंचित एवं कमेरा समाज के अधिकारों एवं सामाजिक न्याय लिए जीवन पर्यत संघर्ष करने वाले तथा अपना दल एस के संस्थापक डॉ0 सोने लाल पटेल के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर आगामी 17 अक्टूबर को प्रतापगढ़ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना दल एस विधिमंच प्रयागराज इकाई की बैठक हाईकोर्ट के प्रांगण में संपन्न हुई। जिसमें विधिमंच से जुड़े सैकड़ों अधिवक्ता कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता विधिमंच के जिला अध्यक्ष राम सिंह पटेल ने तथा संचालन अधिवक्ता प्रदीप तिवारी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए विधिमंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक चौबे ने पार्टी की गतिविधियों में अधिवक्ताओं की भूमिका और योगदान की चर्चा करते हुए बैठक में आए अधिवक्ताओं से 17 अक्टूबर को अधिक से अधिक संख्या में प्रतापगढ़ पहुंचने की अपील किया। बैठक में विधि मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह, महासचिव रमेश पटेल, युवा मंच के राष्ट्रीय महासचिव सावंत पटेल, बृजेश सिंह पटेल, रितिका मौर्या, दीपक सिंह पटेल, आर बी पटेल, अंजनी मिश्रा, वीरेंद्र सिंह चौधरी, आशुतोष सिंह पटेल आदि प्रमुख रहे।

## आर्थिक विकास को बढावा देने के उद्देश्य से सेवामित्र पोर्टल को विकसित

आजमगढ़। सहायक निदेशक (सेवा0) श्री राममूर्ति ने बताया है कि प्रदेश में सेवा क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढावा देने के उद्देश्य से सेवामित्र पोर्टल को विकसित किया गया है। पोर्टल का मुख्य उद्देश्य सेवाप्रदाता और यूजरकस्टमर व क्लाइन्ट को एक प्लेटफार्म पर लाना है ताकि यूजर व क्लाइन्ट को अपने रोजमर्रा सम्बन्धी कार्यो यथा पेटिंग, फिटिंग, इलेक्ट्रीशयन, प्लम्बर, एसी रिपेयर, टीवी, मैकेनिक, पैथालांजी जैसे 27 प्रकार की पूर्व संचालित सेवाओं के अतिरिक्त प्रोजेक्ट वर्क बेस सेवाएं यथा टैक्सी सर्विसेज, कैटरिंग सर्विसेज, आर्किटेक्ट व इन्टीरियर डिजाइनिंग सर्विसेज और टेन्ट सर्विसेज आदि सेवाएं भी प्रारम्भ की जा रही है।

# चंदोदेवी मामले में प्रशासन ने लिया संज्ञान, जमीन पर दिलाया कब्जा

दोनो पक्षों में हुआ समझौता, स्थानीय प्रशासन ने ली राहत की सांस



प्रयागराज। पीड़िता चंदोदेवी की आत्महत्या की घोषणा से करछना तहसील और पुलिस प्रशासन हरकत में आया। जैसे ही चंदों देवी ने लखनऊ डीजीपी कार्यालय पर आत्म हत्या की धमकी की सूचना तहसील व पुलिस प्रशासन को मिली प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए चंदो देवी की खोज बीन शुरू हो गई। स्थानीय प्रशासन ने परिश्रम कर पीड़िता चंदों देवी को न्याय का आश्वासन देकर मना लिया।

एसडीएम करछना और पुलिस प्रशासन की सक्रिय भूमिका से पीड़िता चंदों देवी को उसकी जमीन पर कब्जा मिल गया। प्रशासन ने उभय पक्षों में समझौता भी करा कर एक बड़ी सफलता प्राप्त कर ली है।

गुरुवार को परेशान पीड़िता चंदों देवी न्याय न मिलने से परेशान होकर डीजीपी कार्यालय पर आत्म दाह की नियत से गांव छोड़कर लखनऊ प्रस्थान कर चुकी थी। स्थानीय प्रशासन हरकत में आकर चंदों देवी की खोज बीन शुरू कर दी। पता चला चंदों देवी का पूरा परिवार लखनऊ के लिए गांव छोड़ चुका है। प्रशासन के आश्वासन पर चंदों देवी वापस गांव लौट आई। शुक्रवार को एसडीएम करछना पूरा तहसील प्रशासन तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन करछना स्थित सेमरी गांव पहुंच कर चंदों देवी के पट्टे की जमीन की पैमाइस कर उसे कब्जा दिला दिया गया। गांव के संभ्रांत नागरिकों की उपस्थित में अभय पक्षों के बीच समझौता प्रशासन द्वारा करा दिया गया। समझौता हो जाने से स्थानीय प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

# दुबई थीम सिटी ड्रीम लैंड प्रदर्शनी एवं मेला का शुभारम्भ

विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस है ये प्रदर्शनी लाभ: शिवशंकर सिंह

अवधनामा संवाददाता



आजमगढ़। दुर्गापूजा और दीपोत्सव के मद्देनजर दुबई थीम सिटी ड्रीम लैंड प्रदर्शनी एवं मेला का शानदार शुभारंभ आजमगढ़ के करतालपुर में किया गया। जिसका शुभारंभ भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय व जिलाध्यक्ष श्रीकृष्णपाल व सूरज प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से फीताकाटकर किया गया। इसके बाद अतिथियों ने पूरे प्रदर्शनी और मेला का अवलोकन करते हुए मेला प्रबंधन का आभार जताया। इस दौरान पूरा प्रदर्शनी क्षेत्र दुधिया रोशनी में नहाया नजर आया, सुविधाओं को देखकर जहां सभी दंग दिखे वहीं छोटे-बड़े, महिला बुजुर्ग सभी के सभी मस्ती के रंग में रंगे नजर आए। मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर प्रांत सहजानंद राय ने कहाकि पर्व हमारे जीवन में खुशियों का संचार करते है। इन पर्वो की खुशी में दुबई थीम सिटी ड्रीम लैंड प्रदर्शनी एवं मेला चार चांद लगा रहा है। ऐसा लगा रहा है कि आजमगढ़ में ही दुबई सरीखे जैसी सुविधाएं मुहैया हो रही है। उन्होंने डबल डिस्क झूला, ज्वाइंट हील कोलम्बस, मैजिक राउंड, सलाम्बो, आक्टोपस, स्टेटिंग कार, ड्रैगन इन ब्रैक डांस, जापानी चिल्ड्रेन पार्क व लजीज व्यंजन की सुव्यवस्था की जमकर तारिफ किए। उन्होंने कहाकि प्रदर्शनी में पूरे भारत की चीजें अब आजमगढ़ खरीद सकेंगे चाहे वह कपड़ा हो या रसोई का कोई भी साजो सामान। इस दौरान दोनों जिलाध्यक्षों ने भी प्रदर्शनी की तारिफकरते हुए हुए प्रदर्शनी में अधिक से अधिक सुरक्षित मस्ती करने की अपील किया। वहीं सभी के प्रति आभार जताते हुए प्रदर्शनी प्रबंधक शिवशंकर सिंह ने कहाकि हमारा उद्देश्य है कि भारतीय रंग में विदेशी सुविधाओं का तड़का लगाया जाए। इसी को साकार करने के लिए हमने मात्र 20 रूपए का प्रवेश शुल्क निर्धारित करते हुए विश्वस्तरीय चीजों का समावेश कर रखा है। घर के घरेलू साजो सामानों से लगायत देश के कोने कोने से आए हस्तशिल्पी चाहे वह हरियाणा का हैंडलूम, सहारनपुर का हैंडीक्राफ्ट या मेरठ की कीरिंग, कानपुर का चमड़े का पर्स, दिल्ली की लाट, चाइना लाट, फिरोजाबाद की चूड़ी, हैदराबाद की ज्वैलरी, लुधियाना का गारमेंट, राजस्थानी आचार, खुर्जा की क्राकरी, जयपुर का लहंगा, जयपुर की लाख वाली चूड़ियां, के साथ-साथ राज सुपर सेफ्टी रेस्टोरेंट के जरिए एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों, नाश्ता की समुचित व्यवस्था की गई है। जिसका लाभ आजमगढ़वासी लगातार उठा सकते है, जिसमे बच्चों, महिलाओं, बड़े बुजुर्ग सभी के मस्ती का पूरा ख्याल किया गया है। उन्होंने कहाकि कम से कम दर में घरेलू, सजावट आदि के सामान है अधिक से अधिक खरीदारी करके प्रदर्शनी को सफल बनावें।

# पत्नी की हत्या कर घर में ही दफनाया

पुलिस ने शव को बाहर निकाल कानूनी कार्रवाई की शुरू

मृतका के छोटे भाई ने बयां किया अपना दर्द



अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। महराजगंज थाना क्षेत्र के जजनमन जोत गांव में पति ने परिजनों के साथ मिलकर अपनी पत्नी की हत्या कर घर में ही दफ्ना दिया। घटना के बाद घर में ताला बंद कर सभी फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवा कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। महराजगंज थाना क्षेत्र के आराजी जजमन जोत गांव में बृहस्पतिवार को किसी बात से नाराज होकर नव विवाहिता अनीता 22 की उसके पति सूरज और ससुर गुलाब गोंड ने लाठी डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी।

हत्या के बाद दोनों ने उसके शव को घर के अंदर ही गड्ढ़ा खोदकर दफ्न कर दिया। घटना के बाद दोनों घर में ताला बंद कर फरार हो गए। शुक्रवार की सुबह घर में ताला बंद देख ग्रामीणों को कुछ शक हुआ तो पुलिस को फोन के जरिए इसकी सूचना दे दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घर का ताला तुड़वाया। इसके बाद घर में दफ्न किए गए स्थान से विवाहित के शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दें कि मृतका का मायका रौनापार थाना क्षेत्र के नई बस्ती में हैं। सूचना मिलते ही मौके पर मायके वाले भी पहुंच गए। इस बावत महाराजगंज थानाध्यक्ष से बात करने पर उन्होंने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी। परिजनों के अनुसार विवाहिता को दहेज के लिए ससुराल वाले अक्सर परेशान किया करते थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# 16180 करोड़ रुपये के पेमेंट गेटवे धोखाधड़ी मामले में दो गिरफ्तार

## एटीएम से छेड़छाड़ करने वाले 10 पर केस



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में पुलिस ने एक वित्तीय अपराध में कथित भूमिका के लिए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह मामला एक पेमेंट गेटवे कंपनी के सिस्टम में छेड़छाड़ कर 16,180 करोड़ रुपये की गड़बड़ी करने से जुड़ा है।

महाराष्ट्र के ठाणे शहर में पुलिस ने एक वित्तीय अपराध में कथित भूमिका के लिए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने गुरुवार को भायंदर के अनूप दुबे (26) और मुंबई निवासी संजय नामदेव गायकवाड (42) को गिरफ्तार किया। यह मामला एक पेमेंट गेटवे कंपनी के सिस्टम में छेड़छाड़ कर 16,180 करोड़ रुपये की गड़बड़ी करने से जुड़ा है। पुलिस के अनुसार, धोखाधड़ी लंबे समय से हो रही थी, लेकिन अप्रैल 2023 में कंपनी के पेमेंट गेटवे सिस्टम के हैक होने और 25 करोड़ रुपये की हेराफेरी के बारे में श्रीनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज होने के बाद यह सामने आया। जांच के दौरान साइबर सेल की टीम को 16,180 करोड़ रुपये से अधिक के संदिग्ध लेनदेन का पता चला।

एटीएम से छेड़छाड़ कर 25.65 लाख रुपये चुराने के आरोप में ठाणे जिले के कल्याण में 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि मानपाड़ा पुलिस थाने में दर्ज पहली प्राथमिकी में चार अज्ञात लोगों ने 26 सितंबर से तीन अक्टूबर के बीच तीन एटीएम से धोखाधड़ी से पैसे निकाले। अधिकारी ने बताया कि डोंबिवली पुलिस थाने में दर्ज दूसरी प्राथमिकी में छह लोगों के खिलाफ 25 सितंबर से दो अक्टूबर के बीच एक एटीएम से छेड़छाड़ करने और 18.99 लाख रुपये निकालने का मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने कहा, ÷एटीएम एक ही बैंक के हैं। इस तरह से निकाली गई राशि 25.65 लाख रुपये है। 10 आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।


# सरकार ने कहा, गंगाजल पर कोई जीएसटी नहीं




**नई दिल्ली।** त्योहारों का मौसम करीब है, ऐसे में वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को साफ किया कि गंगाजल जीएसटी से मुक्त रहेगा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) द्वारा जारी एक स्पष्टीकरण में बताया गया कि गंगाजल (पवित्र गंगा नदी का पानी) और पूजा सामग्री (वस्तुएं) को जीएसटी की छूट दी गई है।

सीबीआईसी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कुछ मीडिया रिपोर्टों के बाद गंगाजल पर जीएसटी लागू करने को लेकर स्पष्टीकरण की जरूरत महसूस की गई थी। इसने कहा, 2017 में आयोजित जीएसटी परिषद की 14वीं और 15वीं बैठक में पूजा सामग्री पर जीएसटी पर विस्तार से चर्चा की गई और उन्हें छूट सूची में रखने का निर्णय लिया गया। इसलिए, जीएसटी की शुरूआत के बाद से इन सभी वस्तुओं को छूट दी गई है।

# ईवी: टेस्ला साइबरट्रक की 2024 में लगभग 120,000 डिलीवरी होगी



**सैन फ्रांसिस्को।** एलन मस्क द्वारा संचालित टेस्ला के साइबरट्रक में कथित तौर पर 2024 में 100,000 से 120,000 डिलीवरी और 2025 में 240,000 से 260,000 डिलीवरी होगी। टीएफ इंटरनेशनल सिक्योरिटीज के विश्लेषक मिंग-ची कुओ को उम्मीद है कि इस साल साइबरट्रक शिपमेंट शुरू हो जाएगा, लेकिन कंज्यूमर्स को केवल 100-200 यूनिट्स ही वितरित की जाएंगी। कुओ ने एक पोस्ट में लिखा, ÷2023, 2024 और 2025 में साइबरट्रक के लिए वर्तमान शिपमेंट अनुमान 100,000-120,000, और 240,000-260,000 यूनिट्स हैं।

एप्पल के शीर्ष विश्लेषक ने यह भी कहा कि साइबरट्रक का इनोवेटिव डिजाइन संभवतः इसे 2030 तक प्रतिस्पर्धा में बढ़त प्रदान करेगा। मिंग-ची कुओ ने कहा, ÷साइबरट्रक के डिजाइन (जैसे वायुगतिकीय दक्षता) से 2030 तक इसके प्रतिस्पर्धी लाभ को बनाए रखने की उम्मीद है, जिसका मतलब है कि सभी नए डिजाइन वाले साइबरट्रक 2 की शिपिंग संभवतः 2030 तक शुरू नहीं होगी।

साइबरट्रक 2 के लॉन्च से पहले, उन्हें उम्मीद है कि अपग्रेड या मोडिफाई स्पेसिफिकेशन्स के साथ साइबरट्रक के नए वर्जन होंगे लेकिन अनिवार्य रूप से अपरिवर्तित फॉर्म फैक्टर डिज़ाइन के साथ।विश्लेषक ने आगे टेस्ला के वित्त में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बनने के लिए टेस्ला साइबरट्रक का जिक्र किया। कुओ ने कहा, ÷यह स्पष्ट है कि साइबरट्रक आने वाले वर्षों में टेस्ला के राजस्व और लाभ वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देगा, और यह योगदान भविष्य में मौसमी या आर्थिक मंदी से अप्रभावित रहने की उम्मीद है। इस बीच, मस्क के बायोग्राफर वाल्टर इसाकसन के अनुसार, टेस्ला की 25,000 डॉलर की कार और कंपनी की समर्पित रोबोटैक्सी में साइबरट्रक से प्रेरित डिजाइन होगा।

# व्यापार: कमजोर आंकड़ों से जूझ रही आईटी कंपनियों के कारण बाजार दबाव में



**नई दिल्ली।** कमजोर आंकड़ों और विकास सुधार पर स्पष्टता की कमी से जूझ रही आईटी कंपनियों के कारण बाजार दबाव में है। यह बात जियोजित फाइनेंशियल के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कही।

उन्होंने कहा, अग्रणी बैंकिंग नामों में बाजार को समर्थन जारी रखने की ताकत है। दो प्रमुख मैक्रो रुझान हैं बाजार को प्रभावित कर सकते हैं। वैश्विक रुझान थोड़ा नकारात्मक है, जबकि घरेलू रुझान काफी हद तक सकारात्मक है।

उन्होंने कहा, सितंबर में अमेरिकी खुदरा मुद्रास्फीति 3.7 प्रतिशत पर उम्मीद से थोड़ी अधिक रही। इस उच्च मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति का निहितार्थ यह है कि अमेरिकी मुद्रास्फीति को 2 प्रतिशत के दीर्घकालिक लक्ष्य तक लाने की लड़ाई में अधिक समय लगेगा और इसलिए, , दरें लंबे समय तक ऊंची रहेंगी। इससे इक्विटी बाजारों में तेजी पर लगाम लगेगी।

सितंबर में सीपीआई मुद्रास्फीति में 5.02 प्रतिशत की भारी गिरावट और अगस्त के लिए आईआईपी में प्रभावशाली ढंग से 10.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ घरेलू मैक्रोज़ स्पष्ट रूप से सकारात्मक हो गए हैं।

शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 428 अंक गिरकर 65,980 अंक पर है। इंफोसिस में 2 फीसदी से ज्यादा की गिरावट है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूसरे कौशल दीक्षांत समारोह में छात्रों को लाइव संबोधित किया

## आज पूरी दुनिया को यह विश्वास है कि यह सदी भारत की सदी होने वाली है: नरेंद्र मोदी

**बेरोज़गारी दर**

**भारत में बेरोज़गारी दर 6 साल में सबसे निचले स्तर पर है**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 12 अक्टूबर 2023 को कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा आयोजित दूसरे वार्षिक कौशल दीक्षांत समारोह में छात्रों को लाइव संबोधित किया। केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान और कौशल विकास और उद्यमशीलता और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री, राजीव चंद्रशेखर ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग के सचिव श्री के. संजय मूर्ति; स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव, संजय कुमार; कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव, अतुल कुमार तिवारी; राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) के चेयरमैन निर्मलजीत सिंह कलसी; एआईसीटीई के चेयरमैन, प्रोफेसर टी.जी.सीताराम; यूजीसी के चेयरमैन, प्रो. एम. जगदीश कुमार; और अन्य अधिकारी, अनेक गणमान्य व्यक्ति और छात्र भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

इस अवसर को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि कौशल विकास का यह उत्सव अपने आप में अद्वितीय है और आज देश भर के कौशल विकास संस्थानों के संयुक्त दीक्षांत समारोह का आयोजन एक बहुत ही सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि कौशल दीक्षांत समारोह आज के भारत की प्राथमिकताओं को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने प्रौद्योगिकी के माध्यम से इस आयोजन से जुड़े हजारों युवाओं की उपस्थिति को स्वीकार करते हुए सभी युवाओं को अपनी शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने किसी भी देश की ताकत जैसे उसके प्राकृतिक या खनिज संसाधनों, या उसकी लंबी तटरेखाओं का उपयोग करने में युवाओं की शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि देश, मजबूत युवा शक्ति के साथ अधिक विकसित होता है जिससे देश के संसाधनों के साथ न्याय होता है।आज, प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि समान सोच भारत के युवाओं को सशक्त बना रही है जो पूरे ईकोसिस्टम में अभूतपूर्व सुधार कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, इसमें देश का दृष्टिकोण दोतरफा है। उन्होंने बताया कि भारत अपने युवाओं को कौशल और शिक्षा के माध्यम से नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार कर रहा है।उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रकाश डाला, जो लगभग 4 दशकों के बाद स्थापित की गई है। प्रधानमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि सरकार बड़ी संख्या में नए मेडिकल कॉलेज और आईआईटी, आईआईएम या आईटीआई जैसे कौशल विकास संस्थान स्थापित कर रही है। उन्होंने उन करोड़ों युवाओं का उल्लेख किया जिन्हें प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित किया गया है।दूसरी ओर, प्रधानमंत्री ने कहा कि रोजगार प्रदान करने वाले पारंपरिक क्षेत्रों को भी मजबूत किया जा रहा है, जबकि रोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाले नए क्षेत्रों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

# बादाम से बने इन सेहतमंद व्यंजनों के साथ मनायें नवरात्रि का जश्न



नवरात्रि भारत के सबसे बहुप्रतीक्षित त्योहारों में से एक है, क्योंकि यह नृत्य, समर्पण और चटकीले रंगों का मेल है। भारत में यह सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि आस्था, समुदाय एवं परंपरा का जश्न है। नवरात्रि के नौ दिनों के दौरान, मां दुर्गा के प्रति भक्ति भाव दर्शाने के लिये रंग-बिरंगे परिधान पहने जाते हैं और एकसाथ मिलकर गरबा नृत्य किया जाता है। इस आनंददायक जश्न के बीच, उपवास रखने की एक खास परंपरा होती है। और इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि सेलीब्रेशन्स के साथ मीठा खाने की हमारी इच्छा भी प्रबल हो जाती है। लेकिन मीठे की इस ललक से प्रेरित होकर अस्वास्थ्यकर मिठाईयों को खाने से बचना चाहिये। इस दिलचस्प तरीके और उन सेहतमंद सामग्रियों को समझने के लिये आगे पढ़िये, जिनका इस्तेमाल हम अपनी सेहत से समझौता किये बिना मीठे का मजा लेने के लिये कर सकते हैं। बादाम तेजी से स्वाद को बढ़ाती हैं और हर तरह की खाने-पीने की चीजों के साथ बहुत अच्छे तरीके से मिल जाती हैं। आयुर्वेद, यूनानी और सिद्धा के कई अभिलेखों में बादाम से सेहत को मिलने वाले कई सारे फायदों पर रोशनी डाली गई है। रोजाना बादाम खाने से दिल की सेहत को सुधारने और वजन तथा टाइप-2 डायबिटीज को नियंत्रित रखने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा, बादाम विटामिन बी2, विटामिन ई, मैग्नीशियम और फॉस्फोरस से प्रचुर होती हैं। आगे पढ़ते जाइये और बादाम से बनने वाली यह 2 सेहतमंद रेसिपीज नवरात्रि के लिये आजमाइये!

# किचन का एक कुशल साथी- टीटीके प्रेस्टीज ने कुकिंग को और आसान बनाने के लिए इंडक्शन कुकटॉप 2000W लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** कुकर और किचन अप्लायंसेस के प्रसिद्ध ब्रांड, टीटीके प्रेस्टीज ने इंडक्शन कुकटॉप के साथ अपने पोर्टफोलियो में एक नया संकलन किया है। कुकिंग को आसान बनाने वाला एक अनूठा इंडक्शन बेहद सुविधाजनक है, इसे इस्तेमाल करना आसान है, यह तेजी से खाना पकाताहै और 25त्न ज्यादा बिजली की बचत करता है।

पारंपरिक स्टोव टॉप से थोड़ा अलग, यह इंडक्शन संभावनाओं की एक नई लहर लेकर आया है। यह इंडक्शन कुकवेयर ऑटो प्रेशर कुकिंग के स्मार्ट फंक्शन के साथ आता है, जोकि आपके पसंदीदा पकवानों को बिना रुकावट बनने में मदद करता है। यह मोड जरूरत के अनुसार, कीम वॉर्म मोड में अपने आप ही स्विच हो जाता है और प्रेशर कुकिंग एक्टिविटी सुनिश्चित करने की सुविधा देता है।

भारतीय लोगों के लिए तैयार किया यह इंडक्शन कुकटॉप, अपनी जरूरत के अनुसार अलग-अलग तापमान की सेटिंग पर सेट किया जा सकता है। कई प्रकार के व्यंजन बनाने के लिए तैयार इस कुकटॉप को आपके स्वादिष्ट पकवानों के अनुसार बदला जा सकता है। कंट्रोल पैनल पर दिया गया इंडियन मेन्यू का विकल्प, सिर्फ एक ही बटन दबाते ही इसके फीचर्स तथा फंक्शन तक पहुंचने की सुविधा दे देता है। तो आप पैन पर झटपट भुनाई कर सकते हैं या फिर स्वादिष्ट करी को आसानी से चला सकते हैं।




यह इंडक्शन आपको हर तरह की पाककला में हाथ आजमाने की सुविधा देता है!

यह इंडक्शन कुकटॉप एक एरोडायनैमिक कूलिंग सिस्टम के साथ आता है, जिसकी मदद से अप्लायंस लंबे समय तक चलता है। इसमें ऑटोमैटिक वॉल्टेज रेगुलेटर जैसे सुरक्षा फीचर्स हैं, जो वोल्टेज में उतार-चढ़ाव होने पर इसकी सुरक्षा करते हैं। आधुनिक किचन के लिए उपयुक्त इसे पारंपरिक आकर्षण के साथ नए बदलावों के साथ तैयार किया है।

इंडक्शन कुकटॉप में नए मापदंड स्थापित करने वाला, टीटीके प्रेस्टीज पहला और एकमात्र ऐसा ब्रांड है, जो भारत में व्हिसल काउंटर इंडक्शन कुकटॉप फीचर लेकर आया है। विशेषरूप से प्रेस्टीज इंडक्शन कुकटॉप में आने वाला यह अनूठा फंक्शन, यूजर्स को प्रेशर कुकर में कुकिंग की प्रक्रिया को नियंत्रित करने की सुविधा देता है। यह ÷ऑटो प्रेशर कुकिंग मोड÷ की सेटिंग के साथ आता है, जिससे रेसिपी के लिए आवश्यक सीटियों की संख्या को नियंत्रित किया जा सकता है। यह इंडक्शन कुकटॉप ऑटोमैटिक रूप से उन सीटियों को गिनता है ताकि हर बार सही रूप में व्यंजन तैयार हो सके। ऑटोमैटिक कीप वॉर्म मोड तब होता है जब तय सीटियों की संख्या पूरी हो चुकी होती है।

पारंपरिक रूप से भारतीय कुकिंग प्रेशर कुकर में आने वाली सीटी (व्हिसल) की संख्या पर निर्भर करती है।

# MTV रोडीज़ कर्म या कांड के ग्रैंड फिनाले के लिए तैयार रहें, क्या प्रिंस का गैंग फाइनल में पहुँच पाएगा?

'टिकट टू फिनाले' टास्क के बाद, प्राक्रम MTV रोडीज़ - कर्म या कांड का पहला फाइनलिस्ट बन गया, जिससे फिनाले में गौतम के गैंग का पहुँचना तय हो गया। इस हफ्ते वाशु, ऋषभ, शिवेत और हिमांशु फिनाले में पहुंचने के लिए सेमी-फिनाले के टास्क में संघर्ष करते दिखेंगे। अब रिया और प्रिंस के गैंग के रोडीज़ को बहुप्रतीक्षित फिनाले में अपनी जगह बनाने के लिए एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करनी है।

सेमीफिनाले टास्क, 'पंचतत्व', में ब्रह्मांड के पाँच तत्वों, पृथ्वी, हवा, जल, अग्नि और आकाश को शामिल किया गया है। प्रतियोगियों को इन तत्वों से बनाए गए रास्ते में पाँच ईंटें एकत्र करनी होंगी और उनमें संतुलन बिठाना होगा, जिससे प्रदर्शित हो कि ये तत्व ब्रह्मांड को कैसे संतुलित रखते हैं।

इस टास्क के बारे में सुनने के बाद रिया कहेगी, सेमीफिनाले टास्क जानलेवा है। यहाँ साँस नहीं ली जा रही और इन्हें ये सब करना है। रिया ने पिछले हफ्ते तनु को बचाने के लिए



सोनू अस्त्र का इस्तेमाल नहीं किया था, इसलिए कर्मकर्ता सूद पुष्टि करेगा कि रिया के गैंग का एक सदस्य फिनाले में ज़रूर पहुँचेगा, इसलिए ऋषभ और वाशु फिनाले में पहुँचने के लिए एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस पर रिया कहेगी, ÷उनमें से एक तो कंफर्म फिनाले में जाएगा, और अगर उन्होंने प्रिंस की गैंग के टाइम से पहले अपना टास्क कर दिया तो मेरे दोनों बच्चों को फिनाले में जाने का मौका मिलेगा।

दूसरी तरफ़, प्रिंस के गैंग से हिमाशु और शिवेत एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करेंगे लेकिन बचे हुए तीन लोगों में से केवल एक ही फिनाले तक पहुँच पाएगा। टास्क शुरू करने से पहले प्रिंस कहेगा, ÷गुड लक गायेज़! मेरा काम था तुम्हें यहाँ तक लाना, अब तुम्हारी परफॉर्मेंस के ऊपर है सब कुछ। और मैं चाहता हूँ तुम दोनों में से कोई एक जीते।÷ इस समय रोमांच सबसे ज़्यादा होगा क्योंकि यह टास्क से तय होगा कि प्रिंस का गैंग फिनाले तक पहुँच पाएगा या नहीं!

यह मेगा क्रेज़ देखने के लिए MTV रोडीज़ - कर्म या कांड का फिनाले वीक देखिए इस शनिवार और रविवार, शाम 7:00 बजे MTV और उसके ठीक बाद Jio Cinema पर!

# सैमसंग ने की गैलेक्सी ए सीरीज स्मार्टफोन पर रोमांचक कैशबैक और किफायती ऑफर की घोषणा




**गुरुग्राम।** सैमसंग ने इस त्योहारी सीजन में चुनिंदा गैलेक्सी ए सीरीज स्मार्टफोंस पर अपनी तरह के पहले रोमांचक ऑफर्स की घोषणा की है। 3500 रुपए तक के इंस्टैंट कैशबैक, 2000 रुपए तक के बैंक कैशबैक और 14 महीने तक आसान ईएमआई पेमेंट ऑप्शन के साथ, उपभोक्ता इस दिवाली पर इन स्मार्टफोंस को आकर्षक डील्स के साथ खरीद सकते हैं।भारत का सबसे ज्यादा बिकने वाला 5 जी स्मार्टफोन गैलेक्सी ए 14 5 जी (4 जी बी +64 जी बी वेरिएंट), जिसकी कीमत 18499 रुपए है, अब केवल 14499 रुपए में उपलब्ध होगा। इसके अलावा, गैलेक्सी ए 14 5 जी खरीदने के इच्छुक उपभोक्ता सैमसंग फाइनेंस + पर 8 महीने तक की नो-कॉस्ट ईएमआई का विकल्प चुन सकते हैं और प्रतिदिन 44 रुपए के खर्च पर इसे अपना बना सकते हैं। गैलेक्सी ए 23 5 जी (6 जी बी +128 वेरिएंट) जिसकी कीमत 28990 रुपए है, अब आकर्षक फेस्टिव कीमत 18999 रुपए में उपलब्ध होगा और इसे सैमसंग फाइनेंस + के साथ 47 रुपए प्रति दिन की ईएमआई पर खरीदा जा सकेगा. इसी प्रकार प्रीमियम ए सीरीज मॉडल्स जैसे गैलेक्सी ए 34 5 जी (8 जी बी +128 जी बी वेरिएंट) की वास्तविक कीमत 35499 रुपए है, लेकिन यह 25999 रुपए में उपलब्ध होगा। उपभोक्ता सैमसंग फाइनेंस + पर 14 महीने की ईएमआई हासिल कर सकते हैं, जो प्रतिदिन 49 रुपए के खर्च पर इसे खरीदना आसान बनाता है। 41999 रुपए की वास्तविक कीमत पर आने वाला गैलेक्सी ए 54 5 जी (8 जी बी +128 जी बी वेरिएंट) 33499 रुपए की आकर्षक कीमत पर उपलबध होगा। सैमसंग फाइनेंस + के साथ इसे 14 महीने की ईएमआई पर खरीदा जा सकता है और इसका प्रतिदिन का खर्च मात्र 63 रुपए होगा।

# अमिताभ बच्चन बने एपीएल अपोलो के ब्रैंड एंबेसडर

APL APOLLO STEEL PIPES

**पटना।** भारत की सबसे बड़ी स्ट्रक्चरल स्टील ट्यूब्स और पाइप निर्माता कंपनी, एपीएल अपोलो ने असाधारण महानायक श्री अमिताभ बिग-बी बच्चन को कंपनी का ब्रैंड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। अपनी 30 साल की गौरवशाली परंपरा और मेक इन इंडिया मंत्र के साथ आगे बढ़ते हुए, एपीएल अपोलो का लक्ष्य इस नई भागीदारी के माध्यम से देशभर में अपने ब्रैंड की पहचान को और मजबूत करना और उसे विस्तार देना है। अमिताभ बच्चन के शानदार करियर और असंख्य उपलब्धियों ने उन्हें लंबे समय तक काम करने और भरोसे का प्रतीक बनाया है। इससे यह सहयोग बहुत श्रेष्ठ साबित होगा। सुपरस्टार के फैन बेस और वैश्विक लोकप्रियता के माध्यम से, एपीएल अपोलो का लक्ष्य देशभर में ब्रैंड की पहचान को विस्तार देने के अलावा बाजार में अपनी मौजूदा अग्रणी स्थिति को और बेहतर करना भी है। दो साल की इस भागीदारी के दौरान, बॉलीवुड के यह अनुभवी स्टार ब्रैंड का प्रचार सभी मीडिया चैनलों पर करेंगे, जिनमें प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अलावा आउटडोर और स्टोर के भीतर प्रयोग की जाने वाली प्रचार-सामग्री भी शामिल है। इस मौके पर एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री संजय गुप्ता ने कहा, हमें श्री बच्चन का स्वागत करते हुए बहुत गर्व महसूस हो रहा है, क्योंकि उनके भीतर वे सभी गुण हैं, जिनके लिए एपीएल अपोलो पहचानी जाती है, जैसे - श्रेष्ठता, बदलाव की योग्यता और समय की बंदिशों से मुक्त गुणवत्ता। हम विश्व-स्तरीय गुणवत्ता प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, ठीक बिग-बी की तरह। हमें विश्वास है कि यह भागीदारी भारतीय बाजार में हमारी मजबूत उपस्थिति को और बेहतर करेगी। एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड की चीफ ब्रैंड ऑफिसर, सुश्री चारू मल्होत्रा का कहना है, अमिताभ बच्चन के प्रतिष्ठित चेहरे में एक स्थाई आकर्षण है, जो लाखों दिलों को अपनी ओर खींचता है। केवल भारत में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में। उनका यह आकर्षण हमारे ब्रैंड की इमेज को सभी जगह बेहतर करने में लंबे समय तक बहुत काम आएगा।

# आईथिंक लॉजिस्टिक्स और इंडिया पोस्ट ने देश के हर कोने में ई-कॉमर्स डिलीवरीज को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी की





**आगरा।** आईथिंक लॉजिस्टिक्स, भारत के प्रमुख शिपिंग प्लेटफॉर्म्स में से एक और आधुनिक लॉजिस्टिक्स टेक्नोलॉजी के लिहाज से एक जानेमाने नाम, ने देश के प्रमुख पोस्टल नेटवर्क इंडिया पोस्ट के साथ साझेदारी की है। इस गठबंधन की मदद से टेक्नोलॉजी को शामिल किया जाएगा, जो लास्ट-माइल डिलीवरी के पूरे माहौल को नयापन देगी। इस रणनीतिक साझेदारी से भारत में डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर (डी2सी) स्टार्टअप्स और स्मॉल एण्ड मीडियम बिजनेसेस (एसएमबी) को बड़ा फायदा होगा। इस सहयोग के केन्द्र में डी2सी व्यवसायों को अपनी पहुँच शहरी केन्द्रों से आगे बढ़ाने के लिये मजबूत करने का साझा मिशन है। दूसरे और तीसरे दर्जे के शहरों में ई-कॉमर्स की पहुँच 2022 में शानदार तरीके से 21.4% और 41.5% रही है। मार्केटप्लेस की बड़ी कंपनियों, जैसे कि फ्लिपकार्ट, मिंत्रा और मीशो ने इन क्षेत्रों में मजबूती से पहुँच बनाई है, लेकिन स्वतंत्र ई-कॉमर्स ब्राण्ड्स अक्सर सीमित उपयोगिता की चुनौती का सामना करते हैं। आईथिंक लॉजिस्टिक्स की को-फाउंडर सुश्री ज़ैबा सारंग ने कहा, हम इंडिया पोस्ट के साथ इस बेहतरीन साझेदारी को लेकर वाकई उत्साहित हैं। हमारे बीच हुआ सहयोग आइडिया एवं इनोवेशन का संयोजन करने का प्रतीक है, जिसमें हम इंडिया पोस्ट की व्यापक पहुँच एवं टेक्नोलॉजी की शक्ति से डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर स्टार्टअप्स और स्मॉल एंड मीडियम बिजनेसेस को लॉजिस्टिक एक्सीलेंस के नये जमाने में बढ़ावा देंगे। इस गठजोड़ के साथ हम न सिर्फ भौगोलिक दूरियों को कम कर रहे हैं, बल्कि सभी आकार के बिजनेसेस को ई-कॉमर्स की पूरी क्षमता का फायदा उठाने के लिये मजबूत भी कर रहे हैं, जिससे कि उत्पादों का ग्राहकों तक पहुँचने का तरीका और ग्राहक अनुभव बदलेगा।

आईथिंक लॉजिस्टिक्स की अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और इंडिया पोस्ट की व्यापक पहुँच का संयोजन सीधे इस चुनौती से निपटता है। देश के दूर-दूर के क्षेत्रों में भी इंडिया पोस्ट की बेमिसाल पहुँच को आईथिंक लॉजिस्टिक्स की अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और बेहतरीन सेवाओं से मिलाकर लॉजिस्टिक्स ऑपरेशंस में एक बहुत बड़ा बदलाव होगा। यह दो महत्वपूर्ण घटक डी2सी कंपनियों के लिये मायने रखते हैं, ताकि वे आज के तेज गति वाले व्यावसायिक वातावरण में तरक्की कर सकें।

इस व्यवस्था का एक शानदार पहलू है इकोनॉमिक डिलीवरीज निर्मित करने की क्षमता, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहाँ का लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर कम विकसित है। इंडिया पोस्ट का अनुभव और व्यापक नेटवर्क आईथिंक लॉजिस्टिक्स की तकनीकी क्षमताओं से बखूबी मेल खाता है और एफिशिएंसी, निर्भरता के साथ ही ग्राहकों की बेहतर संतुष्टि का वादा करता है। शिपमेंट्स का वॉल्यूम बढ़ने के साथ लॉजिस्टिकल से जुड़ी पूछताछ की संभावना भी बढ़ जाती है, जैसे कि 'विस्मो (व्हेयर इज़ माय ऑर्डर??), जिससे खरीदारों को खरीदारी के बाद एंग्ज़ाइटी हो सकती है।

# महिला किसानों को वॉलमार्ट फाउंडेशन के अनुदान से मिल रही बेहतर वित्तीय आजादी



**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस पर वॉलमार्ट फाउंडेशन के मार्केट एक्सेस प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी गई। इसमें एक्सेस, मर्सी कॉर्प्स और सृजन जैसे एनजीओ के प्रभावशाली प्रयासों और सहयोग के बारे में बताया गया। वॉलमार्ट फाउंडेशन ने अपने मार्केट एक्सेस प्रोग्राम के माध्यम के जरिए देश के 9राज्यों - आंध्र प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र में कृषि समुदायों का सहयोग कर रहा है। भारत में किसानों की आजीविका में सुधार लाने के उद्देश्य से मार्च 2023में इसकी शुरुआत की गई। वॉलमार्ट फाउंडेशन ने एक नई पांच-वर्षीय रणनीति की घोषणा कि इसका लक्ष्य 2028तक कम से कम 50त्नमहिलाओं के साथ 1 मिलियन छोटे किसानों तक पहुंचना है।वर्ष 2018के बाद इस कार्यक्रम में 39मिलियन डॉलर से अधिक का निवेश किया गया है। इसे 500 किसान उत्पादक संगठनों के साथ उत्पादक समूहों तक पहुंचने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका लक्ष्य 800,000किसान हैं और इसमें आधे से अधिक महिलाएं हैं। भारत की संबोधि फर्म द्वारा की गई प्रभावी रिसर्च के अनुसार वॉलमार्ट फाउंडेशन के मार्केट एक्सेस प्रोग्राम के तहत एफपीओ पदाधिकारियों की तरह महिला किसानों की अधिक भागीदारी,जागरूकता और निर्णय लेने की क्षमता दिखाई दी है। कार्यक्रम में एफपीओ सदस्यता शुल्क (22% बनाम 40% की तुलना) का भुगतान करने के लिए अब कम महिलाओं को अपने घर से उधार लेना पड़ता है, जो अधिक स्वतंत्रता का संकेत देता है। प्रमुख कृषि मैट्रिक्स के विश्लेषण से पता चला है कि महिला किसानों की फसल वृद्धि अच्छी होने के साथ (बाजार के लिए 210 प्रतिशत तक महिलाओं किसानों की पहुंच

# विवादित जगहों पर पंडाल न लगाए सौहार्द के साथ मनाएं त्यौहार: डीएम

अवधनामा ब्यूरो


कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक करते डीएम व एसपी

- अफवाहों पर ध्यान न दे, सोशल मीडिया पर पुलिस की है निगरानी: एसपी
- कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**कुशीनगर।** आगामी त्यौहार नवरात्र एवं विजय दशमी के मद्देनजर कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा के साथ समस्त एसडीएम उपस्थित रहे।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं गणमान्य लोगों से कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु डीएम ने निर्देश दिया। उन्होंने सर्वप्रथम आए हुए जन सामान्य से पंडाल स्थापना के समय आने वाली समस्या, विवादित स्थानों तथा संवेदनशील स्थानों पर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे जानकारी लेते हुए तत्काल संवेदनशील स्थलों पर उत्पन्न समस्या को निस्तारित करने हेतु संबंधित उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने पंडाल निर्माताओं से कहा की विवादित स्थलों पर पंडाल न लगाए, जर्जर विद्युत पोलो के आसपास पंडाल कतई न लगाए इससे आम लोगो को बिजली का घात लग सकता है। शासन द्वार निर्गत गाइडलाइंस है उनका शतप्रतिशत पालन करते हुए नवरात्र में पंडाल का निर्माण करे और विसर्जन तक अनुपालन करे। गाइडलाइंस का पालन न करने वालो और शांति व्यवस्था व सौहार्द्रता बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को नगर निकायों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई, फागिंग, चूना छिड़काव की व्यवस्था को सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। उन्होंने उपस्थित लोगो तथा जनपदवासियों से इस पावन पर्व पर जनसहयोग की अपेक्षा भी की। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा सोशल मीडिया द्वारा अफवाहों पर ध्यान न दिए जाने की बात कही गई तथा पंडाल बनाने से लेकर विसर्जन तक शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देश दिए गए। सभी पंडालों के आसपास पुलिस की व्यवस्था चॉक चौबंद रहेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने नवरात्र दशहरा के दृष्टिगत सभी अधिकारियो एवं मजिस्ट्रेटों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी व लगन के साथ किए जाने के निर्देश दिया।

## शारदीय नवरात्र को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** शारदीय नवरात्र का शुभारंभ इस बार 15 अक्टूबर से हो रहा है। जिसे लेकर जिले के देवी मंदिरो में सजावट का कार्य अंतिम चरण में है। बाजारों में नवरात्रि व्रत पूजन सामग्रियों की खरीददारी जमकर हो रही है। इस बार भी दुर्गा पूजा महोत्सव जोर शोर से रहने के संकेत मिल रहे हैं। श्रद्धालुओं में नवरात्र को लेकर खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। विकासखंड संग्रामपुर स्थित मां कालिकन धाम पर साज सज्जा का काम चल रहा है। यहां नवरात्र में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। सिद्ध पीठ मां कालिकन धाम का वर्णन श्रीमद्भागवत महापुराण और देवी पुराण में मिलता है। यहां पर मां कालिका अमृत कुंड पर विराजमान है। मंदिर परिसर में महर्षि च्यवन और देवी सुकन्या का भी मंदिर बना हुआ है। यहां पर गायत्री माता सहित विभिन्न मंदिर बने हुए हैं। वही गौरीगंज स्थित दुर्गन भवानी मंदिर में भी साज सज्जा का काम चल रहा है। श्रद्धालु भी नवरात्र को लेकर तैयारी में जुटे हुए हैं। वही दुर्गा पूजा पंडालों को सजाने का कार्य भी नगर और ग्रामीण अंचल में काफी तेजी से चल रहा है।

# अनुसूचित वर्ग के विकास को प्रतिबद्ध भाजपा सरकार: शलभ

अवधनामा संवाददाता



- 29 अक्टूबर से 2 नवम्बर के बीच भाजपा गोरखपुर में करेगी बड़ा अनुसूचित समाज सम्मेलन

**देवरिया।** गोरखपुर में होने वाले भाजपा गोरखपुर क्षेत्र के अनुसूचित सम्मेलन की तैयारी के लिये देवरिया विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक औरा चौरी भाजपा कार्यालय पर हुई। सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की भाजपा सरकार ने अनुसूचित समाज के साथ-साथ सर्व समाज के भले के लिये लगातार काम कर रही है। भाजपा अनुसूचित वर्ग के लोगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 9 वर्षों में अपनी अनेक योजनाओं के द्वारा अनुसूचित वर्ग के लोगों के कल्याण और उत्थान के लिए जो कार्य किया है वो आज तक कांग्रेस की सरकार ने नही किया। आज पूरे देश में अनुसूचित वर्ग के सबसे ज्यादा सांसद और विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि भाजपा के हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर से जुड़े पांच स्थान जन्मस्थान महू, दीक्षा स्थल नागपुर, चौत्य-भूमि मुंबई, शिक्षा भूमि लंदन और महापरिनिर्वाण स्थल दिल्ली में स्मारकों के निर्माण कर पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्र के साथ काम कर रही है। बैठक की संयोजक जिला मंत्री भाजपा निर्मला गौतम ने कहा कि 29 अक्टूबर से 2 नवम्बर के बीच सम्मेलन गोरखपुर में होगा जिसमें हर विधानसभा से दो हजार अनुसूचित समाज के लोगों को भाग लेना है। अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष राजन सोनकर ने सभी का स्वागत किया। अध्यक्षता जिलाउपाध्यक्ष भाजपा राजेश कुमार मिश्रा ने तथा संचालन जिलामहामंत्री प्रमोद शाही ने किया। बैठक में मारकंडेय शाही, अम्बिकेश पाण्डेय, संजय पाण्डेय, जितेन्द्र सिंह, बृजेश गुप्ता, अरविन्द चौहान, पिन्टू जायसवाल, प्रदीप मद्धेशिया, विनय जायसवाल, अर्चना पाण्डेय, रामप्यारे डॉक्टर, भारती शर्मा, नित्यानंद पाण्डेय, कृष्णानाथ राय, धनुषधारी मणि, राधेश्याम शुक्ला, अजित मिश्रा, अजय सिंह, निरंजन शुक्ला, बच्चा सिंह, संजय तिवारी आदि रहे।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत निकली रैली



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं सेविकाओं एवम् कार्यक्रमाधिकारियों द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत रैली निकाली गई। रैली महाविद्यालय प्रांगण से प्रारम्भ होकर रेलवे स्टेशन रोड तिराहा होते हुए महाविद्यालय प्रांगण में समाप्त हुई। रैली के पश्चात पंचप्रण के अंतर्गत सभी स्वयं सेवकों और कार्यक्रमाधिकारियों ने अपनी माटी की आन बान और शान की शपथ ली। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पी. के. श्रीवास्तव ने सभी को शपथ दिलाई और कहा कि देश के शहीदों के प्रति सम्मान के लिए भारत सरकार द्वारा यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ पवन कुमार पांडेय डॉ सुधीर सिंह डॉ सीमा सिंह सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छह कुंतल से अधिक गांजे के साथ दो गिरफ्तार



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** यूपी एसटीएफ टीम व जनपद देवरिया के थाना खुखुन्दू पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना पर गोरखपुर सलेमपुर मार्ग पर स्थित खूखून्दू चौराहे पर एक कन्टेनर वाहन संख्या एचआर 38 वाई 5090 में अलग से टीन की केबिन बनाकर उसमें छिपाकर रखे गये कुल 62 पैकेटों में कुल 6 कुन्तल 54 किग्रा अवैध गांजा जिसकी बजारू कीमत लगभग 1.5 करोड़ रूपये बरामद करते हुए दो अभियुक्तों उदयभान सिंह पुत्र स्व. रघुनन्दन निवासी पैलानी थाना पैलानी जिला बांदा उम्र करीब 53 वर्ष व राजेश कुमार पुत्र जिवधन प्रसाद निवासी ग्राम अलावलपुर थाना भटनी जनपद देवरिया उम्र करीब 32 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। जिसके संबन्ध में थाना खुखुन्दू देवरिया पर धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## यशवंत मणि बने नगर अध्यक्ष, दीप नगर मंत्री



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** बनकटा नगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई घोषित की गयी। इस दौरान चुनाव अधिकारी के रूप में तहसील प्रमुख अमित मिश्रा की उपस्थिति रही। अमित मिश्रा ने कहा कि हर युवा के अन्दर राष्ट्रवादी विचारों को फैलाने के साथ साथ व्यक्तित्व निर्माण का सबसे बड़ा माध्यम है। बनकटा नगर में स्थित त्रिगुणानंद जनता इण्टर कॉलेज के भौतिकी के प्रवक्ता यशवन्त मणि को नगर अध्यक्ष का दायित्व दिया गया। उपाध्यक्ष के रूप में शैलेश पाण्डेय, राकेश सिंह, दीप पाण्डेय को नगर मन्त्री का दायित्व दिया गया। सूरज पटेल, करन सिंह, कृष्णा, अखिलेन्द्र, रिशु, रौनक को नगर सहमंत्री का दायित्व दिया तथा शान्तनु पाण्डेय को एसएफडी संयोजक, अजित दुबे को एसएफएस संयोजक, राहुल यादव को खेल संयोजक का दायित्व दिया गया। इस दौरान जिला संगठन मंत्री अमर्त्य सुन्दरम, जिला खेल संयोजक सूरज गुप्ता, ममोमा इकाई अध्यक्ष सम्राट राय, निवर्तमान विस्तारक बिपुल पाण्डेय, हार्दिक, रवि पाण्डेय आदि की उपस्थिति रही।

## खेल से शारीरिक व मानसिक दोनों विकास होता है



**भटनी/देवरिया अवधनामा संवाददाता।** श्री नागा बाबा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पर आयोजित ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी राजेश यादव ने कहा कि खेल से मानसिक तथा शारीरिक दोनों का विकास होता है खेल से आपसी मेल भाव भी बढ़ता है ऐसे में खेल जरूरी है। ब्लाक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में मोतीपुर टिकैत विजेता तथा कुर्मोटा घुरी उपविजेता प्राथमिक विद्यालय बालिका वर्ग में मोतीपुर टिकैत विजेता तथा डेमुसा उपविजेता तो जूनियर बालिका वर्ग में कुर्मोटा घुरी विजेता तो मोतीपुर टिकैत उप विजेता जूनियर बालक वर्ग में मोतीपुर टिकैत विजेता तथा कुर्मोटा घुरी उपविजेता रही। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एशोसिएशन के जिला अध्यक्ष स्वतंत्र तिवारी सुरेश यादव राजेश सिंह श्रीनिवास यादव व्यायाम शिक्षक रामदरश यादव छेदीलाल यादव संजय तिवारी ओमप्रकाश तिवारी अविनाश तिवारी ब्यास पांडे रामसेवक शर्मा सुनीता देवी रजनीश तिवारी सत्येंद्र यादव राजेश सिंह अभय यादव चंद्रशेखर गुप्ता राघवेंद्र पाल नीतीश दीक्षित मनोज गुप्ता कौशलेंद्र मिश्र रामधारी राम दिनेश यादव राकेश तिवारी अविनाश यादव अनिल भास्कर सोनू सच्चिदानंद नरेंद्र सिंह अर्चना शुक्ला विवेकानंद प्रसाद आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# सीएम के हाथों मिलेगी चारकोल प्लांट की सौगात

अवधनामा संवाददाता



- कूड़े से चारकोल बनाने का प्लांट लगाएगा एनटीपीसी
- 255 करोड़ रुपये की आएगी लागत
- देश का दूसरा प्लांट होगा गोरखपुर में, पहला लग चुका है वाराणसी में

**गोरखपुर।** देश में कूड़े से टॉरेफाइड चारकोल (हरित कोयला) बनाने का पहला प्लांट वाराणसी में लगा है अब दूसरा प्लांट गोरखपुर में लगाया जाएगा। नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी) की तरफ से लगने वाले इस प्लांट की परियोजना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुछ संशोधन सुझावों के साथ अनुमति दे दी है। उम्मीद जताई जा रही है कि शारदीय नवरात्र के पहले दिन प्लांट का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों हो सकता है।

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए नगर निगम ने सहजनवां के सुथनी में 25 एकड़ जमीन ले रखी है। सुथनी में 15 एकड़ भूमि पर एनटीपीसी 500 टन प्रतिदिन की क्षमता का कूड़े से हरित कोयला (चारकोल) बनाने का प्लांट लगाएगा। प्रारंभिक आगणन के मुताबिक इस पर करीब 255 करोड़ की लागत आएगी। 25 वर्ष संचालन व अनुरक्षण के लिए नगर निगम एनटीपीसी को एक रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से भूमि देगा। नगर निगम द्वारा एनटीपीसी को प्रतिदिन 500 टन कूड़ा उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें कोई दिक्कत भी नहीं आएगी। कारण 506 टन प्रतिदिन कूड़े का उत्सर्जन अकेले नगर निगम क्षेत्र में है। इसमें से 200 टन गीला कूड़ा बायो सीएनजी प्लांट को एवं शेष 306 टन सूखा कूड़ा चारकोल प्लांट को जाएगा। इसके साथ ही आसपास की नगरपालिका या नगर पंचायतों जैसे खलीलाबाद नगरपालिका, सहजनवा, घघसरा, उनवल, मगहर, बांसगांव आदि नगर पंचायतों से भी निकलने वाले कूड़े को प्लांट को उपलब्ध कराया जाएगा। गोरखपुर में चारकोल प्लांट लगाने की मंशा जाहिर करने के अलावा एनटीपीसी सीएसआर फंड से 50 मेगावाट का रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने की घोषणा भी मुख्यमंत्री के समक्ष कर चुका है। इस पर करीब 50 करोड़ रुपये का खर्च आएगा।

### नगर निगम को होगी 25 करोड़ के वित्तीय व्यय भार की बचत

एनटीपीसी के चारकोल प्लांट के लगने से नगर निगम पर 25 वर्षों में आने वाले संचालन एवं अनुरक्षण हेतु टिपिंग फीस पर करीब 650 करोड़ रुपये के वित्तीय व्यय भार की बचत होगी। प्लांट से निकलने वाले चारकोल को एनटीपीसी द्वारा समय समय पर अपने पॉवर प्लांट पर शिफ्ट कर दिया जाएगा। इससे स्टोरेज के लिए अधिक भूमि की जरूरत नहीं पड़ेगी। नगर निगम के साथ ही आसपास की नगर निकायों से उत्सर्जित कूड़े का भी वैज्ञानिक विधि से निस्तारण हो जाएगा। इस परियोजना को लेकर लखनऊ में मुख्यमंत्री के समक्ष नगर निगम और एनटीपीसी की तरफ से प्रस्तुतिकरण हो चुका है।

### वाराणसी में शुरू हो चुकी है परियोजना

एनटीपीसी गोरखपुर से पहले वाराणसी में अपनी तरह की पहली हरित कोयला (टॉरेफाइड चारकोल) परियोजना शुरू कर चुका है। 'टॉरेफाइड चारकोल' प्राकृतिक कोयले के समान होता है और बिजली उत्पादन के लिए तापीय बिजलीघरों में इसका ईंधन के साथ सफलतापूर्वक तरीके से मिश्रण किया जाता है। यह पर्यावरण अनुकूल प्रक्रिया होती है जिसमें कचरे को जलाया नहीं जाता बल्कि रिएक्टर के भीतर प्रसंस्कृत किया जाता है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत के इतिहास में मील का पत्थर: चन्द्र



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिला पंचायत देवरिया और नगर पालिका परिषद देवरिया द्वारा महिला आरक्षण कानून के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिला पंचायत और नगर पालिका सदन ने सर्वसम्मति से लिखित बधाई प्रस्ताव भेजा। इस अवसर पर उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चन्द्र तिवारी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इस अधिनियम को मंजूरी देकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है, आने वाले समय मे महिलाएं सशक्त होगी। नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह ने कानून का स्वागत करते हुए कहा कि संसद में महिला आरक्षण बिल के पास होने से राजनैतिक और सामाजिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कानून को पास करके पिछले कई दशकों से महिलाओं के अधिकारों को लेकर हो रहे संघर्ष को विराम दिया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला मीडिया प्रभारी अम्बिकेश पाण्डेय, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लार अमित सिंह बबलू, धनुषधारी मणि, जिला पंचायत सदस्य किरण देवी, विश्वजीत सिंह, पुष्पा देवी, संदेश यादव, विजय गोंड़, सभासद मनोज गोयल, रमेश मल्ल, गोविन्द मणि नृपेंद्र त्रिपाठी, पुनीत सिंह, अभिलाष सिंह, सादिक, राजेश उपस्थित रहे।

# वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए मेरी माटी मेरा देश अभियान की हुई है शुरुआत: सिंह

अवधनामा संवाददाता

- देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को समर्पित है यह अभियान: अर्चना
- मोतीचक ब्लॉक सभागार में आयोजित हुआ मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम



पूर्व मंत्री व भाजपा नेता आरपीएन सिंह को राममंदिर का चित्र देकर स्वागत करती प्रमुख अर्चना सिंह

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** आजादी का अमृत महोत्सव दो वर्ष पूर्व से मनाया जा रहा है। इस काल में देश के अमर वीर सपूतों व उनके आश्रितों को सम्मानित किए जाने हेतु अनेकों कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को विकास खंड मोतीचक सभागार में कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसके मुख्य अतिथि पूर्व केंद्र मंत्री व भाजपा नेता कुंवर आरपीएन सिंह रहे।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में प्रत्येक गांव, शहर व प्रत्येक घर से एक मुठ्ठी मिट्टी व अक्षत अमृत कलश में एकत्रित कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित करने का कार्य किया जा रहा है, जो बहुत ही सराहनीय है। मंत्री ने कहा कि मेरा माटी, मेरा देश कार्यक्रम से देश व प्रदेश स्वर्णिम दौर में प्रवेश किया है। किसी भी मुकाम पर हम खड़े होकर कह सकते हैं कि दुनिया के पटल पर भारत अपनी अलग पहचान बना चुका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही ब्लॉक प्रमुख अर्चना सिंह ने कहा कि जिन वीर सपूतों ने देश आजाद कराने में अपने प्राणों की आहुति दी, आज हम सेनानियों व उनके आश्रितों सम्मानित करने का कार्य किया है। इन्ही वीर सपूतों के बदौलत हम सभी लोग सुरक्षित है। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी फूलचंद सरोज, भाजपा मंडल अध्यक्ष पैकौली रामक्याश सिंह, रामू राव, प्रधानगण व समस्त ब्लॉककर्मी मौजूद रहे।

# पीड़िताओ के प्रति लापरवाही क्षम्य नहीं

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अशोक कुमार दूबे द्वारा वन स्टाप सेण्टर का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा वन स्टाप सेन्टर में आने वाली पीड़ित महिलाओं एवं बच्चियों की समस्याओं के निवारण के लिए चल रही योजनाओं की समीक्षा की गयी. वन स्टाप सेन्टर पर लम्बित प्रकरणों में पीड़िताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं स्वास्थ्य तथा उनको दी जा रही अन्य चिकित्सीय सुविधाओं, पुलिस सुरक्षा, कानूनी सलाह व अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी ली गयी. वन स्टॉप सेंटर के प्रपत्रों के निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रबंधक नीतू भारती को प्रपत्रों को व्यवस्थित रूप से नही रखने तथा उसका सही रूप से पत्राचार नही किये जाने पर नाराजगी ब्यक्त की गयी। उन्होंने कहा कि पीड़िताओं के प्रति लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होंने वन स्टाप सेंटर की केन्द्र प्रबन्धक नीतू भारती को निर्देशित किया कि महिला और बच्चियों जिनको विधिक सहायता की आवश्यकता हो। उनके मामले को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के कार्यालय में सूचित करें। ताकि उनकों विधिक सहायता दी जा सकें। उन्होंने बताया कि बालिकाओं के साथ भेदभाव एक महत्वपूर्ण समस्या हैं जो शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल, सुरक्षा, सम्मान, बाल विवाह आदि में असमानता जैसे कई क्षेत्रों में फैली हुई हैं। इस संबन्ध में बेहतर प्रयास किया जाना चाहिए। इस विषय में व्यापक प्रचार-प्रसार जागरूकता शिविर व पेम्प्लेट आदि के माध्यम से किये जाने हेतु वन स्टाप सेंटर की केन्द्र प्रबन्धक को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान बाल संरक्षण अधिकारी श्री जय प्रकाश तिवारी केन्द्र प्रबन्धक वन स्टाप सेण्टर नीतू भारती, मनोवैज्ञानिक मीनू जायसवाल, सहायक चांदनी मिश्रा, दीक्षा सिंह, मंशा, महिला सुरक्षाकर्मी शीतल, किरण तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जिले में दो माह तक निषेधाज्ञा की धारा 144 लगाए

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट वैभव मिश्रा ने बताया कि आगामी त्योहारों, दशहरा, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज, चित्रगुप्त जयंती, महर्षि वाल्मीकि जयंती, सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं आचार्य नरेंद्र देव जयंती, छठ पूजा, वीरांगना ऊदा देवी शहीद दिवस, गुरु नानक जयंती, गुरु तेग बहादुर शहीद दिवस, तथा कार्तिक पूर्णिमा आदि व विभिन्न प्रकार की परीक्षाएं व प्रतियोगी परीक्षाओं के दृष्टिगत लगने वाले भीड़ से शान्ति व्यवस्था/कानून व्यवस्था तथा लोक शान्ति भंग होने व परीक्षाओं की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत शान्तिपूर्ण संचालन हेतु परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यकता पड़ने पर उसके बाहर भी धारा-144 विस्तारित कर दी जायेगी। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा -144 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद में लोक व्यवस्था एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु एतद् संबंध में निम्न प्रतिबन्धात्मक आदेश/ निषेधाज्ञा पारित किये हैं। कोई भी व्यक्ति राजमार्ग सडक जाम नही करेगा तथा जनपद सीमा के अन्तर्गत कोई भी व्यापारिक प्रतिष्ठान/ सार्वजनिक परिवहन/ दुकानों/ रिक्शा/ टैक्सी आदि सामान्य परिवहन को नही रोकेगा और न ही बन्द कराने का प्रयास करेगा। किसी भी स्थान पर पाँच से अधिक व्यक्ति एक साथ एकत्र नहीं होंगे। जनपद सीमा के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति लाठी डण्डा, बल्लम, फरसा धारदार हथियार, आग्नेयास्त्र, सोडा वाटर की बोतले या अन्य किसी प्रकार की ऐसी वस्तु जिसका प्रयोग कर किसी को चोट पहुँचायी जा सके लेकर नही चलेगा और नही कोई व्यक्ति किसी रेस्टोरेन्ट, बार, छविगृहो, शासकीय कार्यालय, सार्वजनिक स्थान पर किसी भी प्रकार का आग्नेयास्त्र आदि का प्रयोग/प्रदर्शन नही करेगा। उपरोक्त आदेश तत्काल प्रभाव से दिनांक 11 दिसम्बर 2023 तक प्रभावी रहेगा।

# बनकटा में दो भैंसो की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पशुपालकों में हड़कंप, मचा हड़कंप

अवधनामा ब्यूरो



मुंह से निकल रहे झांग देखकर पशुपालक जहरीले सर्प काटने की जाता रहे आशंका

**कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत बनकटा उर्फ भरपुरवां गांव में एक ही किसान की दो भैंसो की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से पशुपालकों में हड़कंप मच गया। दोनों भैंसो के मुंह से निकल रहे झाग देखकर ग्रामीणों ने जहरीले सर्प काटने की आशंका जता रहे है। वही पीड़ित किसान के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम बनकटा निवासी पशुपालक किसान चंद्रभान राजभर अपने दो भैंस को खिला-पिला कर घर में बांधे थे। शुक्रवार की सुबह चंद्रभान जब गोशाला में गए तो दोनों भैंस को मृत अवस्था में देखकर अवाक रह गए। इसकी जानकारी तत्काल उन्होंने परिजनों को दिया। चंद्रभान की 45 वर्षीय बहू किरन गौशाला में पहुंची और पशुओं की दशा देखकर दहाड़ मारकर रोने लगी तथा कहने लगी अब परिवार का भरण पोषण कैसे होगा। थोड़ी ही देर में परिजनों के अलावा गांव के बहुत से लोग आ गए।

चंद्रभान ने बताया भैंस हमने लाखों रुपया कर्ज लेकर खरीदा था। अब कर्ज की रकम कैसे चुकाएंगे। बनकटा गांव में एक ही किसान की अचानक दो भैंस की मौत पर गांव में तरह-तरह की चर्चा है। कुछ लोग किसी जहरीले जीव के काटने से भैंस के मरने की बात बात कर रहे हैं वैसे भैंस के मुंह से झाग निकला हुआ था। पशुपालक चंद्रभान की बहू किरन ने बताया कुछ दिन पहले घर की तरफ सांप दिखाई दिया था जो कुछ देर बाद गायब हो गया था। सूचना पर पहुंचे पशु चिकित्सा अधिकारी मोतीचक डॉ विनय कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पशुओं को पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## डीएम ने की विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक सीएमओ कार्यालय स्थित धनवंतरि सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मच्छरों की रोकथाम के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से फॉगिंग एवं एंटी लारवा दवाओं का छिड़काव दिखना चाहिए। रुके हुए जल तथा झाड़ियों की कटाई प्राथमिकता के साथ की जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी नागरिक के घर के आस पास गंदगी अथवा जलभराव मिले तो उसकी तस्वीर व्हाट्सएप नंबर 7271809799 (नगरीय क्षेत्र) तथा 8090445060 (ग्रामीण क्षेत्र) पर भेजे। जिलाधिकारी ने प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों को वेक्टरजनित बीमारियों के संबन्ध में जागरूक करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आम नागरिकों से भी अनुरोध किया कि वे अपने घरों के आसपास साफ सफाई रखें।

# डीएम की अध्यक्षता में कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



- अभियोजन कार्यों की भी बैठक सम्पन्न
- लक्ष्य के सापेक्ष धीमी प्रगति पर समस्त ईओ नगर पालिका/ नगर पंचायत से स्पष्टीकरण

**हमीरपुर।** कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी श्री राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर विभाग, स्टांप एवं पंजीयन विभाग ,आबकारी विभाग ,परिवहन विभाग, वन विभाग,खनन विभाग ,विद्युत विभाग ,मंडी समिति ,नगरीय निकायों की वसूली की समीक्षा की तथा लक्ष्य के सापेक्ष वसूली को प्राप्त करने के निर्देश दिए। शासन द्वारा निर्धारित वसूली लक्ष्य की मासिक व वार्षिक प्रगति के सापेक्ष कार्य संतोषजनक न पाए जाने तथा मानक के अनुसार वसूली प्रगति न प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने समस्त ईओ नगर पालिका/ नगर पंचायत का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। परिवहन व आबकारी विभाग की वसूली प्रगति धीमी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कर करेत्तर से संबंधित सभी विभागों द्वारा प्रवर्तन कार्यों को बढ़ाया जाए तथा वित्तीय वर्ष के अंतर्गत वसूली का जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है उसको समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर विभाग, नगर पालिका / नगर पंचायतों , मंडी समिति, आबकारी विभाग, खनिज विभाग , विद्युत विभाग ,वन विभाग, रोडवेज विभाग की विविध देयो की वसूली की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। कहा कि बकाया जमा न करने वालों की नियमानुसार आरसी जारी कर वसूली का कार्य किया जाए। राजस्व कार्यों की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व विवादों एवं भूमि विवादों का युद्ध स्तर पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण हो। मा0 कोर्ट एवं विभिन्न आयोगो के पेंडिंग कार्य शीघ्र निस्तारित किए जाएं। उन्होंने कहा कि खतौनी ,खसरा ,वरासत ,अमल दरामद के पेंडिंग कार्यों को समयबद्ध ढंग से निस्तारित करें तथा सभी वरासत समय से दर्ज हो। कहा कि सभी अमीनो के वसूली के कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आय ,जाति ,निवास संबंधी प्रमाण पत्रों को समयबद्ध ढंग से बनाया जाए तथा आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन संदर्भ का नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए, इनके अंतर्गत प्राप्त होने वाली शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए, शिकायतों के निस्तारण के पश्चात लाभार्थियों से फीडबैक भी लिया जाए, किसी भी दशा में शिकायत डिफाल्टर संदर्भ की श्रेणी में ना आने पाए। अभियोजन कार्यों की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मुकदमों में अभियोजन विभाग प्रभावी ढंग से पैरवी करे ताकि दोषी को दंड अवश्य मिल सके। अभियोजन कार्यों में किसी भी दशा में शिथिलता न बरती जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव ,अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार यादव ,एसडीएम हमीरपुर ,राठ व मौदहा, समस्त तहसीलदार , उपायुक्त वाणिज्यकर ,एआरटीओ, आबकारी अधिकारी, ईओ नगर पालिका/ नगर पंचायत तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# डेंगू का कहर, सात और पाजिटिव मरीज मिले

**बांदा, अवधनामा संवाददाता।** डेंगू लगातार लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। स्वास्थ्य विभाग लार्वा निरोधक और फागिंग का काम करा रहा है, इसके बावजूद डेंगू के पाजिटिव केस मिल रहे हैं। शुक्रवार को जिला अस्पताल की पैथालाजी में जांच के दौरान सात नए पाजिटिव केस मिले। इनमें तीन लोगों को डेंगू वार्ड में भर्ती किया गया। उधर, बुखार से पीड़ित करीब 10 लोगों को भी अस्पताल में भर्ती किया गया है। मौसम के बदलते ही बीमारियों ने जोर पकड़ लिया है। उधर लार्वा निरोधक का छिड़काव और फागिंग के बावजूद मच्छर कम नहीं हो रहे। रात को मच्छरों ने लोगों की नींद हराम कर रखी है। शुक्रवार को अस्पताल खुलते ही मरीजो की लंबी लाइन लग गई। पर्चा बनवाने के बाद मरीज चिकित्सकों के चेंबरों में पहुंच गए और अपनी बारी का इंतजार करते रहे। जिला अस्पताल की पैथालाजी में तैनात एसएलटी रामलखन चौरसिया और पवन कुमार ने बताया कि डेंगू की जांच के लिए ब्लड के 45 सेंपल लिए गए थे। जांच के दौरान सात मरीजों की रिपोर्ट पाजिटिव आई है। इनमें शिवशंकर (70) पुत्र शिरोमणि स्वराज कालोनी, खुशी (18) पुत्री परशुराम खैराडा, राखी गुप्ता (28) पत्नी अमन बलखंडीनाका, कोमल (13) पुत्री शिरोमणि सिविल लाइन, मरियम (4) पुत्री दिलदार अहमद मदनपुर चिल्ला, अर्चना (35) पत्नी मखलू निषाद केवटरा, शिवम (27) पुत्र भोला कालूकुआं शामिल हैं।

# हेल्दी बेबी-शो में बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/ रेणुकूट।** हिण्डाल्को के मुखिया एन0 नागेश के मार्गदर्शन में हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा रेणुकूट व आस-पास के ग्रामीण अंचलों में विकास की कई योजनाओं का सफलता से संचालन कर रही है। स्वस्थ्य बच्चे ही देश का भविष्य है इसी ध्येय को ध्यान में रखते हुए हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा रेणुकूट नगरीय बस्ती के धोबिया टंकी मुहल्ले में 'हेल्दी बेबी शो' का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण माताओं को स्वंय एवं बच्चे की साफ-सफाई, उनके स्वास्थय, पोषण व टीकाकरण तथा बच्चों के उचित रखरखाव को लेकर जागरुक करना था। कार्यक्रम में 60 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इन बच्चों को उम्र के हिसाब से तीन श्रेणियो में बांट कर इनका स्वास्थ्य परीक्षण डा0 डी0पी0 सक्सेना एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। हिण्डाल्को ग्रामीण चिकित्सा सेवाओं के डा0 डी0पी0 सक्सेना ने माताओं को बाल स्वास्थ्य सम्बन्धित जानकारी देते हुए कहा कि स्वस्थ बच्चे ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते है। उन्होंने माताओं को जानकारी देते हुए कहा कि समय-समय पर बच्चों के टीकाकरण, साफ-सफाई एवं खान-पान पर ध्यान देना अत्यन्त आवश्यक है जिससे बच्चों का सही मानसिक एवं शारीरिक विकास संभव हो सके। कार्यक्रम में डा0 सक्सेना ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन करते हुए स्वास्थ्य मानकों के आधार पर प्रत्येक श्रेणी में बच्चों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों से सम्मानित किया और सभी प्रतिभागी बच्चों को सान्त्वना पुरस्कार भी प्रदान किया। उन्होंने माताओं को उनके एवं बच्चों के लिए जरुरी पोषण हेतु आहार तालिका की भी विस्तृत जानकारी दी।

# लोकसेवकों के लिए आदर्श हैं छत्रपति शिवाजी : अनिल ओक

- महानाट्य जाणता राजा का 21 नवंबर को वाराणसी में मंचन
- 16 नवंबर को राबर्ट्सगंज में पावन खिंड दौड़

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** लोकसेवकों को किस तरह प्रजावत्सल होकर कार्य करना चाहिए इसे छत्रपति शिवाजी से सीखा जा सकता है, यह कहना था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख अनिल ओक जी का जो सेवा भारती द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे । श्री ओक जी ने कहा कि सोनभद्र के कार्यकर्ताओं ने पावन खिंड की पवित्र मिट्टी लाकर पूरे देश में संदेश दिया है कि बलिदानियों की मिट्टी ही रोरी चंदन और कुमकुम है।

श्री ओक ने भारत की अस्मिता और स्वाभिमान की रक्षा के लिए छत्रपति शिवाजी के कार्यों की विस्तृत व्याख्या की, जाणता राजा को ही दूरदर्शी राजा कहा जाता है। विश्वप्रसिद्ध महानाट्य आयोजन समिति सेवा भारती के सदस्य वरिष्ठ पत्रकार विजय शंकर चतुर्वेदी ने मराठा क्षेत्र के यात्रा वृतांत का वर्णन करते हुए पन्हालगढ़ , विशालगढ़ और पावनखिंड स्थलों का उल्लेख किया जो छत्रपति शिवाजी का मुख्य कार्यक्षेत्र था । उन्होंने कहा कि जिस पवित्र मिट्टी को वे लेकर आए हैं उसे काशी प्रांत के सभी जिलों में भेजा जाएगा । प्रख्यात कथावाचक शांतनु महाराज ने शिवाजी की स्मृतियों के वर्तमान समय में स्मरण की प्रासंगिकता को परिभाषित करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी के आदर्शो पर चल कर भारत विश्व गुरु बनेगा।

भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर शिवाजी के चित्र पर पुष्प अर्पण किया गया। जाणता राजा महानाट्य के सोनभद्र के संयोजक रमेश मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया, कार्यक्रम संचालन भोलानाथ मिश्रा और आभार ज्ञापन कथावाचक दिलीप भारद्वाज ने किया।

इस अवसर पर राज्य सभा सदस्य राम सकल, कार्यक्रम संयोजक रमेश मिश्रा विधायक अनिल मौर्या, सदर विधायक भूपेश चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्त, अजीत चौबे, गोविंद यादव अनूप तिवारी डा अंजली विक्रम सिंह, हिमांशू सिंह कृष्ण मुरारी गुप्ता सन्तोष शुक्ला राम लखन सिंह सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## अनिल ओक को भेंट की गई पवित्र मिट्टी

वरिष्ठ पत्रकार विजय शंकर चतुर्वेदी के आवास पर एक संक्षिप्त कार्यक्रम में पावन खिंड की पवित्र मिट्टी अनिल ओक जी को सौंपी गई। इस अवसर पर सदर विधायक भूपेश चौबे, रमेश मिश्रा, शशिभूषण पांडेय, सनोज तिवारी, राकेश कुमार त्रिपाठी, अरविंद तिवारी सहित कई व्यक्ति उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आयोजित किया पावन खिण्ड दौड़

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** आज रॉबर्ट्सगंज नगर में विवेकानंद पेक्षा गृह से चण्डी होटल स्थित सोन पैलेस तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पावन खिण्ड दौड़ का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य रूप से उपस्थित सदर विधायक भूपेश चौबे द्वारा अभाविप का झंडा दिखा कर किया गया। इस पावन दौड़ में सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया वहीं उपस्थित सोनभद्र विभाग संगठन मंत्री अनिल द्वारा बताया गया किवर्तमान में हम दौड़ के लिए जिस मैराथन शब्द का उपयोग करते हैं। क्या किसी को पता है कि यह मैराथन शब्द कहां से आया? अगर हम इस शब्द के बारे में जानने का प्रयास करेंगे तो समझ में आएगा कि यह विदेशी शब्द है। सवाल यह है कि जब हमारे पास उपयुक्त शब्दों की लम्बी श्रंखला है, तब हम क्यों ऐसे शब्दों का प्रयोग करते हैं, जो नकारात्मकता का बोध कराते हैं वहीं विभाग संयोजक शशांक मिश्रा ने बताया कि यह वह दौड़ है, जिसके जरिये छत्रपति शिवाजी के साथी बाजी प्रभु देशपांडे ने अफजल खान की घेरेबंदी तोड़ी थी करीब 350 वर्ष पूर्व पन्हालगढ़ किले में रुके छत्रपति शिवाजी, उनके साथियों और 800 सैनिकों को औरंगजेब के सेनापति अफजल खान ने 20 हजार सैनिकों संग घेर लिया था। सीधी लड़ाई संभव नहीं थी। रसद खत्म हो रही थी। वहां से बच निकलने का निर्णय लिया। दुश्मन को धोखा देने के लिए दो पालकी तैयार कराई। एक में शिवाजी बैठे और दूसरे में उनका नाई। हालांकि दुश्मन को पता लग गया और उसने चार हजार सैनिकों के साथ शिवाजी का पीछा किया। शिवाजी को 52 किमी दूर विशालगढ़ जाना था। विशालगढ़ से 12 किमी पहले घोड़ खिंड स्थान पर दुश्मन काफी पास आ गया। शिवाजी के साथी बाजी प्रभु देशपांडे 300 सैनिकों के साथ रुके और अन्य सैनिकों को शिवाजी के साथ भेज दिया। बाजी प्रभु ने दुश्मनों को तब तक रोके रखा, जब तक शिवाजी ने तोप दागकर विशालगढ़ पहुंचने का संकेत नहीं दे दिया और इसके बाद सभी सैनिक दुश्मनों संग लड़ते लड़ते शहीद हो गए।वहीं उपस्थित जिला संयोजक मृगांक दुबे ने बताया कि मैराथन शौर्य की याद से जुड़ा है, लेकिन उस देश के, जिसका भारतीयों से कोई मतलब नहीं है। यह एथेंस के सिपाही का शौर्य था, जो अपने देश के लिए 42 किमी तक लगातार दौड़ा था। भारतीयों के लिए ऐसी दौड़ होनी चाहिए, जो उन्हें अपने शौर्य की याद दिलाए।वहीं अनमोल सोनी,सौरभ चतुर्वेदी, ललितेश, सौरभ सिंह पंकज, अनुज,जय विश्वकर्मा, राहुल जालान, अभिषेक आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोल इंडिया कार्यकारी निदेशक ने किया एनसीएल निगाही परियोजना का दौरा

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/सिंगरौली।** शुक्रवार को कोल इण्डिया लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक (सुरक्षा एवं बचाव) नारायण दास ने एनसीएल की निगाही परियोजना का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने महाप्रबंधक कार्यालय, निगाही के सभागार में सुरक्षा एवं बचाव के सम्बंध में समीक्षा बैठक ली। अपने दौरे के दौरान श्री दास के द्वारा निगाही खदान के व्यू पॉइंट एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एनसीएल मुख्यालय के महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) एल पी गोडसे, मुख्य प्रबंधक, कोल इंडिया लिमिटेड (सुरक्षा एवं बचाव) विक्रम दास एवं नोडल अधिकारी (एनसीएल) आर आर सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाप्रबंधक (निगाही) हरीश दुहन अपनी टीम के समस्त विभागाध्यक्ष के साथ निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे।

# जमीन कब्जा रहा ग्राम प्रधान

- पीड़ितों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**बांदा।** ग्रामीणों ने जिसको अपना मुखिया बनाया जब वही ग्रामीणों की जमीन को दबंगई के बल पर कब्जा करने लगे तो ऐसे में ग्रामीण अपने आप को ठगा महसूस ही करेंगे। वहीं योगी सरकार की भू-माफियाओं पर की जा रही कार्यवाही का असर पर ग्राम सबादा में नहीं दिख रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वहां के ग्राम प्रधान ने दबंगई के बल पर उनकी जमीन को कब्जा कर लिया है। अपनी जमीन वापस मांगने पर ग्राम प्रधान व उसके गुर्गो के द्वारा उनको धमकाकर भगा दिया जाता है। पीड़ितों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। डीएम को दिये ज्ञापन में ग्राम सबादा के ग्रामीण अनवर हुसैन, इजजाजुद्दीन आदि ने बताया कि सबादा प्रधान सहिरुद्दीन उर्फ पप्पू के द्वारा उनकी जमीन कब्जा कर ली गई है। शिकायतकर्ता का आरोप है की गटा संख्या 361 रकबा में गांव के ही ग्राम प्रधान ने कब्जा कर रखा है जो कि अपनी दबंगई के दम पर प्रधान के ऊपर भूमाफिया एवं बालू माफिया होने का भी लगाया आरोप शिकायत कर्ताओं ने ग्राम प्रधान के ऊपर लगाय है। यह भी आरोप लगाया की ग्राम पर प्रधान 12 वर्ष से गांव का प्रधान है और एक ही परिवार पर उत्पीड़न अत्याचार कर रहे हैं। पीड़ितों ने डीएम से मामले की जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

# आगामी त्यौहारों के मद्देनजर दंगा व बलवा नियंत्रण का पुलिस नें किया अभ्यास

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा हमीरपुर।** जनपद में आगामी त्योहारों में शांति व्यवस्था व समाज में सुरक्षित/भय मुक्त वातावरण बनाने के लिये दिनांक 13.10.2023 को पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कमल, क्षेत्राधिकारी मौदहा विवेक यादव एवं प्रतिसार निरीक्षक हमीरपुर के नेतृत्व में थाना मौदहा क्षेत्र अंतर्गत रहमानिया कॉलेज ग्राउंड में जनपद के पुलिस कार्यालय, पुलिस लाइन एवं थाना मौदहा के पुलिस बल के साथ दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारी कर्मचारी गण द्वारा विधि विरूद्ध भीड़ को तितर-बितर करने के लिए रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के सम्बन्ध मे जानकारी साझा करते हुए बलवा ड्रिल का आभ्यास किया गया साथ ही दंगाइयों/बलवाइयों पर एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, टीयर स्मोक सेल आदि के प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत कराया गया ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में सिखलाए गए तरीकों से ऐसी परिस्थितियों का अच्छे से सामना किया जा सकें। साथ ही पुलिस बल द्वारा सुरक्षा के दृष्टिगत थाना मौदहा क्षेत्र में पैदल वह गश्त भी की गई।

## शराब के नशे में दबंगों ने एक युवक को मारपीट कर किया घायल

**बबेरू/बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत फुफंदी गांव के रहने वाले युवक सुनील कुमार यादव पुत्र रंजीत यादव यह गुरुवर की रात्रि अपने घर से दुकान सामान खरीदने के लिए गया था। तभी गांव के ही रहने वाली शराबी दबंगों ने शराब के नशे में गाली गलौज कर रहे थे। तभी युवक सुनील कुमार यादव ने गाली गलौज करने से मना किया, तो चारों दबंगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था पर सुनील कुमार यादव ने बबेरू कोतवाली पहुंचकर मारपीट करने वाले रामू, रामकेश ,लवलेश, व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बबेरू कोतवाली में तहरीर दिया है । पुलिस के द्वारा पहले लेते हुए घायल युवक सुनील कुमार यादव को इलाज व मेडिकल हेतु शुक्रवार को बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा है।

# छुट्टा पशु पकड़े जाने पर पांच सौ से दो हजार तक जुर्माना

**अवधनामा ब्यूरो**

- रावटसगंज नगर पालिका प्रशासन ने जारी किया आदेश पत्र
- पहली बार 5 सौ दूसरी बार 1 हजार तीसरी बार दो हजार लगेंगे

**सोनभद्र।** रावटसगंज नगर पालिका जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को पालतू पशु गाय गधा बेल बछड़ा बछिया भैंस बकरी सूअर आदि को नियंत्रण नहीं करते हुए सड़कों पर छोड़ा जाएगा और नगर पालिका प्रशासन द्वारा उसे पकड़ा गया तो 500 से 2000 तक जुर्माना लगाया जाएगा। अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश अनुसार शुक्रवार को नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर में घूमने वाले छोटा पशुओं को लेकर जुर्माना की नियमावली के तहत पत्र जारी कर जानकारी दी गई वही श्री यादव ने बताया कि इसके अलावा जितने दिन तक उनके पशु नगर पालिका प्रशासन के नागरानी में रहेंगे उसका चार्ज वह नीलामी की जाएगी यानी बताया कि सार्वजनिक मार्ग रास्ता तालाब बीता सार्वजनिक स्थल गोवंश अन्य पशु बांधने पर भी जुर्माना लगाया जाएगा 500 पर दिन के हिसाब से जिसको लेकर सूचित किया जा रहा है ना मानने पर अर्थ दंड आरोपित कर वसूल किया जाएगा।

# न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत सीधे कृषकों से की जाएगी खरीद

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत सीधे कृषकों से खाद्य विभाग द्वारा ज्वार की खरीद, दिनांक 01 अक्टूबर, 2023 से दिनांक 31 दिसम्बर, 2023 तक एवं धान की खरीद दिनांक 01 नवम्बर, 2023 से दिनांक 29 फरवरी, 2023 तक की जानी है, जिसके लिए कृषकों द्वारा खाद्य विभाग के पोर्टल www.fcs.up.gov.in पर आनलाइन पंजीकरण कराया जाना है। ज्वार का न्यूनतम समर्थन मूल्य (हाइब्रिड ) रू0 3180 प्रति कुन्तल एवं ज्वार (मालदांडी) रू0 3225 प्रति कुन्तल तथा धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य धान (सामान्य) रू0 2183 ज् प्रति कुन्तल एवं धान (ग्रेड-ए) रू0 2203 प्रति कुन्तल निर्धारित है। आनलाइन पंजीकरण हेतु कृषको द्वारा निम्न कार्यवाही की जानी है-

01:- कृषक द्वारा अपना पंजीयन स्वयं मोबाइल के माध्यम से अथवा जन सुविधा केन्द्र / साइबर कैफे के माध्यम से कराया जा सकेगा। कृषकों का पंजीकरण उनके आधार संख्या तथा पंजीकरण के समय कृषक द्वारा दर्ज मोबाइल नम्बर पर प्रेषित ओ0टी0पी0 के आधार पर किया जाना है, जिसके लिए कृषक बंधु पंजीकरण के समय अपना वर्तमान मोबाइल नम्बरं ही अंकित करायें, जिससे एस0एम0एस0 द्वारा प्रेषित ओ0टी0पी0 को भरकर पंजीकरण प्रक्रिया को पूर्ण कर सके। 02:- कृषक पंजीकरण के समय आधार कार्ड में दिये गये मोबाइल नम्बर व बैंक खाते में दर्ज नम्बर एक होने चाहिये, क्योंकि भुगतान शतप्रतिशत आधार बेस्ड व आधार लिंक बैंक खाते में पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से किया जाना है।

इसलिए आधार व बैंक खाता व मोबाइल नम्बर व कृषक के नाम, उपनाम दोनो की स्पेलिंग व मात्राओं में कोई भिन्नता न हो। 03- ज्वार, धान बिक्री के समय क्रय केन्द्रों पर कृषक के स्वयं उपस्थित न होने की दशा में कृषक द्वारा पंजीकरण वार के नामित सदस्य (माता / पिता पति/पुत्रवधु सगा भाई / सगी बहन) का विवरण एवं आधार नम्बर फीड कराना अनिवार्य होगा। जनपद में ज्वार खरीद हेतु मण्डी स्थल सुमेरपुर, मण्डी स्थल मौदहा, मण्डी स्थल राठ, उपमण्डी सरीला तथा 04:-धान खरीद हेतु मण्डी समिति सुमेरपुर, मण्डी समिति कुरारा एवं मण्डी समिति मुस्करा में क्रय केन्द्र स्थापित / संचालित किये गये हैं।

# अभियान चलाने के बाद भी मेडिकल स्टोरों में नहीं लगे कैमरे

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने राज्य के सभी मेडिल स्टोर्स पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश बहुत पहले दिये थे ऐसा इसलिए किया गया था ताकि नशीले पदार्थो की बिक्री पर नजर रखी जा सके लेकिन जनपद में अभी तक इस पर अमल नही किया गया अधिकांश मेडिकल स्टोर बिना कैमरे के ही चल रहे है। मेडिकल स्टोरों में सीसीटीवी कैमरे लगवानें के विगत माह जिला औषधि अधिकारी नें जगह जगह मेडिकल स्टोर मालिकों के साथ बैठक कर सभी को कैमरे लगहवानें के लिए 3 दिन का समय दिया था लेकिन अभी तक अधिकांश मेडिकल स्टोरों में कैमरे नही लगे हैं जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद भर में जिला औषधि निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने दर्जनों मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण कर तीन दिवस के अंदर सभी मेडिकल स्टोरों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए थे। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मौदहा, सुमेरपुर राठ आदि जगहों के मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बातचीत कर के उन्हे कैमरे लगहवानें के लिए प्रोत्साहित किया गया था लेकिन अभी तक इस पर अमल देखनें को नही मिल रहा है। कुछ ही दिन पूर्व कैमरा लगवाने हेतु अभियान एक चलाया गया गया था जिस के तहत खूब फोटो खिंचवाई गयी थी। औषधि निरीक्षक ने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को 3 दिन के अंदर सीसीटीवी कैमरे अपनी दुकानों में लगवाने के लिए निर्देश दिए तो थे मगर यह निर्देश मात्र औपचारिकता पूरी करने वाले थे।कैमरे लगानें का मकसद नशीली दवाओ की बिक्री की निगरानी करना है जो मेडिकल स्टोर वालों को रास नही आ रहा क्योंकि कि बहुत से मेडिकल आज भी नशीली दवाओं को बेच रहे हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला औद्यानिक समिति की बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** गत दिवस की देर सायं भारत रत्न ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सभागार में जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की जिला औद्यानिक समिति की बैठक आयोजित हुई। जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने बैठक के संबंध में बताया कि जनपद के सम्मानित कृषकों द्वारा अपने-अपने औद्यानिक उत्पादों को जिलाधिकारी को भेंट कर बैठक की शुरूआत की इसके पश्चात आशीष कटियार, जिला उद्यान अधिकारी हमीरपुर द्वारा उद्यान विभाग के पिछले वर्ष के लक्ष्यों व प्रगति तथा वर्तमान वर्ष के लक्ष्यों के बारे में योजनावार समिति को अवगत कराया गया। समिति द्वारा जनपद में संचालित राज्य औद्यानिक मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना व प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विकासखण्डवार भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए सम्भावित फसलों / बागवानी को चिन्हित कर वार्षिक कार्ययोजना बनाकर कार्य करने हेतु जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया तथा मुख्य विकास अधिकारी श्री चन्द्रशेखर शुक्ला द्वारा कृषकों से अपेक्षित सहयोग करने का आग्रह किया। प्रगतिशील कृषक बलराम दादी ने बुन्देलखण्ड एवं विन्ध्य क्षेत्र की विकास योजना के तहत बागवानी कार्यक्रम पुनः शुरू करवान हेतु जिलाधिकारी महोदय से अनुरोध किया। प्रगतिशील कृषक डा0 देव सिंह द्वारा स्ट्राबेरी की खेती लागत के सापेक्ष अनुदान बहुत कम होने की बात बताई। प्रगतिशील कृषक राजकुमार पाण्डेय, अवधेश शुक्ल (एफपीओ निदेशक), कृषक रघुवीर ग्राम पंचायत चिल्ली, मौनपालक रामसहोदर ग्राम धमना राठ, गयाप्रसाद ग्राम बसेला, द्वारा अपने क्षेत्र में सम्भावित फसलों के बारे में समिति को अवगत कराया गया।

# 2019 के पहले अमेठी में सांसद के दर्शन नहीं होते थे: योगी

अवधनामा ब्यूरो



○ मुख्यमंत्री योगी ने 699.79 करोड़ की लागत से 879 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**अमेठी/लखनऊ।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को रामगंज कौहार स्थित सम्राट साइकिल फैक्ट्री के परिसर में सांसद खेल प्रतियोगिता का समापन करने पहुंचे। जहां उन्होंने मंच से प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को उपहार भेंटकर सम्मानित किया। उसके उपरांत सीधा जनसभा को संबोधित करते हुए नाम लिए बगैर गांधी नेहरू परिवार को निशाने पर लिया। कहा कि अमेठी को मैं पिछले 30 वर्षों से जानता हूं। यहां 2019 के पहले सांसद के दर्शन नहीं होते थे। स्मृति ईरानी जब से सांसद हुई है लगभग हर सप्ताह 15 दिन या महीने में अमेठी कोई न कोई सौगात लेकर जरूर आती हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद अमेठी में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता-2023 के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित करने के साथ ही 699.79 करोड़ की लागत से 879 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किए सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि अमेठी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में 111000 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया की बात देश के खिलाड़ियों के प्रति प्रत्येक युवाओं को शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए आवाहन किया था तो पूरे देश में खेल की प्रतियोगिताएं बढी थी विगत तीन-चार वर्षो से हर संसदीय क्षेत्र में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है गांव से लेकर न्याय पंचायत स्तर पर स्कूल से लेकर के कॉलेज स्तर पर और पूरे संसदीय क्षेत्र के एक-एक खिलाड़ी को विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ जोड़ा जा रहा है। पहले चरण में सैकड़ो की संख्या में दूसरे चरण में हजारों की संख्या में और अब अमेठी में 111000 खिलाड़ियों ने खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर प्रधानमंत्री के खेलो इंडिया को बढ़ावा देने के सपने को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

### उत्तर प्रदेश में 500 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र जारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 500 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं जिन्होंने अलग-अलग प्रतियोगिताओं अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल जीते थे और नौकरी के लिए इधर-उधर तलाश रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नौकरी और प्रतिभा की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक गांव में खेलकूद मैदान प्रत्येक विकासखंड में मिनी स्टेडियम और जनपद स्तर पर एक स्टेडियम के निर्माण के साथ ही गांव-गांव में ओपन जिम बनाने के साथ ही खिलाड़ियों को स्पोर्ट किट भी उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अमेठी आज अपने एक नए रूप में पहचान बना रही है। अमेठी में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया जा रहा है जिससे स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर होगी इसके साथ ही लगभग 700 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का आज लोकार्पण व शिलान्यास किया गया है जिसमें शिक्षा स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर आंगनबाड़ी वन स्टाप सेंटर एवं अन्य विभिन्न परियोजनाएं शामिल हैं जिसका लाभ अमेठी वासियों को मिलेगा।

# कैंपस ड्राइव मे 100 युवाओं को मिला जॉब ऑफर

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना एवं हर हाथ को काम के अन्तर्गत शुक्रवार को राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में फोर्स मोटर लि. के कैम्पस ड्राइव का उद्घाटन प्रधानाचार्य इं0 राज कुमार यादव ने किया तथा अभ्यर्थियों को कम्पनियों में मेहनत एवं लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के सफल क्रियांन्वयन हेतु अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से प्रतिमाह अधिक से अधिक कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्य ने यह भी बताया कि भारत सरकार द्वारा आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में इस संस्थान की ड्रोन टेक्नीशियन की छात्रा रागिनी देवी को भारत सरकार से अवार्ड मिलना संस्थान के लिए गौरव की बात है, इसके लिए संस्थान के सभी कर्मचारी धन्यवाद के पात्र है। जिसने संस्थान का ही नही पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। एम. ए. खाँ, ट्रेनिंग काउंसलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट अधिकारी द्वारा बताया गया कि फोर्स मोटर्स लि. मे जॉब लिए 153 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 100 अभ्यर्थियों को 15,000 से 25,000 रुपये प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाओं के साथ जॉब आफर दिये गये।

# अल अमीन मिशन के संस्थापक एम नूरुल इस्लाम को डॉ. कल्बे सादिक़ अवार्ड से नवाजा जायेगा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संस्थापक प्रख्यात शिक्षाविद सर सैय्यद अहमद खान के जन्मदिन 17 अक्टूबर को अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ओल्ड ब्वायज एसोसिएशन लखनऊ अल अमीन मिशन कोलकाता के संस्थापक महासचिव एम. नुरुल इस्लाम को डॉ. कल्बे सादिक शिक्षा पुरस्कार से सम्मानित करेगा। एम. नुरुल इस्लाम को शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी एसोसिएशन के सचिव इं. एस.एम. शोएब ने देते हुए बताया कि सर सैय्यद का जन्मदिन इस वर्ष भी धूमधाम के साथ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मनाया जाएगा। एस.एम. शोएब ने बताया कि 17 अक्टूबर को शाम 6:30 बजे गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होगा। समारोह में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश और एएमयू के पूर्व छात्र जस्टिस शबीहुल हसनैन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जस्टिस हसनैन वर्तमान में पंजाब पीआईटीएसएनडीपीए बोर्ड, चंडीगढ़ के अध्यक्ष के पद पर हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि केरूप में एएमयू के पूर्व संगीत शिक्षक जॉनी फॉस्टर होंगे। डॉ. कल्बे सादिक मेमोरियल एवार्ड के बारे में उन्होंने बताया कि प्रख्यात धार्मिक विद्वान और शिक्षाविद स्वर्गीय डॉ. कल्बे सादिक एएमयू के उन चुनिंदा पूर्व छात्रों में से हैं जिन्होंने न केवल सर सैय्यद के शैक्षिक मिशन को बढ़ावा दिया बल्कि जीवनपर्यंत उसके लिए प्रयासरत रहे। पिछले वर्ष यह पुरस्कार शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट् यूशंस के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अब्दुल कदीर को दिया गया था।

# श्री राम लीला समिति ऐशबाग में रामोत्सव का होगा आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** श्री राम लीला समिति ऐशबाग 15 से 26 अक्टूबर तक श्री राम लीला समिति ऐशबाग के प्रांगण में रामोत्सव का आयोजन करेगी। तुलसी सभागार में श्री राम लीला समिति ऐशबाग के सचिव पं.आदित्य द्विवेदी और अध्यक्ष हरीश चन्द्र अग्रवाल ने बताया कि रामोत्सव 2023 का शुभारम्भ 15 अक्टूबर से होगा। जिसके अंतर्गत गणेश जन्म, आकाशवाणी, राम जन्म, विश्वामित्र का राम को ले जाना, ताड़का वध, मारीच सुबाहु वध, अहिल्या उद्धार लीला होगी। 16 अक्टूबर को फुलवारी लीला, जनक प्रतिज्ञा, धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर, परशुराम लक्ष्मण संवाद, राम जानकी विवाह, विदाई लीला होगी। 18 अक्टूबर को निषादराज राम मिलन, केवट संवाद, सुमंत्र का वापस जाना, दशरथ विलाप, दशरथ स्वर्ग गमन, कैकई भरत संवाद, मंथरा का महल से निष्कासन और कैकई परित्याग लीला होगी। 19 अक्टूबर को कुटिया निर्माण, सीता स्वप्न दर्शन, भरत का वन प्रस्थान, निषादराज भरत संवाद, भरत राम मिलन, भरत का चरण पादुका लेकर वापस जाना, भरत का महल त्याग देना, नंदीग्राम गमन। 20 अक्टूबर को सूपनखा का राम के प्रति कामातुर होना, लक्ष्मण द्वारा नासिका विच्छेदन, सूपनखा का रावण के दरबार जाना, रावण मारीच संवाद, सीता हरण, जटायु वध, सीता खोज और जटायु राम संवाद लीला होगी।

# हत्या पर कैंडल मार्च निकाल कर किया शोक व्यक्त

○ हत्यारों का मकान पर बुलडोजर से जमीदोष कराया जाए

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** कानपुर देहात नृशंक हत्याकांड को लेकर गांधी प्रतिमा हजरतगंज लखनऊ में शोक सम्बेदना कैंडिल मार्च निकाला गया महिला पुरुष नौजवान सभी ने एक ही नारा मृतक परिवार वालों को नया की मांग, एक करोड रुपए सहयोग राशि परिवार में सरकारी नौकरी की मांग, परिवार को न्याय एवं फांसी की आदेश दिया जाए परिवार की सुरक्षा मुहैया कराई जाए हत्यारों का मकान पर बुलडोजर से जमीदोष कराया जाए। अध्यक्ष-विश्वकर्मा महासभा महेंद्र विश्वकर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्वकर्मा महासभा, **संयोजक:-** नमामि गंगे भाजपा महानगर रास्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र विश्वकर्मा और जिला अध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा रविंद्र विश्वकर्मा, श्याम लाल विश्वकर्मा कुंडा ने संयुक्त रूप से कहा कि कानपुर देहात ग्राम निनाया शाहजहांपुर थाना गजनेर मे हत्या जिसका नाम मृतक सत्यनारायण विश्वकर्मा रामवीर विश्वकर्मा की हत्या हो जाने से गरीब परिवार भूखमरी के कगार पर है देख-रेख करने वाला कोई नहीं है चार बेटियां शादी योग्य है आय का कोई स्रोत नहीं गरीब परिवार की मदद के लिए मांगे रखी। ज्ञापन देने वालों मे राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र विश्वकर्मा जिलाध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा, श्याम लाल विश्वकर्मा, प्रतिमा जिला उपाध्यक्ष प्रतिमा शर्मा रविकात विस्वकर्मा, पुष्पा झरी, प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा विश्वकर्मा रामकिशोर उर्फ विवेद विश्वकर्मा रविन्द्र विश्वकर्मा देवेन्द्र राजा पांचाल, जिलाध्यक्ष, मौसी, दीपक विश्वकर्मा, धर्मन्द्र विश्वकर्मा, वनोद विश्वकर्मा आकाश विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# भाषा विश्वविद्यालय में अमृत कलश यात्रा का आयोजन




**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में दिनांक 13 अक्टूबर 2023 को कुलपति प्रो. एन.बी. सिंह के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। इस यात्रा का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ नलिनी मिश्रा के निर्देशन में किया गया। यात्रा में विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागिता की। कुलपति महोदय ने सभी को सुसंस्कार एवं व्यक्तित्व निर्माण तथा देश को विकास के पथ पर अग्रसर करने हेतु पांच प्राण शपथ दिलाई। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति महोदय ने उद्बोधन में बताया कि सदाचार, सद्व्यवहार एवं राष्ट्रीय एकात्मता की आत्मा है। सभी विद्यार्थियों को हमारे स्वतंत्रा संग्राम के वीरों से यह सीखना चाहिए एवं अपने जीवन में उस अनुशासन को अपनाना भी चाहिए।

# विद्यालयों में शिक्षक-छात्र अनुपात को मानक अनुरूप संतुलित करें: सीएम

○ आकांक्षात्मक जनपदों में संचालित सभी शिक्षण संस्थानों में प्राथमिकता के साथ पर्याप्त शिक्षकों की तैनाती की जाये

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में निर्माणाधीन विद्यालयों/ महाविद्यालयों, आईटीआई तथा पॉलिटेक्निक संस्थानों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और विद्यालयों में शिक्षक-छात्र अनुपात को मानक अनुरूप संतुलित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बेसिक, माध्यमिक, उच्च तथा व्यावसायिक शिक्षा के विद्यालयों को साधन-सुविधा सम्पन्न बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने पर बल देते हुए कहा कि आकांक्षात्मक जनपदों में संचालित सभी बेसिक, माध्यमिक, उच्च, प्राविधिक तथा व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों में प्राथमिकता के साथ पर्याप्त शिक्षकों की तैनाती की जाए। कहीं भी शिक्षकों व अन्य मानव संसाधन का अभाव न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षकों की तैनाती में मेरिट का ध्यान रखें। जिन जनपदों में जिला विद्यालय निरीक्षक का पद रिक्त है, वहां इनकी तत्काल तैनाती की जाए। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में शिक्षक-छात्र अनुपात को मानक अनुरूप संतुलित बनाएं। जहां शिक्षकों की संख्या अधिक हो उन्हें अन्यत्र समायोजित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कक्षा 06 से 08 तक संचालित 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के उच्चीकरण का कार्य यथाशीघ्र पूरा करा लिया जाए। सत्र 2023-24 में 136 विद्यालयों का उच्चीकरण किया गया है, जबकि 512 नवनिर्माणाधीन विद्यालयों का उच्चीकरण जारी है। अवशेष कार्य समयबद्ध रूप से पूरा कराएं। आगामी दिसंबर तक यहां शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाए। कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के उच्चीकरण के इस प्रयास से लगभग सवा लाख बालिकाओं को लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल आवासीय विद्यालयों से आच्छादित जनपदों के अतिरिक्त शेष 57 जनपदों में एक-एक 'मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय' की स्थापना की तैयारी प्रारम्भ करें। 'मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय' का परिसर 5-10 एकड़ का हो। इसके लिए सम्बन्धित जनपदों में भूमि का चिन्हांकन यथाशीघ्र पूरा कर लें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बेसिक शिक्षा में व्यापक सुधार के उद्देश्य से 'पी0एम0 श्री' (प्रधानमंत्री स्कूल्स फ़ॉर राइजिंग इण्डिया) योजना की घोषणा की गई है।

# कांग्रेस ने युवाओं पर हुए लाठीचार्ज को बताया शर्मनाक

○ युवाओं को रोजगार देने को लेकर भाजपा की योगी सरकार गंभीर नहीं

○ सरकार पूरी तरह तानाशाही रवैये पर उतारू: मनीष हिंदवी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस ने युवाओं पर हुए लाठीचार्ज को निहायत शर्मनाक बताते हुए कहा कि वर्ष 2018 से 69000 शिक्षक भर्ती प्रकरण में 67 दिनों से शिक्षक आंदोलनरत हैं। बावजूद इसके सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद भी उसका अनुपालन न करना बताता है कि सरकार पूरी तरह तानाशाही रवैये पर उतारू है। पार्टी प्रवक्ता मनीष हिंदवी ने कहा कि युवाओं के हितों की बात करने वाली भाजपा सरकार पिछले 6 सालों से इस प्रकरण का हल नहीं निकाल सकी। इससे साबित होता है कि युवाओं को रोजगार देने को लेकर भाजपा की योगी सरकार गंभीर नहीं है। स्थिति इतनी भयावह है कि युवा जब अपना हक मांगने सड़कों पर उतरते हैं तो सरकार निरंकुशता की सारें हदें पार कर देती है। उन पर लाठियां बरसाई जाती हैं और रोड पर घसीटा गया। महिलाओं से अभद्रता की गयी, जिसमें कई युवा बेहोश हो गये। उन्होंनेक हा कि कुछ समय पहले सरकार के बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे विभाग में रिक्त पद ही नहीं हैं। इस बयान से सरकार की कथनी और करनी में फर्क जाहिर होता है।

### जेल भेजने को योगी सरकार की दलित विरोधी मानसिकता का उदाहरण

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने वरिष्ठ दलित चिंतक एस.आर. दारापुरी व अन्य दलित कार्यकर्ताओं पर भूमिहीन दलितों को जमीन देने की मांग के साथ गोरखपुर में कार्यक्रम करने जेल भेजने को योगी सरकार की दलित विरोधी मानसिकता का उदाहरण बताया है। उन्होंने तत्काल मुकदमा वापस लेते हुए मुख्यमंत्री से दलित समाज से माफी मांगने की मांग की। श्री आलम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान के बजाए प्राचीन काल की वर्ग व्यवस्था के अनुरूप समाज बनाना चाहती है, जिसमें शूद्रों और अवर्णों को जमीन रखने का अधिकार नहीं होता था। इसीलिए सरकार भूमिहीन दलितों को जमीन की मांग करने वालों को जेल भेज रही है। उन्होंने कहा कि इससे पहले मई में योगी सरकार ने कांग्रेस सरकार के वर्ष 1951 में लाए जमींदारी उन्मूलन और भूमि सुधार कानून के दायरे से शहरी दलितों को बाहर कर दिया था।

# शिल्प समागम मेले में दो दिन बाक़ी, अबतक लगभग एक करोड़ की सेल

○ लाभार्थियों को इस वीकेंड पर बंपर बिक्री की उम्मीद

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** नवरात्रि के आगमन के साथ ही फेस्टिव सीज़न भी शुरु हो चुका है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लगे शिल्प समागम मेले में देश के 18 राज्यों से आये लाभार्थियों को लखनऊवासियों से ज़बरदस्त रिस्पांस मिल रहा है। मेले में लगे लगभग 100 स्टॉल्स से अबतक लगभग एक करोड़ की बिक्री हो चुकी है जबकि मेले में दो अभी बाक़ी है। ऐसे में लाभार्थियों को इस वीकेंड पर बंपर बिक्री होने की उम्मीद है। पीएम मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' पर आधरित इस मेले का उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के साथ विपणन के लिए बड़ा मंच प्रदान करना है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अनुसूचित जाति विकास निगम, पिछड़ा वर्ग विकास निगम और राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी विकास निगम अपने लाभार्थी को कम ब्याज की दर पर ऋण उपलब्ध कराने के साथ इस प्रकार के मेले के माध्यम से बड़ा बाज़ार प्रदान करता है। मेले में स्वादिष्ट पकवान के साथ प्रतिदिन आयोजित हो रहे रंगारंग कार्यक्रम मनोरंजन का केंद्र हैं।

# मज़लूम फिलीस्तीनियों के लिए की गयी दुआ

○ केन्द्र सरकार से युद्ध विराम में अपनी अहम भूमिका निभाने की मांग

○ हमारा देश हमेशा मजलूमों के साथ रहा: मौलाना कल्बे जव्वाद

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** फिलीस्तीन में इस्राईली बर्बरता और आतंकवाद के विरोध और मजलूमों के समर्थन के लिए जुमे की नमाज के बाद शहर की मस्जिदों में यौमे दुआ आयोजित की गयी। आसिफी मस्जिद, ऐशबाग ईदगाह में जलसे आयोजित कर मजलूम फिलीस्तीनियों के लिए दुआ की गयी। आसिफी मस्जिद में आयोजित जलसे में मजलिस-उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने जुमे की नमाज के बाद नमाजियों को सम्बाधित करते हुए केन्द्र सरकार से युद्ध विराम में अपनी अहम भूमिका निभाने की मांग की। मौलाना ने कहा कि हमारा देश हमेशा मजलूमों के साथ रहा। गांधी जी के बाद सभी नेताओं ने हमेशा फिलीस्तीन का समर्थन किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने भी कहा था कि जब तक फिलीस्तीनियों को उनकी जमीन वापस नहीं मिल जाती यह मसला हल नहीं हो सकता। मौलाना ने केन्द्र सरकार से बातचीत के जरिए समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करने की मांग की।

# शोभन चौधुरी ने ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना का किया दौरा

अवधनामा ब्यूरो



○ ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना की प्रगति की समीक्षा की

○ भारतीय रेल कश्मीर घाटी को शेष रेल नेटवर्क से जोड़ने के और करीब पहुँच रही है

○ परियोजना के शेष कार्य में तेजी लाने पर बल

**नई दिल्ली/लखनऊ।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने दिनांक 12.10.2023 को जम्मू एवं कश्मीर में ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना का दौरा कर गहन निरीक्षण किया और वहां चल रहे अन्य कार्यों का भी जायजा लिया। इस अवसर पर उनके साथ यूएसबीआरएल के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी संदीप गुप्ता, पीईडी/गतिशक्ति/रेलवे बोर्ड, अनिल कुमार खंडेलवाल, कोंकण रेल निगम लिमिटेड के मुख्य प्रबंध निदेशक संजय गुप्ता, आर के हेगड़े/ निदेशक, कोंकण रेल निगम लिमिटेड उत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक मनोज अखौरी तथा यूएसबीआरएल परियोजना व फिरोजपुर मण्डल के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। चौधुरी ने अपना निरीक्षण कटरा से शुरू किया, उसके बाद वे मोटर ट्रॉली से सुरंग टी-1 तक गये। तत्पश्चात, उन्होंने यूएसबीआरएल अधिकारियों के साथ टी-1 कार्यस्थल का निरीक्षण किया उन्होंने बेहद चुनौतीपूर्ण भौगोलिक स्थितियों वाली इस परियोजना में काम कर रहे दल के कार्यों की सराहना की और उन्हें सभी संरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने का परामर्श दिया। उन्होंने 5.2 किलोमीटर लंबी टी-2 सुरंग में रेलपथ, ईएण्डएम और सिगनल एवं दूरसंचार कार्यों का भी निरीक्षण किया और इन कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।इसके बाद, उन्होंने अंजी केबल आधारित पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने किये जा रहे शानदार कार्य की सराहना की। उन्हें बताया गया कि फाइन-ट्यूनिंग कार्यों की समापित के बाद नवंबर, 2023 तक पुल पर ट्रैक लिंकिंग का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। श्री चौधुरी ने बक्कल छोर और कौड़ी छोर से मोटर ट्रॉली द्वारा चिनाब पुल का भी निरीक्षण किया। महाप्रबंधक द्वारा डुग्गा यार्ड में चल रहे गिट्टी रहित रेलपथ लिंकिंग के कार्य का भी निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक ने उत्तर रेलवे, कोकण रेल निगम लिमिटेड और इरकॉन के अधिकारियों के साथ चिनाब पुल पर यूएसबीआरएल परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी शेष कार्यों की कड़ी निगरानी करने के लिए परियोजना प्राधिकारियों को निर्देश दिये ताकि इसमें कोई कमी न रह जाये। महाप्रबंधक द्वारा यूएसबीआरएल परियोजना के सुरक्षा ढांचे और समग्र आपदा प्रबंधन योजना की प्रगति का निरीक्षण भी किया गया। सभी प्रकार की भौगोलिक एवं मौसम संबंधी चुनौतियों के बावजूद परियोजना के शेष भाग का कार्य तेजी से चल रहा है। भारतीय रेल हर दिन कश्मीर घाटी को शेष रेल नेटवर्क से जोड़ने के और करीब पहुंच रही है।

### लखनऊ और गोला गोकरननाथ रेलखण्ड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार ने शुक्रवार को मण्डल के शाखाधिकारियों के साथ लखनऊ और गोला गोकरननाथ रेलखण्ड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें उस रेल खण्ड के मध्य ट्रैक बैलास्ट, ओवरहेड ट्रैक्शन, एलाइनमेंट, कॉशन आर्डर एवं ट्रैक फिटिंग, स्टेशन भवन, पॉइंट एवं क्रॉसिंग, सिग्नल, कर्व तथा पुलों के अतिरिक्त गोला गोकरननाथ, फरधान एवं लखीमपुर स्टेशनों का संरक्षा निरीक्षण किया तथा स्टेशन पर ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर एवं प्वाइंट मैन से ट्रेन संचलन से सम्बंधी परिचालनिक संरक्षा ज्ञान को परखा। निरीक्षण के प्रारम्भ में मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार ने गोला गोकरननाथ स्टेशन पर सरकुलेटिंग एरिया, स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, पैनल रूम, रिले रूम, यात्री प्रतीक्षालय को देखा तथा अमृत भारत योजना के अन्तर्गत होने वाले पुर्नविकास कार्यों की समीक्षा की। फरधान स्टेशन पहुंचने पर स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, सरकुलेटिंग एरिया व यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। मण्डल रेल प्रबंधक ने लखीमपुर स्टेशन पहुंचने पर सरकुलेटिंग एरिया व सफाई व्यवस्था देखी।